

स्वच्छ इस्पात की ओर

35वाँ वार्षिक प्रतिवेदन

2016-17

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

सी आई एनः U27109AP1982GOI003404

विशाखपट्टणम इस्पात संयंत्र

विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश

चौधरी बीरेंदर सिंह
माननीय इस्पात मंत्री, भारत सरकार

श्री विष्णु देव साय
माननीय इस्पात राज्य मंत्री, भारत सरकार

डॉ अरुणा शर्मा
सचिव, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार

राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

निदेशक मंडल

श्री पो मधुसूदन
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

श्री सरस्वती प्रसाद, आई ए एस
अपर सचिव व वित्तीय सलाहकार,
इस्पात मंत्रालय और निदेशक

श्रीमती उर्विला खाती
संयुक्त सचिव (इस्पात),
इस्पात मंत्रालय और निदेशक

श्री पी सी महापात्रा
निदेशक (परियोजना)

श्री पी रायचौधरी
निदेशक (वाणिज्य)

श्री किशोर चंद्र दास
निदेशक (कार्मिक)

श्री वी वी वेणुगोपाल राव
निदेशक (वित्त)

श्री एस के श्रीवास्तव
आई ए एस (सेवानिवृत्त)
स्वतंत्र निदेशक

श्री एस के मिश्रा
आई आर एस (सेवानिवृत्त)
स्वतंत्र निदेशक

श्री के एम पद्मनाभन,
एफ सी ए
स्वतंत्र निदेशक

श्री सुनील गुप्ता
एफ सी ए
स्वतंत्र निदेशक

श्री अश्विनी मेहरा
स्वतंत्र निदेशक

श्री दीपक आचार्य
कंपनी सचिव

निदेशक मंडल (25-09-2017 तक)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

श्री पो मधुसूदन

कार्यकारी निदेशक

निदेशक (परियोजना)
श्री पी सी महापात्रा

निदेशक (वाणिज्य)
श्री पी रायचौधरी

निदेशक (कार्मिक)
श्री के सी दास
(01.01.2017 से)

निदेशक (वित्त)
श्री वी वी वेणुगोपाल राव
(06.07.2017 से)

सरकारी निदेशक

श्री सरस्वती प्रसाद
अपर सचिव व वित्तीय सलाहकार, इस्पात मंत्रालय
(08.02.2017 से)

श्रीमती उर्विला खाती
संयुक्त सचिव (इस्पात), इस्पात मंत्रालय

स्वतंत्र निदेशक

श्री एस के श्रीवास्तव
श्री के एम पद्मनाभन
श्री सुनील गुप्ता
श्री एस के मिश्रा
श्री अश्वनी मेहरा
(06.09.2017 से)

कंपनी सचिव व अनुपालन अधिकारी

श्री दीपक आचार्य

सांविधिक लेखापरीक्षक

मेसर्स राव एंड कुमार
सनदी लेखाकार, विशाखपट्टणम

लागत लेखापरीक्षक

मेसर्स एस के जी एंड कंपनी
लागत लेखाकार, नई दिल्ली

सचिवीय लेखापरीक्षक

मेसर्स अग्रवाल एस एंड एसोसिएट्स
पेशेवर कंपनी सचिव, नई दिल्ली

रजिस्ट्रार और शेयर स्थानांतरण अभिकर्ता

कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड
प्लॉट नं.17-24, विट्ठल राव नगर, माधापुर
हैदराबाद - 500 081, तेलंगाना राज्य, भारत

सहायक कंपनियाँ

ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (ई आई एल)
दि ओदीशा खदान विकास कंपनी लिमिटेड (ओ एम डी सी)
विस्रा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड (वी एस एल सी)

संयुक्त उद्यम कंपनियाँ

रिनमॉयल फेर्रो एलॉय प्राइवेट लिमिटेड
इंटरनेशनल कोयला उद्यम प्राइवेट लिमिटेड
आर आई एन एल पॉवरग्रिड टी एल टी प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय

प्रशासनिक भवन,
राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आर आई एन एल),
विशाखपट्टणम इस्पात संयंत्र (वी एस पी), विशाखपट्टणम 530 031
टेली: (0891) 251 8015/251 8249; फैक्स:(0891)251 8249
ई-मेल: csrinl@vizagsteel.com, वेबसाइट: www.vizagsteel.com

बैंकर्स

भारतीय स्टेट बैंक
बडौदा बैंक
केनरा बैंक
इलाहाबाद बैंक
आई डी बी आई बैंक
यूको बैंक
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
एक्सिस बैंक
इंडसइंड बैंक
एच डी एफ सी बैंक
डच बैंक
बैंक ऑफ टोक्यो-मितसुबिशी (यू एफ जे)
आई सी आई सी आई बैंक
आंध्रा बैंक
विजया बैंक
कोटक महींद्रा बैंक
युनाइटेड ओवरसीस बैंक
एस बैंक
एक्जिम बैंक

विषय सूची

अध्यक्ष महोदय का संबोधन	1
प्रारंभ से वित्तीय परिणामों की झांकी	3
वित्तीय विशेषताएँ (वित्त वर्ष 2016-17)	7
निदेशकों का प्रतिवेदन	8
प्रबंधन विचार-विमर्श व विश्लेषण प्रतिवेदन (अनुलग्नक-1)	24
निगमित अभिशासन प्रतिवेदन (अनुलग्नक-2)	30
सी ई ओ व सी एफ ओ प्रमाण पत्र (अनुलग्नक-3)	41
निगमित अभिशासन प्रमाण पत्र (अनुलग्नक-4)	42
निगमित सामाजिक दायित्व पर वार्षिक प्रतिवेदन (अनुलग्नक-5)	43
वार्षिक रिटर्न का सारांश (एम जी टी-9) (अनुलग्नक-6)	48
ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन, अनुसंधान व विकास विदेशी मुद्रा अर्जन व व्यय (अनुलग्नक-7)	57
सचिवीय लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (अनुलग्नक-8)	61
लेखापरीक्षित लेखा विवरण	
स्टैंडएलोन वित्तीय विवरण	
लेखापरीक्षकों का प्रतिवेदन (अनुलग्नक-9)	64
नियंत्रक व महालेखापरीक्षक का 'शून्य' टिप्पणी प्रतिवेदन (अनुलग्नक-10)	71
तुलन पत्र	75
लाभ व हानि का विवरण	76
ईक्विटी में परिवर्तन का विवरण	77
नकद प्रवाह विवरण	78
स्टैंडएलोन वित्तीय विवरण संबंधी नोट्स	79
समेकित वित्तीय विवरण (सी एफ एस)	
सहायक व संयुक्त उद्यम संबंधी नोट्स	122
सहायक व संयुक्त उद्यम कंपनी के वित्तीय विवरण (प्रपत्र ए.ओ.सी.-1)	124
लेखापरीक्षकों का प्रतिवेदन (अनुलग्नक-11)	125
नियंत्रक व महालेखापरीक्षक का 'शून्य' टिप्पणी प्रतिवेदन (अनुलग्नक-12)	138
समेकित तुलन पत्र	140
लाभ व हानि का समेकित विवरण	141
ईक्विटी में परिवर्तन का विवरण	142
समेकित नकद प्रवाह विवरण	143
समेकित वित्तीय विवरण संबंधी नोट्स	144
सूचना	197

अध्यक्ष महोदय का संबोधन

प्रिय अंशधारकों

मैं आपकी कंपनी की 35वीं वार्षिक आम बैठक में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड/विशाखपट्टणम इस्पात संयंत्र एवं मंडल की ओर से हर्ष के साथ आपका स्वागत करता हूँ। मैं आप सभी को इस बैठक में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद देता हूँ और आपसे प्राप्त हो रहे निरंतर सहयोग व साथ देने के लिए आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। अपने विचारों और आपकी कंपनी द्वारा हासिल उपलब्धियों को आपके समक्ष रखना वास्तव में एक सम्मान और सौभाग्य है। निदेशकों के प्रतिवेदन, वर्ष 2016-17 के लेखापरीक्षित खाते के विवरण और शेयर होल्डरों को दी गई सूचनाएँ प्रचालित की जा चुकी हैं। आपकी अनुमति से मैं इन्हें पढ़ा हुआ मान लेता हूँ।

बाहरी परिदृश्य

विश्व इस्पात संघ (डब्ल्यू एस ए) के अनुसार, वर्ष 2016 के दौरान विश्व में आभासी इस्पात की खपत, वर्ष 2015 में 3% की गिरावट के बाद 1% तक बढ़ी है। भारत में, पिछले वर्ष इस्पात की खपत में 5.9% की वृद्धि की जगह इस वर्ष 2.6% की आंशिक वृद्धि हुई। दूसरी ओर, बिक्री हेतु मुख्य उत्पादकों के उत्पादन में 28.4% और कुल मिलाकर 10.7% की वृद्धि हुई, जिसके परिणाम स्वरूप कीमतों पर नितंतर दबाव बना रहा।

हालाँकि, भारत सरकार के विभिन्न हस्तक्षेपों के कारण पिछले वर्ष के स्तर से कीमतों में आंशिक सुधार हुआ, लेकिन लंबे उत्पादों जिसका कंपनी में उत्पादन होता है, उसमें सुधार कम हुआ।

आपकी कंपनी का निष्पादन

वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने तीन में से एक धमनभट्ठी के भारी मरम्मत में रहने के बावजूद तप्तधातु, कच्चे इस्पात बिक्रीयोग्य इस्पात और परिसज्जित इस्पात जैसे उत्पादन के सभी प्रमुख क्षेत्रों में क्रमश: 11%, 9%, 10%, एवं 17% वृद्धि दर्ज की है। मूल्यवर्धित इस्पात का उत्पादन 18% बढ़ा और धमनभट्ठी-3, इस्पात गलन शाला-2 एवं वायर रॉड मिल-2 की नई इकाइयों से उत्पादन में क्रमश: 34%, 31% एवं 43% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई।

आपकी कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मात्रात्मक रूप से 4% की वृद्धि दर्ज करते हुए कुल 12,706 करोड़ रुपयों (रु. 388.99 करोड़ ट्रायल रन के उत्पादों को शामिल करते हुए) का बिक्री कारोबार किया है। कंपनी की निवल बिक्री आमद (एन एस आर) 5%तक सीमित रही।

आगे, आयातित कोकिंग कोयले की कीमतों में 200% से अधिक की वृद्धि हुई, जो कीमतें जून' 16 में यू एस डालर 90/टन के आसपास थीं वे ही नवंबर' 16 में बढ़कर यू एस डालर 300/टन हो गईं। हालाँकि मात्रा में बढ़ोत्तरी एवं लागत में कटौती करके सकल मार्जिन की हानि को पिछले वर्ष के 659.46 करोड़ रुपए से घटाकर 263.89 करोड़ रुपए तक लाया जा सका। आपकी कंपनी को पिछले वर्ष 1603.72 करोड़ रुपए की तुलना में इस वर्ष 1263.16 करोड़ रुपए की निवल हानि हुई है।

स्थायित्व के प्रयास

इस्पात उद्योग में भारी गिरावट के कारण उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने हेतु कंपनी में लागत नियंत्रण के आंतरिक घटकों को तलाशने का प्रयास हुए और लागत को तर्कसंगत बनाने के लिए कच्चेमाल, हरित ऊर्जा उत्पादन एवं प्रचालन दक्षता में सुधार आदि के क्षेत्रों में लागत नियंत्रण के अतिरिक्त उपाय किए गए।

निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर)

आपके कंपनी की निगमित सामाजिक दायित्व की गतिविधियाँ, निगमित सामाजिक दायित्व के लिए सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा लागू किए गए दिशानिर्देशों जैसे कंपनी अधिनियम, 2013 और कंपनी (निगमित सामाजिक दायित्व) नियम, 2014 के सिद्धांतों को पूरा करती है। राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व की गतिविधियाँ टाउनशिप, पुनर्वास कॉलोनियों, खदानों के आसपास और देश के दूर-दराज क्षेत्रों के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य व चिकित्सा सुविधाएँ मुहैया कराने, ग्रामीण विकास, पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, जीवनयापन के उपायों, ग्रामीण क्षेत्रों के आसपास मूलसंरचनाओं का विकास करने तथा पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में चलाई जाती हैं।

निदेशकों के प्रतिवेदन में निगमित सामाजिक दायित्व की गतिविधियों से संबंधित अंश को अलग से प्रस्तुत किया गया है।

निगमित अभिशासन

निगमित अभिशासन के संदर्भ में आपकी कंपनी के सिद्धांत में उत्तरदायित्व, पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा, प्रकटीकरण व रिपोर्टिंग करने की विधि, निबंधनों, दिशानिर्देशों आदि को सुनिश्चित करना और पूरे संगठन में नैतिकतापूर्ण आचरण को बढ़ावा देना है। सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुरूप निगमित अभिशासन संबंधी प्रतिवेदन निगमित अभिशासन के अनुपालन प्रमाणपत्र एवं सचिवीय लेखापरीक्षा प्रतिवेदन अलग से निदेशकों के प्रतिवेदन के अंश हैं।

पर्यावरण प्रबंधन

कंपनी के सभी 47 विभागों में पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (ई एम एस) आई

एस ओ 14001 लागू किया गया है और भारी मात्रा में पौधरोपण किया गया है तथा अभी तक 2720 हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगभग 51.26 लाख पौधे लगाए गए हैं।

संयंत्र के निर्माण तथा विस्तारण एवं आधुनिकीकरण के समय में भी व्यापक रूप से पर्यावरण सुविधाओं की योजना बनाई गई और उनका कार्यान्वयन किया गया। धूलकणों के उत्सर्जन को रोकने एवं व्यर्थ जल एवं बहिस्राव के उपचार हेतु संयंत्र में व्यापक रूप से प्रदूषण नियंत्रण के उपस्कर लगाए गए हैं और आधुनिकीकरण के दौरान उनमें और भी सुधार किया गया है। विस्तारण में, वायु प्रदूषण, जल प्रणाली, ऊर्जा दक्षता एवं व्यर्थ प्रबंधन में सुधार हेतु अनेक नई सुविधाओं को जोड़ा गया है। पर्यावरण प्रबंधन के संदर्भ में निदेशकों के प्रतिवेदन में अलग से अंश दिया गया है।

आगे, आपकी कंपनी ने दिनाँक 20.12.2016 को 5 मेगावट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का प्रवर्तन किया है। सौर ऊर्जा संयंत्र से आपकी कंपनी को वैकल्पिक ऊर्जा का स्रोत मिलेगा साथ ही इससे हमारे हरित पहल और स्वच्छ ऊर्जा हेतु प्रतिबद्धता को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

वर्ष 2016-17 हेतु लाभांश

कंपनी की वर्तमान वित्तीय स्थिति को देखते हुए, कंपनी इस वित्त वर्ष में कोई लाभांश घोषित करने की स्थिति में नहीं है।

राजकोष में अंशदान

कंपनी ने विभिन्न सरकारी अभिकरणों के मार्फत कर और शुल्क के रूप में पिछले वर्ष 1954 करोड़ रुपयों की जगह इस वर्ष 1501.43 करोड़ रुपए राष्ट्रीय राजकोष में अंशदान किया है।

भावी परिदृश्य

विश्व इस्पात संघ के, अप्रैल 2017 के अल्पकालिक आकलन (एस आर ओ) के मुताबिक वर्ष 2017 व 2018 के दौरान चीन को छोड़कर विकसित तथा उभरती व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में विकास की गति बरकरार रहेगी। अनुमान है कि चीन जो वैश्विक इस्पात की मांग में 45% का भागीदार है, वह विकास के मामले में और भी पिछड़ेगा। इससे इस्पात की वैश्विक विकास दर क्रमश: 2017 और 2018 में 1.3% एवं 0.9% तक सीमित हो जाएगी। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक बना रहेगा और इस्पात उत्पादन के क्षेत्र में प्रमुख अर्थव्यवस्था वाला एकमात्र ऐसा देश होगा जो स्थाई विकास दर्ज करेगा।

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 को अनुमोदित कर दिया है, जिसमें घरेलू खपत और उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादन को बढ़ाने तथा इस क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर बल दिया गया है। इस नीति का उद्देश्य वर्ष 2030 तक 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन क्षमता हासिल करने तथा वर्ष 2030 प्रति व्यक्ति इस्पात खपत के वर्तमान लगभग 62 किलोग्राम स्तर को बढ़ाकर 160 किलोग्राम प्रतिव्यक्ति तक करना है।

भारत के अपने मजबूत सुधार कार्यक्रमों, स्थिर सरकार तथा वर्ष 2017-18 के केंद्रीय बजट में मूलसंरचनाओं पर दिए गए जोर से वर्ष 2017-18 के बाद वाले महीनों तथा 2018-19 के दौरान मांग में सुधार होने की उम्मीद जगी है, जो एक शुभ संकेत है और आगे इससे इस्पात क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास परिलक्षित होगा।

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड ने विकास की संभावनाओं के मद्देनजर अपनी नई इकाईयों से उत्पादित मात्रा से लाभ उठाना आरंभ कर दिया है। कंपनी अपने प्रचालन दक्षताओं जैसे श्रम उत्पादकता, कोक दर, पी सी आई दर, विनिर्दिष्ट ऊर्जा खपत पर निरंतर ध्यान केंद्रित की हुई है और विस्तारण इकाइयों से उत्पादन की मात्रा बढ़ने एवं आधुनिकीकृत इकाइयों के स्थिरीकरण से इसमें और इजाफा होने की आशा है। उच्च गुणवत्ता वाले मूल्यवर्धित इस्पात के साथ-साथ इन प्रचालन दक्षताओं से समग्र रूप से कंपनी के निष्पादन में महत्वपूर्ण सुधार आएंगे। इन गतिविधियों के साथ-साथ अन्य अनुसरित कार्यनीतिगत गतिविधियाँ आगे आने वाले वर्षों में कंपनी को बेहतर स्थिति में पहुँचाएंगी।

आभार

अंतत:, निदेशक मंडल की ओर से मैं स्वीकार करता हूँ कि इस वर्ष की उपलब्धियाँ कंपनी के मानव संसाधन के अनवरत और समर्पित प्रयासों के परिणामस्वरूप संभव हो पाई हैं। मैं, सभी अंशधारकों विशेष रूप से भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों, आंध्र प्रदेश सरकार, आपूर्तिकारों (घरेलू व विदेशी), ग्राहकों, अनुषंगी इकाईयों, बैंकरों, जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन और अन्य सभी अभिकरणों द्वारा कंपनी के प्रति विश्वास व भरोसा रखने तथा इसे सतत विकास करने एवं विभिन्न कीर्तिमानों को हासिल करने के लिए अवसर प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त करता हूँ और भविष्य में भी सतत सहयोग की आशा रखता हूँ।

धन्यवाद,

जयहिंद,

(पो मधुसूदन)

अध्यक्ष

दिनांक: 27 सितंबर, 2017

विशाखपट्टणम

स्थापना के समय से अब तक वित्तीय परिणामों की झाँकी

₹ करोड़ संख्या

वर्ष	कारोबार	अन्य राजस्व	सकल आय	कच्चे माल की खपत	भंडार में (वृद्धि)/कमी	कर्मचारी लाभ	मूल्यह्रास व परिशोधन	ब्याज व संपत्ति कर	भंडार, आर व एम, विद्युत व अन्य व्यय	कर पूर्व लाभ/(हानि)	कर पश्चात लाभ/(हानि)	पूँजी	आरक्षित निधि व अधिशेष	ऋण/केता साख	अचल परिसंपत्तियाँ सकल ब्लॉक	कुल मूल्यह्रास	अचल परिसंपत्तियाँ निवल ब्लॉक	31 मार्च तक कर्मचारी
90-91	243	36	279	175	(27)	29	197	192	191	(480)	(480)	3506	(480)	3924	3720	248	3472	14433
91-92	772	22	794	402	(70)	54	449	437	509	(988)	(988)	3506	(1468)	5476	5031	704	4327	16656
92-93	1185	148	1333	680	(152)	77	340	198	758	(567)	(567)	3706	(2035)	3495	6157	1026	5131	17454
93-94	1751	156	1907	875	160	103	340	347	655	(573)	(573)	6494	(2608)	3474	7326	1365	5961	17483
94-95	2209	50	2259	1059	(200)	128	415	366	855	(364)	(364)	6494	(2972)	3735	8289	1747	6542	17369
95-96	3040	116	3156	1311	(50)	155	430	407	1107	(202)	(202)	6494	(3174)	3831	8392	2177	6215	17642
96-97	3135	78	3213	1385	(115)	174	422	430	1163	(247)	(247)	6494	(3421)	3735	8548	2819	5729	17478
97-98	3071	97	3168	1405	(118)	210	439	198	1211	(177)	(177)	6494	(3598)	2205	8592	3037	5555	17354
98-99	2762	197	2959	1220	318	255	111	361	1151	(456)	(456)	6494	(4054)	2243	8615	3148	5467	17400
99-00	2972	154	3126	1394	(95)	272	432	382	1303	(563)	(563)	7827	(4617)	2343	8635	3580	5055	17254
00-01	3437	181	3618	1444	(103)	408	445	351	1364	(289)	(289)	7827	(4906)	2293	8643	4012	4630	17131
01-02	4081	153	4234	1602	62	375	475	291	1504	(75)	(75)	7827	(4981)	1989	8703	4468	4235	17026
02-03	5059	231	5290	1806	281	406	455	186	1635	522	522	7827	(4459)	1186	8731	4903	3828	16894
03-04	6168	209	6377	2050	26	481	476	49	1748	1546	1546	7827	(2913)	37	8710	5338	3372	16755
04-05	8182	286	8468	3020	(310)	490	1006	11	1997	2254	2008	7827	(905)	531	8763	6322	2441	16613
05-06	8491	447	8938	3585	66	572	448	31	2346	1890	1252	7827	347	458	8832	6754	2078	16574
06-07	9151	661	9812	3889	24	741	362	49	2525	2222	1363	7827	1711	917	8876	7085	1790	16401
07-08	10433	904	11337	4280	(343)	1031	488	32	2854	2995	1943	7827	3654	441	8901	7516	1385	16416
08-09	10410	924	11333	5896	(917)	1157	240	88	2842	2026	1335	7827	4593	1008	9006	7750	1256	17225
09-10	10634	758	11392	5535	415	1400	277	78	2439	1248	797	7827	5058	1233	9474	8009	1465	17830
10-11	11517	526	12043	7188	(532)	1273	266	165	2701	982	658	7827	5402	1137	9795	8265	1530	17829
11-12	14461	437	14898	8472	45	1467	345	191	3268	1109	751	7727	5932	2575	10394	8607	1787	18079
12-13	13553 *	558	14021	8099	(304)	1469	187	360	3684	526	353	6347	6131	4900	12588	8799	3790	18072
13-14	13488 *	374	13737	6967	7	1751	271	338	3854	548	366	5740	6401	4943	13616	9083	4533	18371
14-15	11676 *	288	10689	5128	(820)	1918	271	435	3654	104	62	5190	6404	7511	14608	9251	5357	18137
15-16	12271 *	453	10512	4142	1150	1882	366	677	3998	(1702)	(1604)	4890	4979	10391	21273	9318	11955	17873
16-17	12706 *	362	12679	6945	(398)	2164	659	768	4231	(1690)	(1263)	4890	3680	14206	22935	10007	12928	17838

* वर्ष-**2012-13** के **89.83** करोड़, **2013-14** के **125.29** करोड़, **2014-15** के **1274.51** करोड़, **2015-16** के **2211.24** करोड़ और **2016-17** के **388.99** करोड़ रुपए का ट्रॉयल रन उत्पादन शामिल है।

नोट : राशि वित्तीय वर्ष **14-15** तक आई जी ए ए पी और वित्तीय वर्ष **15-16** से आई एन डी ए एस के अनुसार है।

सकल आय का ट्रेंड



नोट : वित्तीय वर्ष **14-15** तक आंकड़े आई जी ए ए पी के अनुसार हैं और वित्तीय वर्ष **15-16** से भारतीय लेखाकरण मानक के अनुसार हैं।

निवल मूल्य का ट्रेंड



नोट : वित्तीय वर्ष **14-15** तक आंकड़े आई जी ए ए पी के अनुसार हैं और वित्तीय वर्ष **15-16** से भारतीय लेखाकरण मानक के अनुसार हैं।

सकल आय का विवरण : 2016-17



सकल आय का वितरण : 2016-17



सकल ब्लॉक व निवल ब्लॉक



नोट : वित्तीय वर्ष 14-15 तक आंकड़े आई जी ए ए पी के अनुसार हैं और वित्तीय वर्ष 15-16 से भारतीय लेखाकरण मानक के अनुसार हैं।

वित्तीय विशेषताएँ

		2016-17	2015-16
ए	**प्रचालन परिणाम (₹ करोड़)**		
	कारोबार	12706	12271
	कारोबार (ट्रायल रन को छोड़कर)	12317	10059
	सकल आय	12679	10512
	सकल व्यय	13602	11537
	सकल लाभ (पी बी आई टी)	(923)	(1025)
	कर पूर्व लाभ	(1690)	(1702)
	कर पश्चात निवल लाभ	(1263)	(1604)
बी	**वर्ष के अंत तक वित्तीय स्थिति (₹ करोड़)**		
	शेयर पूँजी	4890	4890
	आरक्षित निधि और अधिशेष	3680	4979
	लगाई गई पूँजी	6416	7494
	निवल मूल्य	8570	9869
	सकल ब्लॉक	22935	21273
	संचित मूल्यह्रास	10007	9318
	निवल ब्लॉक	12928	11955
	वस्तुसूची	4767	3811
सी	**लाभदायिकता व अन्य अनुपात**		
	(i) **प्रतिशतता**		
	विक्री से सकल लाभ	(7.5)	(10.2)
	विक्री से निवल लाभ	(10.3)	(15.9)
	निवल मूल्य से सकल लाभ	(10.8)	(10.4)
	निवल मूल्य से निवल लाभ	(14.7)	(16.3)
	लगाई गई पूँजी से सकल लाभ	(14.4)	(13.7)
	लगाई गई पूँजी से निवल लाभ	(19.7)	(21.4)
	शेयर पूँजी से सकल लाभ	(18.9)	(21.0)
	विक्री से वस्तुसूची	38.7	37.9
	(ii) **अनुपात**		
	चालू देयताओं से चालू परिसंपत्तियाँ	0.5	0.5
	चालू देयताओं से त्वरित परसंपत्तियाँ	0.1	0.2
	लगाई गई पूँजी से विक्री	1.9	1.3

निदेशक प्रतिवेदन

प्रिय सदस्यों,

कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से, मैं 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित लेखाओं, सांविधिक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन, सचिवीय लेखापरीक्षा प्रतिवेदन एवं लेखाओं के संबंध में भारत के नियंत्रक व महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियों के साथ-साथ कंपनी का 35वाँ वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हूँ।

व्यापार निष्पादन

वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने 12706.31 करोड़ रुपये का (388.99 करोड़ रुपये की ट्रायल रन उत्पादन बिक्री सहित) बिक्री कारोबार किया है। भारत सरकार के विभिन्न हस्तक्षेपों के आधार पर पिछले वर्ष से बिक्री प्राप्ति में वृद्धि हुई। हालाँकि, यह वृद्धि कंपनी द्वारा लंबे उत्पादों के प्रचालन में कम रही। कंपनी की निवल बिक्री प्राप्तियों में वृद्धि 5% तक सीमित रही। आगे, आयातित कोकिंग कोयले के मूल्य जून, 2016 के लगभग यू एस डी 90/टन से नवंबर, 2016 में यू एस डी 300/टन तक, यानि 200% से अधिक बढ़े। यद्यपि बिक्री की मात्रा में वृद्धि एवं लागत में कमी के उपायों से पिछले वर्ष के दौरान सकल मार्जिन 659.46 करोड़ रुपये से 263.89 करोड़ रुपये तक कम किया जा सका। आपकी कंपनी के पिछले वर्ष की 1603.72 करोड़ रुपये की निवल हानि की तुलना में 1263.16 करोड़ रुपये की निवल हानि हुई।

प्रमुख वित्तीय मापदंडों की तुलनात्मक स्थिति नीचे प्रस्तुत है:

(₹ करोड़ों में)

विवरण	2016-17	2015-16
ट्रायल रन बिक्री सहित कुल कारोबार	12706.31	12270.58
वित्तीय प्रभार/मूल्यह्रास/परिशोधन के पूर्व कर पश्चात लाभ (पी बी आई टी डी ए)	(263.89)	(659.46)
घटाएँ: वित्तीय प्रभार	767.74	676.70
मूल्यह्रास/परिशोधन के पूर्व लाभ (पी बी टी डी ए)	(1031.63)	(1336.16)
घटाएँ: मूल्यह्रास	658.86	365.66
कराधान के पूर्व निवल लाभ (पी बी टी)	(1690.49)	(1701.82)
कराधान के लिए प्रावधान	(427.33)	(98.10)
कराधान के पश्चात लाभ/(हानि) (पी ए टी)	(1263.16)	(1603.72)

शेयर पूँजी

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, ईक्विटी शेयर पूँजी तथा प्राधिकृत पूँजी में कोई परिवर्तन नहीं थे।

उत्पादन

भारी मरम्मत कार्य के चलते तीन (3) धमन भट्ठियों में से एक (1) धमन भट्ठी के शटडाउन होने के बावजूद वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने उत्पादन संबंधी सभी प्रमुख क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की। विवरण नीचे प्रस्तुत है:

(इकाई: '000 टन)

	वास्तविक	पिछले वर्ष की इसी अवधि में	वृद्धि दर % @
तप्त धातु	4,386	3,975	11
द्रव इस्पात	4,176	3,826	9
बिक्री योग्य इस्पात	3,847	3,513	10
परिसज्जित इस्पात	2,592	2,483	17
मूल्य वर्धित इस्पात	3,095	2,638	18

औसत प्रति दिन के आधार पर

धमन भट्ठी-3, इस्पात गलन शाला-2 एवं वॉयर रॉड मिल-2 में क्रमश: 34%, 31% व 43% की महत्वपूर्ण वृद्धि से नई इकाइयों के उत्पादन में गति आई। नई मिलों, विशेष बार मिल एवं स्ट्रक्चरल मिल में भी महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई।

प्रचालन दक्षता व लागत में कमी के उपाय:

आपकी कंपनी में विस्तारण व आधुनिकीकरण कार्य चल रहा है। प्रवर्तित इकाइयों से उत्पादन बढ़ाने एवं प्रचालन दक्षता में सुधार लाने हेतु सभी प्रयास किये जा रहे हैं। इसके अलावा, आंतरिक उपायों के माध्यम से कंपनी द्वारा लागत में कमी लाने हेतु सभी प्रयास किये जा रहे हैं एवं लागत संबंधी औचित्य के अतिरिक्त उपाय पहचाने गये हैं। प्रमुख प्रयासों में निम्नलिखित शामिल हैं:

ए) **श्रम उत्पादकता में सुधार:** विस्तारण के चरण में आंशिक मानवशक्ति की नियुक्ति से श्रम उत्पादकता में सुधार आने की संभावना है, जिससे आधुनिकीकरण व विस्तारण इकाइयों से उत्पादन में अपेक्षित गति आ सकेगी।

बी) **बेंचमार्किंग:** धमन भट्ठी उत्पादकता, कोक दर, ऊर्जा खपत आदि जैसे क्षेत्रों में सुधार हेतु कई प्रौद्योगिकी-आर्थिक मापदंडों को पहचाना गया है। विस्तारण इकाइयों के आधुनिकीकरण व स्थिरीकरण कार्य की समाप्ति के पश्चात, इन मापदंडों में लगभग बेंचमार्क के आंकड़ों तक सुधार आने की संभावना है, जिससे बचत हो सकेगी।

सी) **प्रौद्योगिकी का उपयोग:** धमन भट्ठी-1 व 3 में महँगे कोक की आंशिक प्रतिस्थापना के अंतर्गत चूर्णित कोयला प्रेषण (पी सी आई) कार्य शुरु किया गया है। आधुनिकीकरण कार्य की पूर्ति के पश्चात धमन भट्ठी-2 में भी पी सी आई की शुरुआत की योजना है।

डी) **अपशिष्ट ऊर्जा से अधिकतम निजी विद्युत उत्पादन:** धमन भट्ठी गैस आधारित 120 मेगावाट विद्युत संयंत्र एवं सिंटर

ऊष्मा पुन: प्राप्ति आधारित **20.6** मेगावाट निजी विद्युत संयंत्र जैसी इकाइयों के माध्यम से अपशिष्ट ऊर्जा पुन: प्राप्ति आधारित निजी विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ी है। इस पहल से लागत एवं कार्बन उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है।

ई) **लागत में कमी लाने के अतिरिक्त उपाय:** आपकी कंपनी अतिरिक्त आंतरिक लागत में कमी लाने के सभी प्रयास कर रही है और लागत में कमी लाने हेतु किये गये विभिन्न उपायों की लगातार समीक्षा की जा रही है। **20** विभागों से संबंधित लगभग **117** मापदंडों का लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है।

वर्ष के दौरान किये गये सुधारों का विवरण नीचे प्रस्तुत है:

क्र.सं.	मापदंड	इकाई मूल्य	% सुधार
1	श्रम उत्पादकता	टीसीएस/मानव-वर्ष	9
2	धमन भट्ठी उत्पादकता	टी/सीयूएम/दिन	29
3	धमन भट्ठी कोक दर	किलोग्राम/टी एच एम	10
4	धमन भट्ठी पी सी आई/सी डी आई	किलोग्राम/टी एच एम	>100
5	ऊर्जा खपत	जीकैल/टी सी एस	0.2
6	व्यर्थ ऊर्जा आधारित विद्युत उत्पादन	मेगावॉट	86

विपणन

पिछले वर्ष के **12,271** करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष **12,706** करोड़ रुपये के बिक्री कारोबार से **4%** वृद्धि दर्ज हुई। प्रमुख पहल निम्नानुसार हैं:

ए) **उत्पाद विकास** : आपकी कंपनी ने कई वर्षों से विविध प्रयोजनों हेतु उत्पादों के विकास के माध्यम से ग्राहकों की आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु अनेक प्रयास किये हैं। विस्तारण के अंतर्गत, स्थापित सेकेंडरी धात्विक सुविधाओं से उच्च मूल्यवर्धित उत्पादन क्षमता बढ़ी है। उच्च कार्बन, उच्च मैंगनीज एवं **20.64** स्प्रिंग स्टील का घटक पिछले वर्ष के **1.38** लाख टन की तुलना में **2.05** लाख टन तक बढ़ा।

बी) **प्रमुख उत्पाद:** आपकी कंपनी ने दिल्ली, फरीदाबाद, मुंबई, बेंगुलूरु, कोच्चि एवं हैदराबाद में प्रमुख मेट्रो रेलवे परियोजनाओं हेतु आपूर्तियों के अलावा ए पी सेक्रेटेरिएट इंटरिम कांप्लेक्स, अमरावती, वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडार, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, एमार प्रॉजेक्ट हरिद्वार - ऋषिकेश मेट्रो प्रॉजेक्ट, रवींद्र तीर्थ मेट्रो, एन एच ए आई (शोलापुर बेंगुलूरु एन एच **4** मार्ग, पुल व पुलिया) जैसी प्रमुख परियोजनाओं के आदेशों के निमित्त आपूर्ति की है।

सी) **उत्पाद प्रचार** : आपकी कंपनी उत्पादों की विस्तृत पहुँच एवं उत्पाद मिश्र के संवर्धन हेतु ध्यान केंद्रित कर रही है। साथ ही, शहरी, अर्द्ध शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल करते हुए बाजार के सभी क्षेत्रों के ग्राहक आधार को मजबूत करने हेतु भी ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी के उत्पादों के लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वास्तुविद, निर्माता व संविदाकार (ए बी सी) के साथ आवधिक बैठक की जाती है। सेवा केंद्रों के माध्यम से उत्पादों की 'उपयोग हेतु तैयार' सेवा के अवसर तलाशे जा रहे हैं।

उत्तरी क्षेत्र में ए बी सी बैठक

पश्चिमी क्षेत्र में ग्राहक बैठक

डी) **ब्रांड प्रसार:** देश में इस्पात की खपत बढ़ाने हेतु कंपनी द्वारा ब्रांड प्रसार अभियान चलाया गया है। आपकी कंपनी ने भारतीय रेलवे के सहयोग से हजरत निजामुद्दीन - विशाखट्टणम समता एक्सप्रेस का वाइजाग स्टील समता एक्सप्रेस के रूप में नाम परिवर्तन के माध्यम से अपनी ब्रांड छवि का प्रचार किया है। इस रेलगाड़ी के **5** राज्यों से गुजरने के कारण

ब्रांड एंबासिडर सुश्री पी वी सिंधु

इन 5 राज्यों में ब्रांड की ख्याति बढ़ रही है। आपकी कंपनी ने ओलंपिक्स में बैडमिंटन के प्रथम भारतीय रजत पदक विजेता सुश्री पी वी सिंधु के साथ अनुबंध करके उन्हें वाइजाग स्टील का ब्रांड अंबासिडर बनाया। आगे विभिन्न प्रिंट व इलेक्ट्रानिक संबंधित विभिन्न माध्यमों में विज्ञापनों के द्वारा अपने उत्पादों के संबंध में जानकारी बढ़ाई जा रही है। आपकी कंपनी ग्रामीण क्षेत्रों में इस्पात की खपत में वृद्धि हेतु ग्रामीण विपणन को प्रोत्साहित कर रही है।

ई) **ग्रामीण क्षेत्रों में इस्पात का प्रचार:** ग्रामीण भारत में इस्पात की खपत को प्रोत्साहित करने/बढ़ाने हेतु ग्रामीण व अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों के घरों में इस्पात आधारित फ्रेम-स्ट्रक्चर के उपयोगों व उसके लाभों का

राजमिस्त्री बैठक

उल्लेख करते हुए सक्रिय अभियान चलाया जा रहा है। इस संदर्भ में विद्यालयों, प्राथमिक उपचार केंद्रों व चिकित्सालय, अस्पताल, सड़क व फ्लाईओवर, पुल व पुलिया, सिंचाई परियोजना आदि के निर्माण में इस्पात के उपयोग के प्रचार हेतु विभिन्न जगहों पर राजमिस्त्रियों के साथ बैठक भी आयोजित की गयी। राज्य परिवहन निगम की बसों व डी डी किसान टी वी चैनल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञापन दिये गये। इससे देश में इस्पात की खपत बढ़ाने की आंतरिक दक्षता के विकास में सहयोग मिलेगा।

एफ) **ग्रामीण डीलरशिप योजना:** उत्पाद प्रचार के अतिरिक्त प्रोत्साहन उपायों से ग्रामीण डीलरशिप योजना के कार्यान्वयन में सुधार हुआ। सक्रिय ग्रामीण डीलरों को सूचना पट्ट व एम आर आर पी बोर्ड के व्यय की प्रतिपूर्ति की जा रही है। होर्डिंग, वॉल पेंटिंग, समाचार पत्र/केवल टी वी विज्ञापन जैसी प्रोत्साहन गतिविधियों का संचालन करनेवाले ग्रामीण डीलर प्रोत्साहन योजना की प्रतिपूर्ति के सीधे हकदार हैं। वर्ष के दौरान ग्रामीण डीलरों की संख्या 235 से 437 तक बढ़ी।

सामग्री प्रबंधन

क्रय

आपकी कंपनी द्वारा निर्विष्ट लागत में कमी, समुद्री भाड़े में कमी, कोकिंग कोयला, लौह अयस्क, बॉयलर कोयला जैसे महत्वपूर्ण कच्चेमाल के संरक्षण व विविधीकरण एवं वस्तुसूची का अनुकूलतम स्तर बनाये रखने के विभिन्न उपाय किये गये हैं।

दीर्घकालिक करार (एल टी ए) एवं आस्ट्रेलिया, संयुक्त राष्ट्र अमेरीका, न्यूजीलैंड एवं इंडोनेशिया जैसे विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों से विदेशी आपूर्तियों के माध्यम से कोकिंग कोयले की आवश्यकता की पूर्ति की जाती है। आपूर्तियों में अपरिहार्य कारणों से संबंधित अनिश्चितताओं को कम करने एवं कोल ब्लेंड की लागत को अनुकूलतम बनाये रखने के क्रम में विक्रेता आधार के विस्तार हेतु लगातार प्रयास किये जाते हैं। नये कोयलों की प्राप्ति की प्रक्रिया में, वर्ष के दौरान आस्ट्रेलिया से कोकिंग कोयला एवं दो पल्वराइज्ड कोल ब्रैंड्स के औद्योगिक शिपमेंट लिये गये। एक और कोकिंग कोयले, दो पल्वराइज्ड कोयले व एक थर्मल कोल ब्रैंड्स के साथ ट्रायल जारी है।

सत्यनिष्ठा अनुबंध का कार्यान्वयन

अधिप्राप्ति संबंधी गतिविधियों में अप्रैल, 2007 से सत्यनिष्ठा अनुबंध (आई पी) का कार्यान्वयन करनेवाले संगठनों में आपकी कंपनी पहली कंपनी है। वर्ष के दौरान, 96.30% मूल्य की संविदाओं का सत्यनिष्ठा अनुबंध के तहत संचालन किया गया, जो केंद्रीय सतर्कता आयोग की मानक प्रचालन पद्धति (एस ओ पी) के अनुरूप है।

विक्रेता विकास

नये दक्ष विक्रेताओं को पहचानने के लगातार प्रयास किये गये एवं वर्ष के दौरान कुल 169 विक्रेताओं को पंजीकृत किया गया। 1,591 सूक्ष्म व लघु उद्यमियों एवं 202 स्थानीय सूक्ष्म व लघु उद्यमियों के साथ वर्ष के अंत तक विक्रेता आधार 3,477 तक बढ़ा। आपकी कंपनी ने सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की चार क्रेता व विक्रेता बैठक एवं प्रदर्शनियों में भाग लिया। आपकी कंपनी भारतीय उद्योग सम्मेलन द्वारा 07.12.2016 को आयोजित विक्रेता विकास बैठक का सहयोगी प्रायोजक था।

सूक्ष्म, लघु उद्यमों से माल व सेवाओं की अधिप्राप्ति

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी द्वारा सूक्ष्म, लघु उद्यमों से (सूक्ष्म, लघु उद्यमों के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों सहित) वर्ष में कुल 415.05 करोड़ रुपये के माल व सेवाओं की अधिप्राप्ति की गई, जो माल व सेवा की वार्षिक अधिप्राप्ति (लौह अयस्क, कोकिंग कोयला व टर्नकी संविदाएँ, जिसके लिए छूट दी गई, जैसे माल व सेवाओं को छोड़कर) का 28.62% बनता है।

वित्त

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने नकद साख ब्याज दर की तुलना में प्रतिस्पर्द्धी दर पर वाणिज्यिक कागजात, अल्पकालिक कार्यकारी पूँजी, माँग ऋण (डब्ल्यू सी डी एल), निर्यात पैकिंग वित्त क्रेडिट (ई पी एफ सी) और पूर्णत: संरक्षित अल्पकालिक विदेशी मुद्रा ऋण (क्रेता साख) के माध्यम से बेहतर निधि प्रबंधन हेतु अपने प्रयास जारी रखे और इस प्रकार समग्र ब्याज का भार कम हुआ।

आपकी कंपनी के वर्ष 2016-17 के वित्तीय लेखाओं को सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा प्रमाणित किया गया है। साथ ही नियंत्रक व महा लेखापरीक्षकों से 'शून्य' टिप्पणी प्राप्त हुई।

वर्ष के दौरान आपकी कंपनी को आय कर विभाग से मूल्यांकन वर्ष 2013-14 के लिए 47.04 करोड़ रुपये तक आय कर वापसी की प्राप्ति हुई।

परियोजनाएँ

आधुनिकीकरण व 7.3 मिलियन टन प्रतिवर्ष तक उन्नयन

इस्पात गलन शाला-1 में दूसरे कन्वर्टर (कन्वर्टर-सी) का पुनरोद्धार लक्षित तिथि से 10 दिन पहले ही, अर्थात 27 अक्टूबर, 2016 को पूरा किया गया और प्रवर्तन के पहले 24 घंटों में 19 की रिकार्ड हीट दर्ज की गयी। इस्पात गलन शाला-1 के तीसरे व आखिरी कन्वर्टर (कन्वर्टर-बी) का पुनरोद्धार 16 जनवरी, 2017 से शुरु किया गया।

सिंटर मशीन-1 का पुनरोद्धार 31 अक्टूबर, 2016 को शुरु किया गया और चल रहा है।

पुनरोद्धार के बाद एस एम एस-1 का द्वितीय कन्वर्टर (कन्वर्टर-सी)

एस एम एस - 2 में तृतीय कन्वर्टर

धमन भट्ठी-2 की श्रेणी-1 की भारी मरम्मत संबंधी प्रमुख कार्य समाप्त हुए हैं। सिंटर मशीन-1 के प्रवर्तन व स्थिरीकरण एवं इस्पात गलन शाला-1 के तीसरे कन्वर्टर (कन्वर्टर-बी) के पुनरोद्धार के पश्चात इसके प्रवर्तन की योजना है।

इस्पात गलन शाला-2 के तीसरे कन्वर्टर का 7 नवंबर, 2016 को प्रवर्तन किया गया। इस्पात गलन शाला-2 के चौथे कास्टर में उपस्कर लगाने का कार्य चल रहा है।

अन्य प्रमुख परियोजनाएँ

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने 5 मेगावाट क्षमता के सौर विद्युत संयंत्र का 20.12.2016 को प्रवर्तन किया। सौर संयंत्र से आपकी कंपनी को वैकल्पिक अक्षय ऊर्जा स्रोत की प्राप्ति होगी एवं हरित पहल व हरित ऊर्जा की प्रतिबद्धताओं की पूर्ति में सहयोग मिलेगा।

5 मेगावॉट क्षमता का सौर विद्युत संयंत्र

केपेक्स की पूर्ति:

वर्ष के दौरान योजना के 1350 करोड़ रुपये की तुलना में 104% की पूर्ति के साथ 1405.95 करोड़ रुपये का पूँजीगत व्यय किया गया।

खान:

जग्गय्यपेटा चूनापत्थर खानों के लिए आंध्र प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल से 7,80,000 टन प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता के आवर्धन हेतु स्थापना की सहमति (सी एफ ई) प्राप्त की गई।

व्यापार उत्कृष्टता पहल:

गेंबा सुधार

वर्ष के दौरान, दो नये विभागों (ई एस व एफ एवं नई स्ट्रक्चरल मिल (एस टी एम)) में 'गेंबा सुधार' पहल का कार्यान्वयन किया गया, जिससे निरंतर सुधार को बढ़ावा दिया जाता है तथा शॉप फ्लोर पर चालू सुधार परियोजनाओं की नेतृत्व सहभागिता द्वारा स्पष्टता लाई जाती है। इस प्रकार इस पहल के अंतर्गत कुल 11 विभागों को शामिल किया गया।

निदेशक (परियोजना) और वरिष्ठ अधिकारियों से युक्त गेंबा टीम ने शॉप फ्लोर में अपने पर्यवेक्षण के दौरान चल रहे सुधार कार्यों की समीक्षा की और आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

गेंबा सुधार पर्यवेक्षण

गुणवत्ता सुधार परियोजना

आपकी कंपनी ने शॉप फ्लोर से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान के क्रम में व्यवस्थित निदान प्रणाली हेतु गुणवत्ता सुधार परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा।

सर्टिफिकेशन प्रोग्राम फॉर लीन सिक्स सिग्मा - ग्रीन बेल्ट में प्रतिभागियों की उपस्थिति

वर्ष के दौरान 13 गुणवत्ता सुधार परियोजनाओं की सफलतापूर्वक पूर्ति की गई। सी आई आई-आई क्यू, बेंगुलूरु के प्रवक्ता के सहयोग से आयोजित 'सर्टिफिकेशन प्रोग्राम फॉरलीन सिक्स सिग्मा - ग्रीन बेल्ट' कार्यक्रम में 32 अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान उन्हें डी एम ए आई सी पद्धति, प्रणालीबद्ध सुधार प्रक्रिया, प्रक्रिया सुधार/इष्टतमीकरण के आरेखीय पद्धति, आंकड़े के विश्लेषण हेतु मिनि टैब सॉफ्टवेअर आदि की जानकारी दी गई।

ज्ञान प्रबंधन (के एम)

नई मिलों से उत्पादन में गति लाने हेतु ध्यान केंद्रित करते हुए अन्य संयंत्रों के अनुभव एवं इस क्षेत्र में हाल ही के वर्षों में हुए प्रौद्योगिकी विकास संबंधी ज्ञान की जानकारी हेतु जुलाई, 2016 के दौरान 'लंबे इस्पात उत्पादों के गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी चुनौतियाँ' पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी।

कार्यशाला के प्रतिभागियों में भिलाई इस्पात संयंत्र, इस्को इस्पात संयंत्र, टाटा स्टील, जे एस डब्ल्यू, आर डी सी आई एस - सेल, एन एम एल जमशेदपुर, एम एन दस्तूर, मेकॉन, दानीली, प्राइमेटल्स एवं आर आई एन एल-वी एस पी के अनुभवी व्यक्ति भी थे।

वर्ष के दौरान ज्ञान प्रबंधन के प्रयासों में एक कापीराइट का पंजीकरण, 17 केस स्टडी के विकास व विषय क्षेत्र से संबंधित 16 अभ्यास सत्रों के आयोजन व शॉप फ्लोर से संबंधित मामलों के समाधान के उद्देश्य से शॉप फ्लोर क्षेत्र से संबंधित 4 अभ्यास सत्र शामिल हैं। साथ ही, ज्ञान प्रबंधन की पद्धति को समझने एवं बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों से प्राप्त ज्ञान का लाभ उठाने हेतु विशिष्ट रूप से अभिकल्पित 12 ज्ञान प्रबंधन जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

'लंबे इस्पात उत्पादों के गुणवत्ता नियंत्रण की चुनौतियाँ' पर कार्यशाला

ज्ञान सहभाजन कार्यशाला में प्रतिभागियों की उपस्थिति

आगे, आपकी कंपनी में ज्ञान प्रबंधन की वास्तविक जानकारी फैलाने एवं कर्मचारियों के योगदान को पहचानने हेतु 2016-17 में 4 ज्ञान प्रबंधन पुरस्कार समारोह आयोजित किये गये, जिनमें विभिन्न विभागों के 245 कर्मचारियों ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किये।

अनुसंधान व विकास

प्रक्रिया सुधार, अपशिष्ट प्रबंधन, नये उत्पाद विकास, लागत में कमी, नई प्रौद्योगिकी का विकास, पर्यावरण संरक्षण आदि क्षेत्रों में आंतरिक तौर पर एवं सहयोगी अनुसंधान के अंतर्गत बाह्य अनुसंधान संगठनों के साथ अनुसंधान व विकास कार्यक्रम संचालित किये गये। ये परियोजनाएँ पूर्ति के विभिन्न चरणों में हैं। वर्ष के दौरान आठ नई अनुसंधान परियोजनाओं का कार्य शुरु किया गया एवं पिछले वर्ष की ग्यारह परियोजनाओं पर कार्य जारी है। वर्ष के दौरान, चार विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में सात तकनीकी प्रस्तुतीकरण दिये गये। दो पुस्तक अध्याय एवं एक अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका संबंधी लेख प्रकाशित किये गये एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका हेतु एक तकनीकी लेख स्वीकार किया गया। वर्ष के दौरान अनुसंधान व विकास हेतु **23.53** करोड़ रुपये का निवेश किया गया।

सुरक्षा

आपकी कंपनी भारतीय इस्पात संयंत्रों में ऐसा पहला संगठन है, जिसे स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन अभ्यासों हेतु ओ एच एस ए एस: **18001** मानक से प्रमाणित किया गया। सुरक्षा मानकों के कार्यान्वयन, जोखिम नियंत्रण के अनुश्रवण एवं अन्य सक्रिय उपायों से संभावित जोखिमों को कम किया गया/उनका निवारण किया गया।

दुर्घटनाओं की आवृत्ति दर पिछले वर्ष के **0.18** से **0.17** तक कम हुई। वर्ष के दौरान उच्चतम दुर्घटना मुक्त मानव दिवस (**170** दिन) प्राप्त किया गया। विभिन्न सुरक्षा पहलुओं के संबंध में **7818** नियमित कर्मचारियों एवं **17788** संविदाकार श्रमिकों को प्रशिक्षित किया गया, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ है।

पर्यावरण प्रबंधन

संयंत्र की स्थापना एवं विस्तारण व आधुनिकीकरण के समय भी व्यापक पर्यावरण सुविधाओं की योजना बनाई गई एवं उनका कार्यान्वयन किया गया। संयंत्र में धूल उत्सर्जन के नियंत्रण एवं अपशिष्ट जल व बहिस्राव के उपचार हेतु विस्तृत प्रदूषण नियंत्रण उपस्कर लगाये गये तथा आधुनिकीकरण के दौरान इनमें और सुधार लाया गया। विस्तारण के तहत, वायु प्रदूषण, जल प्रणाली, ऊर्जा दक्षता एवं अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्रों में सुधार हेतु कई नये उपकरण लगाये गये।

आधुनिकीकरण के दौरान इस्पात गलन शाला-**1** के कन्वर्टर-ए व सी तथा आवर्धन के तहत इस्पात गलन शाला-**2** के कन्वर्टर-**3** में रूफ टाप उत्सर्जन व सेकेंडरी उत्सर्जन के निवारण हेतु डॉग हाउस की सुविधा प्रदान की गयी।

वर्ष के दौरान, पर्यावरण संबंधी सभी सांविधिक आवश्यकताओं के अनुपालन के समय कोक ओवेन बैटरियों में विशिष्ट एस पी एम लोड, विशिष्ट बहिस्राव उत्सर्जन एवं जोखिमपूर्ण व्यर्थ के पुन:चक्रण में पिछले वर्ष के **0.42** किलोग्राम/टी सी एस, **0.67** घन मीटर/टी सी एस एवं **98.14%** की तुलना में क्रमश: **0.34** किलोग्राम/टी सी एस, **0.58** घन मीटर/टी सी एस एवं **100.8%** हासिल किया गया।

पूरे संयंत्र के **47** विभागों में पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली मानक आई एस ओ **14001** का कार्यान्वयन किया गया। प्रतिवर्ष कई पर्यावरण प्रबंधन कार्यक्रमों (ई एम पी) के माध्यम से सतत् सुधार सुनिश्चित किया जाता है। संसाधन की खपत में कमी, ओ डी एस के उपयोग में कमी, अपशिष्ट के उपयोग, कार्यस्थल के वातावरण में सुधार, जोखिमपूर्ण सामग्री के उपयोग आदि क्षेत्रों में ई एम पी के माध्यम से ध्यान केंद्रित किया गया। वर्ष के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगभग **84** ई एम पी पर कार्य किया गया।

उपरोक्त के अलावा, वृहद पैमाने पर पौधारोपण किया गया एवं अब तक **2720** हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग **51.26** लाख पौधे लगाये गये। हरित विशाखा कार्यक्रम के अंतर्गत, आपकी कंपनी द्वारा पाँच वर्ष के दौरान कुल **4,50,000** वृक्षारोपण की योजना के निमित्त अब तक **275,600** पौधारोपण किया गया है।

सूचना प्रौद्योगिकी

वर्ष के दौरान, कर्मचारी निष्पादन प्रबंधन प्रणाली (ई पी एम एस), ड्राइंग प्रबंधन प्रणाली (ड्रामैन) सहित कई नये अप्लिकेशन विकसित किये गये, जो हिस्से-पुर्जे/असेंब्ली के अन्वेषण, अनुश्रवण प्रणाली संबंधी लागत में

ऑनलाइन सतर्कता क्लियरेन्स मॉड्यूल

ऑटोमेटिक वे बिल जनरेशन प्रणाली

कमी के उपाय, उद्यम उत्पादन अनुश्रवण प्रणाली व ग्राहक सूचना प्रणाली की सुविधा सहित उपस्कर ड्राइंग के कंप्यूटरीकरण की सुविधा प्रदान करते हैं।

उत्पादन व विलंब, बिक्री फ्लैश, वेतन पर्ची, छुट्टी प्रबंधन, चिकित्सा अभिलेख, ई-डॉक, टाउनशिप शिकायतें, पी सी शिकायतें, स्काडा, आर एम एच पी व एफोर्ट लॉगिंग जैसे क्षेत्रों में मोबाइल एप विकसित किये गये। ग्राहकों को बिक्री आदेश संबंधी एस एम एस एलर्ट की सुविधा शुरू की गयी। आपकी कंपनी को उद्यम मोबिलिटी प्रौद्योगिकी जैसे नवाचार के उपयोग के माध्यम से प्रतिस्पर्द्धी क्षमता के लाभ एवं संयंत्र के प्रचालन में सुधार हेतु प्रतिष्ठित 'इंटेलिजेंट एंटरप्राइज अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

इंटलिजेंट एंटरप्राइज पुरस्कार

आपकी कंपनी को वर्ष **2015-16** के लिए 'ज्ञान एरा - ई-लर्निंग प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत आई सी टी के नवीन उपयोग हेतु केंद्रीय सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा 'राष्ट्रीय ई-अभिशासन पुरस्कार' का रजत पदक प्रदान किया गया। आपकी कंपनी को प्रौद्योगिकी के नवीन उपयोग के माध्यम से प्रतिस्पर्द्धी क्षमता के उपयोग एवं प्रचालन में सुधार हेतु बिग डाटा केटगरी के तहत एक्सप्रेस इंटेलिजेंट पी एस यू अवार्ड **2016** तथा उच्च स्तर के प्रचालन व सूचना प्रौद्योगिकी में नीतिगत उत्कृष्टता हेतु सी आई ओ-**100** अवार्ड भी प्रदान किया गया।

आर आई एन एल ने ज्ञान एरा के लिए इलेक्ट्रानिक्स व आई टी के संघ राज्य मंत्री से ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्राप्त किया

आई एस ओ **27001** प्रमाणन प्रदत्त

एक्सप्रेस इंटलिजेंट पी एस यू पुरस्कार

नकद रहित लेनदेन

आपकी कंपनी ने ग्राहकों एवं आपूर्तिकारों के साथ नकद रहित भुगतान व प्राप्ति हेतु ई आर पी (उद्यम संसाधन योजना) का कार्यान्वयन किया है। आपकी कंपनी ने ई आर पी के माध्यम से ई-निविदा एवं ई-नीलामी का आवर्धन किया है। संविदाकारों व संविदा कर्मियों को भी नकद रहित भुगतान किये जाते हैं। सहकारी भंडार सहित टाउनशिप की सभी दूकानों में पी ओ एस मशीनों के माध्यम से नकद रहित लेनदेन की सुविधा प्रदान की गयी। माननीय केंद्रीय इस्पात मंत्री द्वारा 'डिजिधन' प्रदर्शनी के साथ 'नये भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था' विचार गोष्ठी का उद्घाटन किया गया। विशाखपट्टणम के भारतीय स्टेट बैंक एवं एस टी पी आई के सहयोग से 'डिजिटल भुगतान-नकद रहित लेनदेन को प्रोत्साहन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से डिजिटल इंडिया इन ग्लोबल आई टी स्पेक्ट्रम, डिजिट्स **2017** का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

ई-पोर्टल का शुभारंभ

देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में एम एस टी सी मेटल मंडी के माध्यम से आर आई एन एल-वी एस पी के इस्पात उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री हेतु माननीय केंद्रीय इस्पात मंत्री द्वारा विशेष ई-पोर्टल का शुभारंभ किया गया। पोर्टल में विभिन्न उत्पादों की उपलब्धता, उनके विनिर्देश, उनका मूल्य आदि की जानकारी दी गयी है। इस पहल के तहत ग्राहकों के स्थान पर आपूर्ति एक आकर्षक विशेषता है।

संघ के इस्पात मंत्री द्वारा उत्तर पूर्वी क्षेत्र में इस्पात उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के लिए समर्पित ई-पोर्टल का शुभारंभ

मानव संसाधन व औद्योगिक संबंध

आपकी कंपनी ने सौहार्द्रपूर्ण औद्योगिक संबंधों के माध्यम से उच्च उत्पादन एवं उत्पादकता स्तरों की प्राप्ति सुनिश्चित की है। औद्योगिक संबंध बहुत ही शांतिपूर्ण रहे। आपकी कंपनी ने मानव संसाधन से जुड़े प्रत्येक मामले एवं सुदृढ़ शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से समयबद्ध तरीके से शिकायतों के निवारण में सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने के माध्यम से सौहार्द्रपूर्ण औद्योगिक संबंधों के अनुकूल वातावरण बनाये रखा। नियमित कार्य समूह के **24** पंजीकृत श्रमिक संघों एवं ठेका श्रमिकों के प्रतिनिधि **22** पंजीकृत श्रमिक संघों तथा संगठन के कार्यपालकों के प्रतिनिधि संघ ने मैत्रीपूर्ण कार्य संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण सहयोग दिया, जिससे सौहार्द्रपूर्ण औद्योगिक संबंध कायम किये जा सके।

31.03.2017 तक मानवशक्ति **17,838** थी, जिसमें **2,969** (**16.64%**) अनुसूचित जाति एवं **1,321** अनुसूचित जनजाति के थे।

शिक्षा व विकास के माध्यम से क्षमता विकास

संगठन की सफलता में मानव संसाधन की निर्णायक भूमिका के दृष्टिगत, आपकी कंपनी द्वारा उत्पादकता स्तरों में सुधार लाने के क्रम में कर्मचारियों के सामर्थ्य आधारित शिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उनके महत्वपूर्ण कौशल

स्टील म्युजियम में डॉ.अरुणा शर्मा, सचिव, इस्पात मंत्रालय

विकास हेतु ध्यान केंद्रित किया जाता रहा है। उनके कार्य संबंधी ज्ञान के स्तरों के विकास एवं कार्यस्थल पर उसके निष्पादन हेतु प्रवृत्ति व व्यवहार आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों सहित कौशल विकास कार्यक्रम अपनाये जा रहे हैं। वर्ष के दौरान **12.91** प्रशिक्षण दिवस प्रति कर्मचारी प्रतिवर्ष के हिसाब से **34,573** कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

कौशल उन्नयन के तहत आपकी कंपनी ने तकनीकी कर्मचारियों के कौशल स्तरों के उन्नयन हेतु राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एन एस डी सी) और भारतीय लौह व इस्पात कौशल क्षेत्र परिषद (आई आई एस एस एस सी) के साथ अलग से समझौता ज्ञापन किया।

लौह व इस्पात क्षेत्र में कुशल कर्मियों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आपकी कंपनी ने विभिन्न औद्योगिक सुरक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से औद्योगिक विवरण देते हुए लगभग **10,100** विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया है।

दिल्ली के फोर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के सहयोग से उनके परिसर में **26** से **28** दिसंबर, **2016** तक तीन दिवसीय विशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विपणन कार्य से जुड़े लगभग **30** कार्यपालकों ने उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लिया।

एक कदम आगे बढ़ाते हुए आपकी कंपनी ने कंपनी के तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान (टी टी आई) के परिसर में 'वाइजाग स्टील' के औद्योगिक महत्व के मदों के प्रदर्शन हेतु 'स्टील म्यूजियम' की स्थापना की है। इस म्यूजियम की स्थापना का उद्देश्य आम जनता में नवीन तकनीकी क्षमताओं, पुरानी विरासत के संरक्षण एवं 'वाइजाग स्टील' की छवि के प्रचार के साथ-साथ विद्यार्थियों को 'वाइजाग स्टील' की जानकारी देना एवं इस्पात क्षेत्र में रोजगार के विकल्प का चयन करवाना है।

वर्ष के दौरान नागरनार इस्पात संयंत्र में नियुक्त एन एम डी सी के कार्य पालक प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देते हुए **10.5** करोड़ रुपये के राजस्व सृजन के माध्यम से तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान (टी टी आई) लाभार्जन केंद्र बन गया।

कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, निषेध व समाधान) अधिनियम, 2013 का प्रकटीकरण

कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, निषेध व समाधान) अधिनियम, **2013** के अधिनियमन के अनुरूप आपकी कंपनी ने एक नीति प्रतिपादित की है एवं आंतरिक शिकायत समिति (आई सी सी) का गठन किया है। वर्ष के दौरान संविधि के प्रावधानों एवं लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के निवारण में आई सी सी की भूमिका की जानकारी देने हेतु **02** कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसके तहत **44** महिला कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

महिला सशक्तीकरण

आपकी कंपनी लैंगिक समानता में पूर्ण विश्वास रखती है एवं समान अवसर प्रदान करनेवाला नियोक्ता भी है। महिला कर्मचारियों की संख्या, जो वर्तमान में कुल कार्य समूह की लगभग 3% है, को बढ़ाने हेतु विभिन्न उपाय किये गये हैं।

आपकी कंपनी द्वारा 'महिला मैत्री' नियोक्ता बनने हेतु कई उपाय किये गये हैं। कंपनी की महिला कर्मचारियों को स्कोप के तत्वावधान में फोरम ऑफ विमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स) के माध्यम से जोड़ा गया है। इस वर्ष के दौरान, लगभग 700 महिला कर्मचारियों को विभिन्न तकनीकी व प्रबंधकीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों, विप्स की वार्षिक बैठक सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों के लिए नामित किया गया। विशेष रूप से महिला ठेका श्रमिकों के लिए 'महिला सशक्तीकरण' से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नवरत्न श्रेणी के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ उद्यम पुरस्कार (प्रथम पुरस्कार)

वास्तव में यह गौरव की बात है कि आपकी कंपनी को कैलेंडर वर्ष 2016 में 'नवरत्न' की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर नौवीं बार 'सर्वश्रेष्ठ उद्यम पुरस्कार' (प्रथम पुरस्कार) से सम्मानित किया गया है, जो एक कीर्तिमान है। यह महिला कर्मचारियों के वैयक्तिक एवं व्यावसायिक विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। दो महिला कर्मचारियों के एक दल ने प्रगति 2017-ए आई एम ए द्वारा महिलाओं के लिए 29 मार्च, 2017 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

शिकायत निवारण तंत्र

आपकी कंपनी में कार्यपालकों एवं गैर-कार्यपालकों दोनों के लिए अलग से औपचारिक व अनौपचारिक शिकायत निवारण तंत्र सहित सुदृढ़ शिकायत प्रहस्तन प्रणाली मौजूद है। अधिकांशत: शिकायतों का पहले चरण में ही निर्धारित समयसीमा के भीतर निवारण किया जाता है।

सार्वजनिक शिकायत निवारण तंत्र हेतु भी प्राथमिकता दी जा रही है। महाप्रबंधक श्रेणी के एक वरिष्ठ अधिकारी को सार्वजनिक शिकायतों के निपटान हेतु 'सार्वजनिक शिकायत अधिकारी' के रूप में पदनामित किया गया। कंपनी में पूर्ण रूप से आंतरिक परिपत्र के माध्यम से सभी संबंधितों की जानकारी हेतु इसका विस्तृत प्रचार किया गया है, ताकि सार्वजनिक शिकायतों का नागरिक/ग्राहक संहिता (सी सी सी) के तहत निर्धारित समयसीमा में निपटान किया जाय।

शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निपटान हेतु भारत सरकार के प्रशासनिक संशोधन व सार्वजनिक शिकायत विभाग (सी पी जी आर ए एम एस) के ऑनलाइन सार्वजनिक शिकायत पोर्टल का लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है। आपकी कंपनी के वेबसाइट में सार्वजनिक शिकायतों से संबंधित भारत सरकार के पोर्टल का लिंक भी दिया गया है, ताकि वरिष्ठतम स्तर पर कम से कम साप्ताहिक आधार पर लंबित सार्वजनिक शिकायतों की स्थिति का अनुश्रवण किया जा सके। सार्वजनिक शिकायतों का निर्धारित समयसीमा के भीतर निपटान किया जा रहा है। हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि वर्ष के दौरान प्राप्त सभी सार्वजनिक शिकायतों का निर्धारित समयसीमा के भीतर निपटान किया गया।

दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण व पूर्ण प्रतिभागिता) अधिनियम, 1995

संविधि के लागू होने के उपरांत आपकी कंपनी ने 31.03.2017 तक 125 विभिन्न दिव्यांग व्यक्तियों को नियुक्त किया है। इस आंकड़े में 09 (नौ) ऐसे उम्मीदवार भी शामिल हैं, जो प्रतिभा के आधार पर चयनित हुए हैं। विभिन्न रूप से सक्षम व्यक्तियों की सुविधा हेतु रैंप वे, विशिष्ट शौचालयों, इलिवेटरों में ऑडिटरी संकेतों, स्वागत कक्ष में व्हील चेयर का प्रावधान आदि जैसी सुविधाओं में सुधार हेतु सार्वजनिक भवनों में 'एक्सेसेबिलिटी ऑडिट' की जाँच की गयी है।

विधि

मध्यस्थता, स्थाई परिषदों के साथ समन्वय, विधिक सलाहों आदि सहित सभी विधिक मामलों से संबंधित कार्य हेतु पर्याप्त ध्यान दिया गया है।

कल्याण

सभी सांविधिक कल्याण उपायों के निर्वाह के साथ-साथ आपकी कंपनी द्वारा कर्मचारियों की सामाजिक संरक्षा संबंधी आवश्यकता की पूर्ति हेतु विभिन्न गैर-सांविधिक योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाता रहा है। कर्मचारियों, सेवानिवृत्ति पश्चात कर्मचारियों की सुविधा हेतु कर्मचारी परिवार लाभ योजना, सेवानिवृत्ति लाभ योजना एवं ग्रूप मेडिक्लेम बीमा योजना जैसी योजनाएँ चलाई जा रही हैं।

गैर-कार्यपालकों के लिए मील कार्ड की सुविधा प्रदान की गयी है, जिससे कर से राहत का लाभ मिला। यह सुविधा नकद रहित लेनदेन को प्रोत्साहित करने की ओर बढ़ाया हुआ कदम है।

एक कदम आगे बढ़ाते हुए आवास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विस्थापित व्यक्ति श्रेणी के कर्मचारियों को कंपनी के टाउनशिप में क्वार्टर आवंटित किये गये। इस पहल से आपकी कंपनी को मकान किराया भत्ते का गैर-भुगतान के कारण आर्थिक बचत के साथ-साथ दीर्घकाल से खाली पड़े हुए कई क्वार्टरों के अनुकूलतम उपयोग जैसे कई लाभ प्राप्त हुए।

राजभाषा

राजभाषा नीति और उसके नियमों के सख्ती से अनुपालन में आपकी कंपनी सदैव ही तत्पर रहती है। इस वर्ष के दौरान प्रबोध/प्रवीण/प्राज्ञ पाठ्यक्रमों के माध्यम से **198** कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। क्षेत्रीय/शाखा बिक्री कार्यालयों सहित विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से **586** कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। लगभग **61** कर्मचारियों को कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने हेतु 'यूनिकोड' का प्रशिक्षण दिया गया। **14/15** फरवरी, **2017** को **'इस्पात की खपत बढ़ाने के उपाय'** नामक विषय पर **अखिल भारतीय संगोष्ठी** आयोजित की गई। इसमें इस्पात मंत्रलय, आपकी कंपनी और इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाले अन्य संगठनों के लगभग **62** कर्मचारियों ने भाग लिया।

आपकी कंपनी को भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय द्वारा वर्ष **2014-15** के लिए इस्पात राजभाषा शील्ड के प्रथम पुरस्कार और वर्ष **2015-16** के लिए इस्पात राजभाषा ट्रॉफी दिया गया। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष **2015-16** के लिए राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन हेतु राजभाषा कीर्ति पुरस्कार के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार एवं गृह पत्रिकाओं की श्रेणी में गृह पत्रिका 'सुगंध' को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। दिल्ली के परिवर्तन जन कल्याण समिति द्वारा केरल के तिरुअनंतपुरम में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी एवं कार्यशाला में राजभाषा विशिष्ट सम्मान शील्ड दिया गया।

दूसरी नराकास

हाल ही में, भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा आपकी कंपनी को दूसरी नराकास (नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति) के नेतृत्व का कार्यभार सौंपा गया। उपरोक्त समिति का गठन केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों में राजभाषा के कार्यान्वयन के पर्यवेक्षण के लिए किया गया है।

खेल

आपकी कंपनी ने कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के पूर्ण स्वास्थ्य एवं विकास के लिए खेल को बढ़ावा देने के लिए मूल सुविधाओं का पर्याप्त विकास किया है तथा भावी और क्षमतावान खेल प्रतिभाओं का विकास कर रही है, ताकि वे लोग जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतिस्पर्द्धाओं में प्रतिनिधित्व करके कंपनी का नाम रोशन कर सकें। वर्ष के दौरान अखिल भारतीय बैडमिंटन (एस पी एस बी), मुक्केबाजी और अथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की गई।

मई **2016** के दौरान वार्षिक ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग **40** प्रशिक्षकों की देखरेख में **1300** बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी प्रकार मार्च, **2017** के दौरान अंतर विद्यालयीन वॉलीबाल टुर्नामेंट, विशेष सक्षम कर्मचारियों के लिए खेल प्रतियोगिताएँ तथा विशेष बच्चों (एम आर कैटेगरी) के लिए भी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त महिला कर्मचारियों एवं गृहणियों के लिए भी खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिनमें लगभग **250** महिलाओं ने भाग लिया। कंपनी के गठन दिवस अर्थात **18** फरवरी, **2017** को आपकी कंपनी की ब्रांड अंबेस्डर और रियो ओलंपिक, **2016** में बैडमिंटन की रजत पदक विजेता सुश्री पी वी सिंधु ने "साइकिल रैली" को झंडा दिखाकर रवाना किया।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

आपकी कंपनी पहला केंद्रीय सार्वजनिक उद्यम है, जिसने पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के क्रम में एक और कदम उठाते हुए वर्ष के दौरान 'सूचना का अधिकार' के ऑनलाइन प्लेटफार्म की स्थापना की है। इससे लोगों को क्षण भर में अपने आवेदन भेजने की सुविधा प्राप्त हो गई है। विधान के अनुरूप लोगों को सूचनाएँ प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं। वर्ष के दौरान प्राप्त सभी **579** अनुरोधों और **70** अपीलों के जवाब दे दिए गए हैं।

चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएँ

आपकी कंपनी अपने कर्मचारियों को **160** बिस्तरों वाले एक आधुनिक अस्पताल और विभिन्न स्थानों पर विशेष रूप से विस्थापित कॉलोनियों और माधारम (तेलंगाणा) और जग्गयपेटा (आंध्र प्रदेश) में अवस्थित निजी खदानों में स्थापित तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पी एच सी) के माध्यम से विशेष चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त संयंत्र परिसर में एक पूर्णत: व्यवस्थित व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा अनुसंधान केंद्र एवं **2** (दो) प्राथमिक उपचार केंद्र स्थापित हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके जीवनसाथियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष बाह्य रोगी काउंटर बनाया गया है। इन सभी चिकित्सा/अस्पताल सुविधाओं के अतिरिक्त, कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों की गंभीर बीमारियों का ध्यान रखने हेतु **25** अस्पतालों की नामावली बनाई गई है।

पुरस्कार व सम्मान

कंपनी के सक्रिय व विभिन्न जनप्रिय गतिविधियों के कारण नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट (एन आई पी एम) द्वारा आपकी कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर 'बेस्ट एच आर प्रैक्टिस-2016' पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त वर्ष **2016** में कंपनी के दो कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री श्रमवीर और श्रमश्री पुरस्कार जीता और **18** कर्मचारियों को विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

निगमित सामाजिक दायित्व

संयंत्र और खदानों के भीतर और बाहर तथा उसके परित: रहने वाले लोगों के जीवन में बदलाव लाने की प्रतिबद्धता को आगे ले जाने के लिए आपकी कंपनी ने अपने निगमित सामाजिक दायित्व के तहत अनेक परियोजनाओं/गतिविधियों और कार्यक्रमों को संचालित किया है। नए कंपनी अधिनियम, **2013** को लागू करने के क्रम में कथित विधान और सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुरूप आपकी कंपनी ने एक निगमित सामाजिक दायित्व और निरंतरता विकास नीति का निर्माण किया है तथा 'समग्र विकास और निरंतरता' के लिए उस पर व्यापक बल दे रही है। निगमित सामाजिक दायित्व हेतु कंपनी अधिनियम, **2013** की धारा **135** के अनुरूप गठित समिति का नेतृत्व एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा होता है और निगमित सामाजिक दायित्व की इन गतिविधियों का नियमित रूप से अनुश्रवण किया जाता है। कंपनी (निगमित सामाजिक दायित्व) नियम, **2014** के नियम **9** के अनुसरण में निगमित सामाजिक दायित्व की गतिविधियों का वार्षिक प्रतिवेदन **अनुलग्नक** में संलग्न है।

स्वच्छ भारत-स्वच्छ विद्यालय अभियान

कंपनी के सभी स्तरों पर "स्वच्छ भारत" सिद्धांत का समावेशन किया गया है और सभी विभागों को शामिल करते हुए पूरे वर्ष निरंतर "सफाई पखवाड़ा" मनाया गया। स्वच्छ भारत की गतिविधियों को संयंत्र के भीतर चलाने के साथ-साथ परित: क्षेत्र के समुदायों के लिए भी चलाया गया। मौजूदा मूलसंरचनाओं को मजबूत बनाकर तथा स्वच्छता अभियान के माध्यम से उन्हें बनाए रखने के लिए "स्वच्छ विशाखा"- अभियान के लिए विशाखपट्टणम महानगरपालिका को डंपर प्रदान करने, "स्वच्छ ग्राम"- एक आदिवासी गांव में शौचालयों का निर्माण करने, बाजार में ई-टॉयलेट की स्थापना आदि जैसी कुछ गतिविधियों के माध्यम से समुदायों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के कार्य किए गए।

आगे, विद्यालयों में साफ-सफाई तथा स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु चलाए गए स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत आपकी कंपनी द्वारा स्वच्छता और साफ-सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने और साफ-सफाई व स्वास्थ्य के लिए अच्छी आदतें डालने एवं स्कूली बच्चों में मासिकधर्म संबंधी स्वच्छता के प्रति जागृति लाने के लिए "बाल स्वच्छता जागृति" एवं "परिवर्तन" जैसे पहल किए गए।

स्वच्छ भारत अभियान के कार्यान्वयन में विभागों में स्पर्द्धा लाने और स्वच्छता अभियान के समय नवोन्मेष के कार्य को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता पुरस्कारों की स्थापना की गई है।

आर आई एन एल में 1 अगस्त, 2016 से 'सफाई पखवाड़ा' आरंभ

स्वच्छ भारत उद्यान

एम पी पी स्कूल, नडुपूरु में 'बाल स्वच्छ जागृति'

नागरिक संहिता

अपने नागरिकों को चिन्हित करने हेतु निगमित अभिशासन के लिए बनाई गई प्रक्रियाओं के अनुरूप सेवाएँ प्रदान करने, उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने और सेवा प्रदान करने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के क्रम में प्रमुख नीतियों के बारे में जानकारी देने के लिए आपकी कंपनी पूर्णत: प्रतिबद्ध है। नागरिक संहिता के अँग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं के संस्करण कंपनी की वेबसाइट पर मौजूद हैं।

सतर्कता

आपकी कंपनी शीर्षस्थ नैतिक मूल्यों के साथ और संगठन की साख को बढ़ाने के लिए लोगों में स्पष्टता व पारदर्शी तरीके से ईमानदारी, निष्पक्षता एवं दक्षता के साथ काम करने हेतु निवारक और सक्रिय माहौल बनाने पर ध्यान दे रही है।

इस प्रयास में, कंपनी के द्वारा अनुसरण की जाने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रणालीगत अध्ययन, अधिक मूल्य के ठेकों एवं क्रय आदेशों की गहन जाँच, आंतरिक लेखापरीक्षा के अनुच्छेदों के संदर्भ में उठाए गए सवालों की जाँच, अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी और औचक जाँच, बिलों की अनियमित जाँच आदि की जाती है। जागरूकता फैलाने तथा अधिक अनियमितता एवं भ्रष्टाचार संभावित क्षेत्रों के संदर्भ में अपने कर्मचारियों अन्य अंशधारकों को सूचनाओं से अवगत कराने के लिए त्रैमासिक समाचार पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है।

कर्मचारियों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सतर्कता जागरूकता सत्र एवं ठेका प्रबंधन, सार्वजनिक प्रापण में पारदर्शिता आदि विषयों पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। वर्ष के दौरान कुल 15 सत्र, जिनमें कंपनी के प्रबंध प्रशिक्षणार्थियों के साथ-साथ राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के कर्मचारियों सहित कुल 473 कर्मचारियों ने भाग लिया। जीवन निर्माण के आरंभिक समय में ही स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के जेहन में सदाचार और नैतिकता के बीज बोने के लिए राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड-सतर्कता विभाग ने कदम उठाया है। इसके तहत विद्यालयों और कॉलेजों के लगभग 2047 विद्यार्थियों को कुल 16 सत्रों के माध्यम से जागरूक बनाया गया।

कंपनी की वेवसाइट पर एक आंतरिक रूप से विकसित 'ऑनलाइन विजिलेंस क्लियरेंस' मॉडयूल अपलोड किया गया है। इस मॉडयूल के माध्यम से ई-6 स्तर के कार्यपालकों की सतर्कता क्लियरेंस देने में समय को कम करने और सुविधाजनक बनाने तथा कर्मचारियों के क्रमानुक्रम के अनुसार सतर्कता रिकार्ड के आँकड़े तैयार करने में सहयोग मिल रहा है।

सतर्कता के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए आपकी कंपनी को 'कार्पोरेट विजिलेंस एक्सेलेंस अवार्ड **2016-17**' प्राप्त हुए। कंपनी के दो अधिकारियों को व्यक्तिगत स्तर पर विजिलेंस एक्सेलेंस अवार्ड तथा दो अधिकारियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए। कंपनी के दो अधिकारियों को राष्ट्रीय सतर्कता पुरस्कार-**2016** प्राप्त हुए।

कार्पोरेट विजिलेंस एक्सेलेंस अवार्ड **2016-17**

दो अधिकारियों को राष्ट्रीय सतर्कता पुरस्कार

सतर्कता तंत्र

आपकी कंपनी ने सजगता संकेत सहित एक सतर्कता तंत्र विकसित किया है और वह कंपनी के वेवसाइट लिंक https://www.vizagsteel.com/insiderinl/vigil%20mechanism%20Policy.pdf में उपलब्ध है।

प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण प्रतिवेदन

कंपनी का निष्पादन और दृष्टिकोण सहित प्रबंधन चर्चा व विश्लेषण ***अनुलग्नक-1*** में संलग्न है।

निगमित अभिशासन प्रतिवेदन

आपकी कंपनी उच्च स्तर के निगमित अभिशासन हेतु प्रयास कर रही है। सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशानिर्देश जो मई, **2010** से अनिवार्यत: लागू हो चुके हैं, के अनुसार एक अलग निगमित अभिशासन विभाग बनाया गया है और यह निदेशकों के प्रतिवेदन में ***अनुलग्नक-2*** के अंतर्गत शामिल है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी और मुख्य वित्त अधिकारी का प्रमाणन

मंडल के सदस्यों और प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों के आचार संहिता के संदर्भ में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक की घोषणा के साथ मुख्य कार्यकारी अधिकारी व मुख्य वित्त अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाणपत्र निगमित अभिशासन प्रतिवेदन का अंश है जो **अनुलग्नक-3** में प्रस्तुत है।

निगमित अभिशासन के दिशानिर्देश का अनुपालन प्रमाणपत्र

पेशेवर कंपनी सचिव द्वारा वर्ष **2016-17** के लिए सार्वजनिक उद्यम विभाग से मई **2010** में जारी निगमित अभिशासन संबंधी दिशानिर्देशों के अनुपालन का प्रमाणपत्र संलग्न है और **अनुलग्नक-4** के रूप में निदेशक प्रतिवेदन के अंतर्गत प्रस्तुत है।

निगमित सामाजिक दायित्व

कंपनी अधिनियम, **2013** की धारा **135** के अनुरूप आपकी कंपनी में मंडल द्वारा अनुमोदित निगमित सामाजिक दायित्व एवं निरंतरता नीति है एवं एक स्वतंत्र निदेशक के नेतृत्व में एक मंडल उप समिति भी गठित है। कंपनी (निगमित सामाजिक दायित्व) नियम, **2014** के नियम **9** के अनुसार निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर) की गतिविधियों से संबंधित वार्षिक प्रतिवेदन **अनुलग्नक-5** में प्रस्तुत है।

वार्षिक रिटर्न का सार

कंपनी अधिनियम, **2013** की धारा **92(3)** और कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, **2014** के नियम **12(1)** के अनुसरण में दि.**31** मार्च, **2017** को समाप्त वित्त वर्ष हेतु प्रपत्र सं.एम जी टी-**9** के वार्षिक रिटर्न का विवरण **अनुलग्नक-6** में संलग्न है, जिसकी समीक्षा पेशेवर कंपनी सचिव द्वारा की गयी है।

मंडल बैठकों की संख्या

वर्ष के दौरान, मंडल की आठ (**8**) बैठकें आयोजित हुई और इन बैठकों से संबंधित विवरण निगमित अभिशासन प्रतिवेदन में समाहित किया गया है, जो इस प्रतिवेदन का हिस्सा है।

लेखापरीक्षा समिति

निगमित अभिशासन प्रतिवेदन में लेखापरीक्षा समितियों के संयोजन से संबंधित विवरण प्रस्तुत है, जो इस प्रतिवेदन का अंश है। लेखा समिति द्वारा संस्तुत सभी सिफारिशें मंडल द्वारा स्वीकृत की गई हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (5) के तहत निदेशक मंडल की जिम्मेदारी से संबंधित विवरण

निदेशकों के जिम्मेदारी विवरण के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (C) एवं 134 (5) की आवश्यकताओं के अनुसरण में कंपनी के निदेशक इसकी पुष्टि करते हैं कि:

ए) वार्षिक लेखा तैयार करते समय, यथार्थ लेन-देन संबंधित सटीक विवरणों की व्याख्या सहित समुचित तरीके से मानक लेखाप्रणाली का अनुपालन हुआ;

बी) निदेशकों ने ऐसी लेखाकरण नीति को अपनाया और उनका नियमित व्यवहार किया एवं उसके आधार पर निर्णय लिया और अनुमान लगाया कि ये तर्कसंगत और विवेकपूर्ण हैं, जो वित्त वर्ष के अंत में कंपनी के कार्यकलापों और उस अवधि में कंपनी के लाभ और हानि के दृष्टिगत तथ्य सत्य और निष्पक्ष हैं;

सी) कंपनी की परिसंपत्तियों के संरक्षण और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं से बचने व उनका पता लगाने हेतु इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निदेशकों ने पर्याप्त लेखाकरण अभिलेखों के रखरखाव पर समुचित एवं पर्याप्त ध्यान दिया;

डी) निदेशकों ने वार्षिक लेखाओं को 'अति गंभीरता से' तैयार किया और

ई) निदेशकों ने सभी लागू नियमों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु एक ऐसी समुचित प्रणाली बनायी है, जो पर्याप्त और प्रभावी है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 की उप-धारा 7 के तहत स्वतंत्र निदेशकों द्वारा स्वतंत्रता की घोषणा संबंधी विवरण

आपकी कंपनी ने प्रत्येक स्वतंत्र निदेशक से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 की उप-धारा 6 की व्याख्या के अनुसार उनकी स्वतंत्रता के मापदंडों के अनुरूप घोषणाएँ प्राप्त की हैं।

निदेशकों की नियुक्ति एवं प्रतिदान संबंधी कंपनी की नीति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 (1) के अपेक्षानुसार कंपनी ने नामांकन एवं प्रतिदान समिति गठित की है। एक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम होने के कारण कंपनी में भारत सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 की उप-धारा 3 के तहत निर्धारित अनुसार पात्रता का निर्धारण, सकारात्मक दायित्व, निदेशक की स्वतंत्रता और अन्य मामलों सहित निदेशकों की नियुक्ति और प्रतिदान से संबंधित मापदंडों का अनुपालन किया जाता है। दि.5 जून, 2015 की एम सी ए अधिसूचना सं.जी एस आर 463 (ई) द्वारा सरकारी कंपनियों के लिए नियुक्ति एवं प्रतिदान नीति में छूट दी गई है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के तहत ऋण, गारंटी एवं निवेश से संबंधित विवरण

उपरोक्त विवरण वित्तीय विवरण की टिप्पणियों में शामिल हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 (संबद्ध पार्टी लेन-देन) की उप-धारा 1 के तहत संविदाओं के विवरण

धारा 188 के अनुरूप वर्ष के दौरान कोई लेन-देन नहीं हुआ, अत: प्रपत्र ए ओ सी-2 संलग्न नहीं है।

कंपनी मामलों से संबंधित विवरण

वर्ष के दौरान कंपनी कार्यकलापों से संबंधित विवरण इस प्रतिवेदन के आगामी अनुच्छेदों में सविस्तार प्रस्तुत है।

संचयों का स्थानांतरण

समीक्षाधीन अवधि में संचयों का स्थानांतरण प्रस्तावित नहीं है।

लाभांश

समीक्षा अवधि हेतु कोई लाभांश प्रस्तावित नहीं है।

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन आदि का प्रतिवेदन

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (एम) के प्रावधानों के साथ पठित कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8 के अनुरूप ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन एवं वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा का अर्जन/व्यय आदि के विवरण **अनुलग्नक-7** में प्रस्तुत हैं।

उद्यम जोखिम प्रबंधन नीति

आपकी कंपनी में मंडल से अनुमोदित उद्यम जोखिम प्रबंधन नीति है और उसे कंपनी के वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। नीति के मामले में, संगठन में संकर्म एवं गैर-संकर्म दोनों के सभी विभागों में आंतरिक दल के सहयोग से जोखिम के तत्वों को चिन्हित करने के लिए अलग से एक कार्यान्वयन अभिकरण है एवं संबद्ध विभागाध्यक्ष द्वारा उसका अनुश्रवण किया जाता है तथा लेखापरीक्षा समिति उसकी समीक्षा करती है।

मंडल, समितियों एवं निदेशकों के व्यक्तिगत निष्पादन का वार्षिक मूल्यांकन

निगमित मामले मंत्रालय (एम सी ए) ने दिनांक **5** जून **2015** को अधिसूचना संख्या जी एस आर **463** (ई) जारी करके सरकारी कंपनियों को उपरोक्त हेतु छूट दी है।

वर्ष के दौरान और रिपोर्ट करने की तारीख तक निदेशकों अथवा प्रबंधन के प्रमुख लोग (के एम पी) जो वर्ष के दौरान निदेशक नियुक्त हुए अथवा निदेशक पद से मुक्त हुए उनका विवरण निम्नवत है:

निदेशक:

नियुक्तियाँ:

निदेशक का नाम (सर्वश्री)	नियुक्ति की तारीख
श्री किशोर चंद्र दास	01.01.2017
श्री सरस्वती प्रसाद	08.02.2017
श्री वी वी वेणुगोपाल राव	06.07.2017

कार्यकाल समाप्ति:

निदेशक का नाम (सर्वश्री)	तक
सुश्री भारती एस सिहाग	30.11.2016
श्री जी बी एस प्रसाद	31.12.2016
श्री डी एन राव	31.07.2017

प्रबंधन का प्रमुख व्यक्ति (के एम पी):

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक (वित्त व लेखा) श्री जे श्रीनिवास राव को दिनांक **31** अगस्त **2016** से **05.07.2017** तक की अवधि के लिए प्रमुख वित्त अधिकारी बनाया गया था। दिनांक **06.07.2017** को श्री वी वी वेणु गोपाल राव के निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त होने पर, महाप्रबंधक (वित्त व लेखा) श्री जे श्रीनिवास राव के स्थान पर दिनांक **06.07.2017** से उन्हें मुख्य वित्त अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया।

अन्य प्रकटीकरण:

वित्तीय: वित्तीय सारांश अथवा उपलब्धियों को प्रतिवेदन के पूर्व पृष्ठों में अलग से दर्शाया गया है।

ई एस ओ पी एस/स्वेट ईक्विटी शेयर: आपकी कंपनी ने डिफरेंशियल राइट्स/स्वेट ईक्विटी शेयर्स/एंप्लाइज स्टॉक आप्शंस के साथ ईक्विटी शेयर जारी नहीं किया है।

कारोबार प्रवृत्ति में बदलाव नहीं: कंपनी के कारोबार में कोई बदलाव नहीं है और यह अपने उप-उत्पादों सहित लौह व इस्पात का कारोबार ही करती है।

कर्मचारियों का विवरण: सरकारी कंपनी होने के नाते आपकी कंपनी को कंपनी अधिनियम, **2013** की धारा **197** के प्रावधानों तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुरूप निगमित मामले मंत्रालय (एम सी ए) द्वारा दिनांक **05.06.2015** को जारी अधिसूचना के तहत छूट प्रदान की गई है।

सहायक अथवा संयुक्त उद्यम: वर्ष के दौरान कंपनी की किसी भी सहायक अथवा संयुक्त उद्यम को समाप्त नहीं किया गया है।

वास्तविक परिवर्तन अथवा प्रतिबद्धता: प्रतिवेदन वर्ष की तिथि (**31** मार्च **2017**), जिससे वित्तीय विवरण संबंधित है, के दौरान कंपनी की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव डालने वाले किसी वास्तविक परिवर्तन अथवा प्रतिबद्धता में बदलाव नहीं हुआ, जिससे कि कंपनी की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़े।

विशिष्टता एवं वास्तविक आदेश: वर्ष के दौरान नियामकों अथवा न्यायालयों अथवा ट्रिब्यूनलों द्वारा कोई विशिष्ट और वास्तविक आदेश पारित नहीं हुआ, जिससे कंपनी के कामकाज पर दुष्प्रभाव पड़े और भविष्य में कंपनी का प्रचालन प्रभावित हो।

जमा: वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, **2013** के आलोक व प्रावधानों के अनुसार आपकी कंपनी ने कोई जमा आमंत्रित/स्वीकार नहीं किया।

आंतरिक नियंत्रण व आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

आपकी कंपनी में कंपनी के आकार एवं व्यापार करने की प्रवृत्ति तथा कंपनी के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए बनाए गए संबद्ध कानूनों एवं निबंधनों के अनुरूप बनाई गई नीतियों एवं प्रक्रियाओं के साथ कंपनी की प्रचालन दक्षता, संसाधनों की संरक्षा, वित्तीय रिपोर्टिंग में शुद्धता एवं तत्परता को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त, उपयुक्त और सक्षम प्रणाली है।

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली कंपनी के निगमित अभिशासन का अभिन्न हिस्सा है। इसकी विशेषताओं में नीतियों का निर्माण, दिशानिर्देश, प्रक्रियाएं, शक्तियों का प्रत्यायोजन, ई आर पी प्रणाली का कार्यान्वयन, विशिष्ट व अन्य कानूनों का अनुपालन, बजट संबंधी नियंत्रणों, लेखा समितियों की समुचित कार्यपद्धति, स्वतंत्र निदेशकों की समिति, निगमित सामाजिक दायित्व, लेखाकरण मानकों का अनुपालन आदि शामिल हैं।

आंतरिक लेखापरीक्षक:

कंपनी में, अलग से एक आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है। आंतरिक लेखापरीक्षा का निर्वहण अनुभवी सनदी लेखाकारों, लागत व प्रबंध लेखाकारों तथा प्रणाली विशेषज्ञों एवं विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी अभियंताओं के समूह द्वारा किया जाता है। आंतरिक लेखाकरण विभाग अपना ध्यान प्रणाली में पारदर्शिता एवं आंतरिक नियंत्रण तंत्र की उपयुक्तता/पर्याप्तता पर रखता है। वार्षिक लेखाकरण की योजना विभिन्न विभागों के प्रमुख क्षेत्रों एवं उनकी समीक्षाओं, विभिन्न प्रणालियों के मूल्यांकन व जानकारियों, कंपनी की प्रक्रियाओं व नीतियों को समाहित करते हुए बनाई जाती है तथा जहाँ कहीं भी जरूरी हो, उसमें सुधार सहित अर्थपूर्ण एवं उपयोगी सुझाव देता है।

लेखाकरण के विशिष्ट जाँच प्रतिवेदन को आवधिक समीक्षा के लिए लेखा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

सचिवीय लेखापरीक्षक

कंपनी अधिनियम, **2013** की धारा **204** और कंपनी (प्रबंधकीय कामगार नियुक्ति एवं प्रतिदान) नियम, **2014** के प्रावधानों के अनुरूप, कंपनी ने वर्ष **2016-17** के लिए नई दिल्ली के पेशेवर कंपनी सचिव मेसर्स अग्रवाल एस एण्ड असोसिएट्स को सचिवीय लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्ति दी है। सचिवीय लेखापरीक्षा प्रतिवेदन कंपनी अधिनियम, **2013** के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अधीन अनुपालन की पुष्टि करता है और वर्ष के लिए संस्था के अंतर्नियम एवं संस्था के बहिर्नियम में शामिल प्रावधान संलग्न हैं, जो **अनुलग्नक-8** के रूप में निदेशक प्रतिवेदन के हिस्सा हैं।

सांविधिक लेखापरीक्षक

भारत के नियंत्रक और महा लेखापरीक्षक ने विशाखपट्टणम के सनदी लेखाकार मेसर्स राव व कुमार को वर्ष **2016-17** के लिए कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया है। दि.**31** मार्च, **2017** को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कंपनी के लेखाओं से संबंधित 'सांविधिक लेखापरीक्षक' प्रतिवेदन निदेशक प्रतिवेदन में **अनुलग्नक-9** में संलग्न है।

सहायक कंपनियों एवं लेखाओं के समेकन हेतु अनुश्रवण तंत्र

अंशधारकों के हितों की रक्षा के लिए कंपनी की सहायक कंपनियों का संचालन नामिती निदेशकों के साथ गठित मंडल द्वारा किया जाता है। आपकी कंपनी अपने साथ-साथ सहायक कंपनी के निष्पादन का आवधिक रूप से परस्पर अनुश्रवण सहायक कंपनी के मंडल की बैठकों के कार्यवृत्त को मंडल के समक्ष प्रस्तुत करते हुए करती है। वर्ष के समेकित लेखाओं के इस प्रतिवेदन में सहायक कंपनियों के लेखाओं को शामिल किया गया है। समेकित वित्तीय विवरण के संबंध में प्रबंधन के प्रत्युत्तर सहित सांविधिक लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन **अनुलग्नक-11** में संलग्न है। इस विवरण में धारा **129** की उप-धारा (**3**) के प्रथम प्रावधान, जो कंपनी (लेखा) नियम, **2014** के नियम **5** के साथ पठित है, उसके अनुसार सहायक/संयुक्त उद्यम कंपनियों के वित्तीय विवरणों की प्रमुख विशेषताएं शामिल हैं और **प्रपत्र ए ओ सी-1** में भी संलग्न हैं।

मेसर्स ओड़िशा मिनरल्स डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (ओ एम डी सी) और मेसर्स बिसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड (बी एस एल सी), जो वर्ष **2011** से कंपनी की सहायक कंपनी बन चुकी हैं, उन्हें ओड़िशा सरकार से क्रमशः वर्ष **2014** और **2013** में वर्ष **2000-01** से **2009-10** की अवधि हेतु अधिक उत्पादन के लिए सांविधिक क्लियरेंस हेतु मांग नोटिस भेजा।

मेसर्स ओ एम डी सी के मामले में, वर्ष **2014** में **6** पट्टों के लिए कुल दावा रुपए **5,395.37** करोड़ था। इसके विरोध में ओ एम डी सी ने दिनांक **2** अगस्त, **2017** को भारत सरकार के खान मंत्रालय के समीक्षक प्राधिकरण के समक्ष समीक्षा हेतु प्रत्येक पट्टे के लिए आवेदन दिया। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा है कि यदि लौह अयस्क अथवा मैंगनीज अयस्क का कोई खनन पर्यावरण स्वीकृति अथवा वनीकरण स्वीकृति, प्रचालन की सहमति, अनुमोदित खनन योजना आदि जैसी अन्य स्वीकृतियों के बिना करता है, तो उसे अवैध अथवा गैर-कानूनी माना जाएगा और उससे, वर्ष **2000-01** से खनन किए गए खनिज के मूल्य के **100** प्रतिशत की वसूली की जाएगी। केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति की गणनाओं के अनुसार यह माना जा रहा है कि ओ एम डी सी के **6** पट्टों के ऐसे खनिज का कुल मूल्य रुपए **1,475.25** करोड़ है। इस आदेश का प्रभाव ओड़िशा सरकार द्वारा अन्य मांग नोटिस आने पर ही पता चल पाएगा।

मेसर्स बी एस एल सी के मामले में, वर्ष **2013** में जिस राशि के लिए दावा प्रस्तुत किया गया था, वह राशि रुपए **09.55** करोड़ थी। मेसर्स बी एस एल सी ने भारत सरकार के खान मंत्रालय के समीक्षक प्राधिकरण के समक्ष समीक्षा हेतु आवेदन दिया है।

लेखापरीक्षक एवं सचिवीय लेखापरीक्षक द्वारा तैयार शर्तों आदि के संबंध में मंडल के स्पष्टीकरण या टिप्पणियाँ

कंपनी के स्टैंड एलोन लेखाओं पर लेखापरीक्षकों की कोई शर्तें नहीं हैं। फिर भी, कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों पर सांविधिक लेखापरीक्षकों के अवलोकनों के संदर्भ में प्रबंधन के प्रत्युत्तर अनुलग्नक-11 में संलग्न हैं। आगे, अपने प्रतिवेदन पर सचिवीय लेखापरीक्षकों की कोई टिप्पणी नहीं है।

संयुक्त उद्यम तंत्र

केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों में से यह कंपनी मेसर्स आई सी वी एल के संयुक्त उद्यम भागीदार के रूप में शामिल है, जिसका गठन विदेश में कोयले की परिसंपत्तियों के अधिग्रहण हेतु किया गया है।

आपकी कंपनी ने आंध्र प्रदेश के बोव्विली में फेर्रो एलॉय इकाई की स्थापना हेतु 50:50 हिस्सेदारी के साथ मॉयल के साथ संयुक्त उद्यम मेसर्स रिनमॉयल फेर्रो एलॉय लिमिटेड नामक कंपनी का गठन किया है और पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ 50:50 की हिस्सेदारी के अनुपात वाली आर आई एन एल पावर ग्रिड टी एल टी प्राइवेट लिमिटेड (आर पी टी पी एल) का गठन किया है।

नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने लगातार 9वें वर्ष कंपनी के वित्तीय विवरण पर 'शून्य' टिप्पणी दी है। स्टैंड एलोन एवं समेकित वित्तीय विवरणों पर नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के उपर्युक्त पत्रों की प्रतियाँ क्रमशः **अनुलग्नक-10 एवं अनुलग्नक-12** में संलग्न हैं।

लागत लेखापरीक्षा

निगमित मामले (एम सी ए) मंत्रालय, भारत सरकार ने अधिसूचना सं.जी एस आर 425 (ई), दि.30 जून, 2014 एवं जी एस आर 01 (ई), दि.31 दिसंबर, 2014 तथा जी एस आर 695 (ई), दि.14 जुलाई, 2016 के माध्यम से सामग्री के उत्पादन अथवा सेवा प्रदान करनेवाली कुछ कंपनियों के लिए कंपनी (लागत अभिलेखा व लेखापरीक्षा) नियम, 2014 लागू किया है। ऐसी कंपनियों को लागत अभिलेखों का अनुरक्षण करना होगा तथा इन नियमों के अनुरूप लागत अभिलेखों की लेखापरीक्षा करानी होगी। ये नियम कंपनी के लिए भी लागू होंगे एवं तदनुसार कंपनी द्वारा लागत लेखाकरण अभिलेखों का अनुरक्षण किया जा रहा है तथा लागत लेखापरीक्षक द्वारा लागत लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

लागत लेखापरीक्षक

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुरूप वर्ष 2016-17 के लिए दिल्ली के लागत लेखापरीक्षक मेसर्स एस के जी एण्ड कंपनी को लागत लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया। वर्ष 2016-17 का लागत लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तैयार होने वाला है और इसे निर्धारित समय पर निगमित मामले मंत्रालय के लागत लेखापरीक्षा शाखा में जमा करा दिया जाएगा।

आभार निवेदन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी का निदेशक मंडल भारत सरकार, खासकर इस्पात मंत्रालय एवं आंध्र प्रदेश सरकार के प्रति उनके द्वारा दिए गए मूल्यवान निर्देश, सहायता, सहयोग और समर्थन हेतु हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता है और वित्तीय संस्थानों, कंपनी के बहुमूल्य ग्राहकों एवं आपूर्तिकर्ताओं, रेलवे, बैंकों, लेखापरीक्षकों, संविदा अभिकरणों, व्यापार सहयोगियों, परामर्शदाताओं, संघ सरकार के मंत्रालयों के अन्य प्राधिकारियों एवं राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं स्थानीय जिला प्रशासन तथा कानून व्यवस्था प्राधिकारियों के प्रति आभार प्रकट करता है। निदेशक मंडल वर्ष के दौरान कंपनी के सभी कर्मचारियों, श्रमिक संघों एवं स्टील एक्जिक्यूटिव असोसियेशन द्वारा किए गए निष्ठापूर्ण प्रयासों एवं मेहनत के प्रति भी आभारी है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

ह/-

(पो मधुसूदन)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

विशाखपट्टणम

दिनांक: 01 सितंबर, 2017

निदेशक प्रतिवेदन का अनुलग्नक-1

प्रबंधन के विचार-विमर्श और विश्लेषण प्रतिवेदन (एम डी ए)

1.0 औद्योगिक ढाँचा और विकास

1.1. वैश्विक इस्पात में विकास:

वर्ष 2015 में वैश्विक दृश्यमान इस्पात खपत में 3% तक कमी के पश्चात् वर्ष 2016 के दौरान 1% का सुधार दर्ज किया गया। वैश्विक इस्पात संघ के अल्पकालिक परिदृश्य (एस आर ओ) अप्रैल, 2017 के अनुमान के अनुसार, वर्ष 2017 और 2018 में चीन को छोड़कर विकसित अर्थव्यवस्थाओं तथा उभरनेवाली व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं दोनों में वृद्धि की गति जारी रहने की संभावना है। अनुमान के अनुसार वैश्विक इस्पात की माँग में 45% तक की हिस्सेदारी रखनेवाला चीन में नियंत्रित वृद्धि दर रहेगी, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2017 एवं 2018 में वैश्विक वृद्धि दर क्रमश: 1.3% व 0.9% तक सीमित होगी।

क्षेत्रवार/देशवार दृश्यमान इस्पात की खपत और वर्ष दर वर्ष वृद्धि का प्रतिशत नीचे दर्शाया गया :

क्षेत्र	दृश्यमान इस्पात का उपयोग (मि ट)			वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर (%)		
	2016	2017 (पू)	2018 (पू)	2016	2017 (पू)	2018 (पू)
ई यू 28	157.4	158.2	160.4	2.3	0.5	1.4
यूरोप का शेष भाग	40.7	41.7	43.2	0.6	2.6	3.5
सी आई एस	48.7	50.2	51.9	-4.1	3.2	3.4
एन ए एफ टी ए	132.2	135.2	138.5	-1.5	2.2	2.4
केंद्रीय व दक्षिण अमेरिका	39.4	40.8	42.7	-13.6	3.5	4.7
अफ्रीका	37.9	38.4	40.0	-2.1	1.5	4.1
मध्य पूर्व	53.1	54.8	56.8	-1.3	3.1	3.7
एशिया व ओशिनिया	1005.6	1016.0	1015.0	2.3	1.0	-0.1
विश्व	**1515.0**	**1535.2**	**1548.5**	**1.0**	**1.3**	**0.9**
चीन	681.0	681.0	667.4	1.3	0.0	-2.0
चीन के बिना उभरती व						
विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ	435.3	452.7	474.9	1.4	4.0	4.9
विकसित अर्थव्यवस्थाएँ	398.7	401.5	406.2	-0.1	0.7	1.2
संयुक्त राष्ट्र	91.6	94.3	97.1	-4.7	3.0	2.9
भारत	**83.5**	**88.6**	**94.9**	**4.1**	**6.1**	**7.1**

पू - पूर्वानुमान

स्रोत: डब्ल्यू एस ए एस आर ओ अप्रैल, 2017

हालाँकि, यह नोट किया जाय कि वर्ष 2018 के लिए अनुमानित 1548.5 मिलियन टन माँग वर्ष 2014 में दर्ज की गयी 1546.9 मिलियन टन माँग की तुलना में केवल आंशिक रूप से अधिक है। अत: ध्यान दिया जाय कि माँग में साधारण वृद्धि के बावजूद वृहद मात्रा में अनुप्रयुक्त क्षमता का कीमतों पर दबाव बने रहने की संभावना है।

1.2 भारत की अर्थव्यवस्था:

वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद 7.1% तक बढ़ी, जो वर्ष 2015-16 की 8% की तुलना में कम है। वर्ष 2015-16 में 7.9% तथा इस वर्ष की चौथी तिमाही के 8.7% की तुलना में वर्ष 2016-17 में सकल मूल्यवर्धित वृद्धि (जी वी ए) 6.6% और चौथी तिमाही में 5.6% रही।





भारतीय इस्पात परिदृश्य :

वर्ष 2016-17 में दृश्यमान इस्पात खपत में 2.6% की आंशिक वृद्धि देखी गयी, जबकि बिक्री के लिए उत्पादन 10% (10.7%) से अधिक वृद्धि हुई। (संदर्भ चित्र-4)

Source: JPC Reports

यह भी ध्यान दिया जाय कि भारत तीसरा बृहदतम उत्पादक बना रहा और इसकी अर्थव्यवस्था इस्पात उत्पादन में नियमित रूप से वृद्धि दर्ज करनेवाली एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

विगत कुछ वर्षों से (संदर्भ चित्र-5) देश में अत्यधिक क्षमता वृद्धि के साथ-साथ बाजार की स्थिति में मंदी के कारण क्षमता उपयोग में गिरावट पायी गयी है।

Source: JPC Reports

वर्ष 2016-17 में देश में इस्पात क्षेत्र में अत्यधिक स्तर पर अस्थिरता देखी गयी। लंबे उत्पादों के प्रचालनरत कंपनी के मामले में कीमतों में कमी पायी गयी। अप्रैल से अगस्त, 2016 के दौरान टी एम टी रीबार की कीमतों में 15% तक गिरावट हुई, उसके पश्चात् मुख्यत: आयातित कोकिंग कोयला की कीमतों में अस्थिरता के कारण रीबार की कीमतों में सुधार दर्ज हुई। (संदर्भ चित्र - 1)

Source: JPC Reports

लौह अयस्क फाइन की देशीय कीमतों में भी अप्रैल 2016 और जून, 2016 अवधि के बीच 21% गिरावट के साथ वही स्थिति दर्ज हुई, जिसमें तृतीय तिमाही में मजबूती देखी गई। अप्रैल, 2016 से मार्च, 2017 तक लौह अयस्क की कीमतों में लगभग 17% तक वृद्धि पाई गई। (संदर्भ चित्र-2)

अंतर्राष्ट्रीय कोकिंग कोयला की कीमत जून 2016 के दौरान लगभग यू एस डालर 90/टन से 300/टन तक यानि 200% से ज्यादा बढ़ी। इस बढ़ोत्तरी का प्रभाव इसके उपरांत प्राप्त आयातित कोकिंग कोयला की भारित औसत कीमत पर पड़ा (चित्र - 3 देखें) और इस्पात कीमतों में वृद्धि के न होने के कारण इस्पात उत्पादकों के लाभ पर ध्यान देने योग्य दबाव पड़ा।



2.0 ताकतें और कमजोरियाँ

कंपनी की कुछ ताकतें व कमजोरियाँ (जिसकी सूची विस्तृत रूप में नहीं है) नीचे प्रस्तुत हैं:

ताकतें	कमजोरियाँ
- तटीय आधारित प्रदेश - भारत में सुगठित विपणन तथा ग्राहक तंत्र - भूमि की उपलब्धता - गुणवत्तापूर्ण उत्पादक छवि - प्रतिबद्ध मानवशक्ति - सुदृढ़ पर्यावरणीय व सामाजिक प्रतिबद्धताएँ	- लौह अयस्क एवं कोकिंग कोयला के निजी खदानों का अभाव - एक ही जगह पर अवस्थित कंपनी और केवल लंबे उत्पाद, बाजार के उतार-चढ़ाव से प्रभावित - उच्च ईक्विटी आधार - निवेश योग्य अधिशेषों का अभाव

3.0 अवसर और चुनौतियाँ

अवसर	चुनौतियाँ
- भारत सरकार के पुनर्गठन का प्रस्ताव - उत्पाद विविधीकरण - विकासशील अर्थ व्यवस्थाओं को उत्पादों का निर्यात - नई सुविधाओं की उपलब्धता - बढ़ी उत्पादन दक्षता - उच्चतम मूल्यवर्धित इस्पात के लिए सेकंडरी धात्विकी	- अधिक प्रतिस्पर्द्धा - बाजार में मंदी की स्थिति - कोकिंग कोयला की आपूर्ति और कीमतों में अस्थिरता - एकल लौह अयस्क आपूर्तिकार - लंबे उत्पादों में सेकंडरी उत्पादकों का वर्चस्व - उत्पादन लागत में बढ़ोत्तरी के कारण लाभ में गिरावट - अन्य अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के कारण भारत में अधिक आपूर्ति

4.0 खंडवार या उत्पादवार निष्पादन

उपर्युक्त मद से संबंधित विवरण निदेशक के प्रतिवेदन में शामिल किया जा चुका है। उसे देखा जा सकता है।

5.0 वर्ष 2017-18 में कंपनी का परिदृश्य

वर्ष 2017-18 के संघीय बजट में मूलसंरचना को बढ़ावा का उल्लेख से वर्ष 2017-18 के द्वितीयार्ध और वर्ष 2018-19 में इस्पात की माँग की स्थिति में सुधार की संभावना बनी है, जो एक शुभ संकेत है।

विश्व इस्पात संघ द्वारा भारत के संदर्भ में वर्ष 2017 व 2018 के दौरान इस्पात की माँग के लिए स्थिर वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। आर आई एन एल नई इकाइयों से उत्पादन की मात्रा को बढ़ाते हुए इस अवसर का लाभ उठाएगा। आर आई एन एल वर्ष 2017-18 में वाक्यूम डीगैसर जैसी अतिरिक्त सेकंडरी धातुकर्मी सुविधाओं के प्रवर्तन तथा स्थिरीकरण के पश्चात् मूल्य वर्द्धित इस्पात के उत्पादन को बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। साथ ही, उत्पाद की श्रेणी में भी सुधार की जा रही है और विशेष बार मिल के उत्पाद आंशिक रूप से कॉयल के रूप में भी उपलब्ध किए जाएँगे।

वर्ष 2017-18 के लिए आर आई एन एल के ध्यान केंद्रित क्षेत्र:

- नयी और पुनरोद्धार की गई इकाइयों से उत्पादन में बढ़ोत्तरी
- उच्चतम मूल्य वर्धित इस्पात के उत्पादन में वृद्धि
- उच्च एन एस आर क्षेत्र की बिक्री में सुधार
- आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए उच्च प्रभावी लागत कटौती पर बल

6.0 जोखिम व चिंतनीय मुद्दे:

कच्चे माल की कीमतों में अस्थिरता, बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा, इस्पात की बाजार में मंदी, आधुनिकीकरण परियोजनाओं की पूर्ति में देरी और बनायी गयी योजना की तुलना में नई इकाइयों से कम उत्पादन आदि अगले वर्ष के दौरान कंपनी के समक्ष उत्पन्न होनेवाले कुछ जोखिम व चिंतनीय मुद्दे हैं।

7.0 आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उसकी उपयुक्तता

उपर्युक्त मद से संबंधित विवरण निदेशक के प्रतिवेदन में शामिल किया गया है और उसका संदर्भ लिया जा सकता है।

8.0 प्रचालन निष्पादन से संबंधित वित्तीय निष्पादन पर विचार-विमर्श

8.1 वित्तीय परिदृश्य

कंपनी द्वारा पिछले वर्ष की तुलना में क्रमश: मूल्य में 4% वृद्धि के साथ 12,706 करोड़ का बिक्री कारोबार (388.99 करोड़ ट्रायल रन उत्पादन सहित) दर्ज किया गया है। वर्ष 2016-17 के दौरान, निवल बिक्री प्राप्ति में 5% वृद्धि अंकित हुई। कच्चे माल की कीमतों को पाटने के लिए प्राप्ति में वृद्धि अपर्याप्त रही और इसके कारण कंपनी में हानि हुई। हालाँकि, मात्रा में वृद्धि और लागत कटौती पहल के परिणामस्वरूप पिछले वर्ष के सकल मार्जिन में 659 करोड़ रुपए की हानि को कम करते हुए इसे इस वर्ष के दौरान 264 करोड़ रुपए तक सीमित की जा सकी।

8.2 वित्तीय निष्पादन

विवरण	वित्त वर्ष 2016-17 (करोड़ रुपए)	वित्त वर्ष 2015-16 (करोड़ रुपए)	पिछले वर्ष की तुलना में % वृद्धि
बिक्री कारोबार*	12706	12271	4
सकल मार्जिन (पीबीडीआईटी)	(264)	(659)	60
कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	(1690)	(1702)	1
कर पश्चात लाभ (पीएटी)	(1263)	(1604)	21

*बिक्री कारोबार में वित्त वर्ष 2016-17 के 388.99 करोड़ और वित्त वर्ष 2015-16 के 2211.24 करोड़ के ट्रायल रन उत्पादन की बिक्री शामिल हैं।

8.3 कंपनी के वित्तीय निष्पादन का विश्लेषण

8.3.1 बिक्री कारोबार (ट्रायल रन सहित)

विवरण	वित्त वर्ष 2016-17 (करोड़ रुपए)	वित्त वर्ष 2015-16 (करोड़ रुपए)	पिछले वर्ष की तुलना में % वृद्धि
बिक्री योग्य इस्पात उत्पादों की बिक्री	11924	11504	4
कच्चा लोहा व अन्य उत्पादों की बिक्री	782	767	2
कुल बिक्री कारोबार	12706	12271	4
उपर्युक्त शामिल ट्रॉयल रन उत्पादन की बिक्री	389	2211	
ट्रॉयल रन उत्पादन के बिना बिक्री कारोबार	12317	10060	22

8.3.2 अन्य राजस्व

विवरण	वित्त वर्ष 2016-17 (करोड़ रुपए)	वित्त वर्ष 2015-16 (करोड़ रुपए)	पिछले वर्ष की तुलना में % वृद्धि
अर्जित ब्याज	66.09	95.04	(30)
अन्य गैर-प्रचालन आय	194.20	253.88*	(24)

* अन्य गैर-प्रचालन आय में माननीय उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेशों के आधार पर **122.93** करोड़ संपत्ति कर की वापसी और हुदहुद दावे के निपटान के रूप में बीमा कंपनी से प्राप्त **25** करोड़ रुपए शामिल हैं।

8.3.3 व्यय (निवल अंतर लेखा समायोजन)

विवरण	वित्त वर्ष 2016-17 (करोड़ रुपए)	वित्त वर्ष 2015-16 (करोड़ रुपए)	पिछले वर्ष की तुलना में % वृद्धि
खपत की गयी सामग्री की लागत	6945.20	4141.59	68
अर्धपरिसज्जित/परिसज्जित माल की वस्तुसूची में परिवर्तन	(397.54)	1149.72	
कर्मचारी लाभ	2163.83	1881.87	15
वित्त लागत	767.74	676.70	13
मूल्यह्रास व परिशोधन	658.86	365.66	80
अन्य व्यय	2953.87	2854.83	3
कुल	13091.96	11070.37	18

खपत की गयी सामग्री की लागत में से ट्रॉयल रन उत्पादन के लिए खपत की गई लागत निकाल दी गयी। खपत की गयी सामग्री की लागत में **6,019.40** करोड़ के प्रति **7,789.77** करोड़ रुपए के ट्रॉयल रन उत्पादन की लागत शामिल की गयी। इससे **29%** वृद्धि दर्ज हुई।

मुख्यत: कार्यकारी पूँजी आवश्यकताएँ, पूँजीकरण आदि में बढ़ोत्तरी के कारण ब्याज व्यय में वृद्धि हुई।

पिछले वर्ष के दौरान इस्पात गलन शाला-**2**, डब्ल्यू आर एम-**2**, सिंटर संयंत्र-**3** आदि जैसी नई इकाइयों के पूँजीकरण के कारण अधिक मात्रा में मूल्यह्रास हुआ।

वित्त वर्ष **2016-17** के लिए व्यय का विश्लेषण (ट्रायल रन सहित)



8.3.4 राजकोष में योगदान

पिछले वर्ष के **1954** करोड़ रुपए की तुलना में कंपनी ने विविध सरकारी अभिकरणों को कर एवं प्रभार के रूप में राष्ट्रीय राजकोष में **1501.43** करोड़ रुपए का अंशदान किया।

8.3.5 उधार

विवरण	वित्त वर्ष 2016-17 (करोड़ रुपए)	वित्त वर्ष 2015-16 (करोड़ रुपए)	पिछले वर्ष की तुलना में % वृद्धि
संरक्षित ऋण	7370.45	4130.34	78
असंरक्षित ऋण	6835.10	6260.78	9
कुल ऋण (दीर्घ व अल्पावधि)	14205.55	10391.12	37

8.3.6 संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर

विवरण	वित्त वर्ष 2016-17 (करोड़ रुपए)	वित्त वर्ष 2015-16 (करोड़ रुपए)	पिछले वर्ष की तुलना में % वृद्धि
निवल ब्लॉक			
मूर्त	12902.88	11917.66	8
अमूर्त	25.21	37.49	(33)
चालू भारी मरम्मत कार्य	7768.96	6988.67	11
विकासशील अमूर्त परिसंपत्तियाँ	0.00	2.70	(100)

8.3.7 गैर-चालू परिसंपत्तियाँ व गैर-चालू देयताएँ

विवरण	वित्त वर्ष 2016-17 (करोड़ रुपए)	वित्त वर्ष 2015-16 (करोड़ रुपए)	पिछले वर्ष की तुलना में % वृद्धि
गैर-चालू देयताएँ			
वित्तीय देयताएँ			
उधार	5841.71	3805.48	54
अन्य वित्तीय देयताएँ	42.90	13.56	216
प्रावधान	964.06	853.59	13
आस्थगित कर देयताएँ (निवल)	0.00	202.37	(100)
अन्य गैर-चालू देयताएँ	7.71	7.15	8
गैर-चालू परिसंपत्तियाँ			
वित्तीय परिसंपित्तियाँ			
निवेश	740.88	697.59	6
ऋण	128.54	154.74	(17)
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ	286.70	157.09	83
आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (निवल)	242.41	0.00	-
अन्य गैर-चालू परिसंपत्तियाँ	158.02	116.14	36

8.3.8 चालू परिसंपत्तियाँ, चालू देयताएँ

विवरण	वित्त वर्ष 2016-17 (करोड़ रुपए)	वित्त वर्ष 2015-16 (करोड़ रुपए)	पिछले वर्ष की तुलना में % वृद्धि
चालू परिसंपत्तियाँ			
वस्तुसूची			
अर्ध-परिसज्जित/ परिसज्जित माल	2343.94	1873.47	25
कच्चा माल	1734.96	1438.09	21
भंडार व हिस्से पुर्जे	687.95	499.04	38
कुल वस्तुसूची	4766.85	3810.60	25
वित्तीय परिसंपत्तियाँ			
व्यापार प्राप्य सकल प्राप्य	899.78	977.81	(8)
घटाएँ: व्यापार प्राप्य हेतु प्रावधान	20.98	21.03	(0)
निवल प्राप्य	878.80	956.78	(8)
नकद व बैंक शेष	53.9	45.56	18
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ	276.26	282.21	(2)
अन्य कर परिसंपत्तियाँ (निवल)	0.01	7.00	(100)
अन्य चालू परिसंपत्तियाँ	636.48	670.28	(5)
कुल चालू परिसंपत्तियाँ	6612.30	5772.43	15
चालू देयताएँ			
वित्तीय देयताएँ			
उधार	8048.84	6585.64	22
व्यापार देय	1037.85	733.56	41
अन्य वित्तीय देयताएँ	3532.35	3128.98	13
व्युत्पन्नी	138.38	54.17	155
प्रावधान	137.59	102.51	34
अन्य चालू देयताएँ	544.86	488.67	11
कुल चालू देयताएँ व प्रावधान	13439.87	11093.53	21

8.3.9 कंपनी द्वारा उठाए गए पहल :

आर आई एन एल मूल्य वर्धित इस्पात उत्पादन के अलावा लागत कटौती के लिए आंतरिक उपायों की तलाश में सभी प्रकार के प्रयास कर रहा है। उठाए गए विविध लागत कटौती पहलों की समीक्षा की जाती हैं। कच्चे माल, हरित ऊर्जा की उत्पत्ति और प्रचालन दक्षता में सुधार आदि जैसे क्षेत्रों में अतिरिक्त युक्तिसंगत लागत उपाय क्षेत्र भी पहचाने गए। प्रचालनरत लागत में कटौती के लिए गए महत्वपूर्ण मद :

- **श्रम उत्पादकता में सुधार**: वर्ष 2016-17 में श्रम उत्पादकता में वर्ष 2015-16 के 345/टीसीएस/प्रति व्यक्ति/वर्ष की तुलना में 375/टी सी एस/प्रति व्यक्ति/वर्ष तक वृद्धि हुई।
- **प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना** : धमन भट्ठियाँ - 1 व 3 में कोक की जगह आंशिक प्रतिस्थापना के रूप में पल्वराइज्ड कोयला इंजेक्शन का उपयोग और धमन भट्ठी - 3 में 120 कि ग्रा/टी एच एम तक का उच्चतम दर प्राप्त किया जा सका।
- **बेंचमार्किंग** : वर्ष के दौरान, धमन भट्ठी उत्पादकता, कोक दर, ऊर्जा खपत आदि जैसी सुधार के लिए कई तकनीकी-आर्थिक मापदंड पहचाने गए, जिनमें पिछले वर्ष की तुलना में सुधार हुई।
- **विद्युत संयंत्र - 2 से अधिकतम निजी विद्युत उत्पत्ति** : इसमें आंतरिक सस्ता धमन भट्ठी गैस को ईंधन के रूप में प्रयोग किया जाता है। अपशिष्ट ऊर्जा वसूली के आधार पर पिछले वर्ष के 25.89 मेगावाट की तुलना में वर्ष 2016-17 में विद्युत का उत्पादन 48.28 मेगावाट तक पहुँचा।
- **लागत कटौती उपाय** : आर आई एन एल के लिए निजी खदानों के नहीं होने के कारण कच्चे माल की कीमत अत्यधिक है। अत:, आर आई एन एल के लिए लागत कटौती उपाय ध्यान हमेशा ध्यान केंद्रित क्षेत्र रहा। आर आई एन एल सदा लागत को नियंत्रित करने तथा वित्तीय स्थिति में सुधार की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। वर्ष 2016-17 के दौरान कोकिंग कोयला की कीमतों में तीन गुना असाधारण वृद्धि के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए उठाए गए उपायों में निम्नलिखित शामिल हैं:

प्रमुख क्षेत्र जहाँ सुधार लाया जा सका :

क. सं.	मापदंड	इकाई	2016-17	2015-16	% सुधार
1	रैक रिटेंशन समय	घंटे	12.13	14.80	18
2	धमन भट्ठी में कार्बन दर, जो कोक की खपत और पी सी आई पर निर्भर है	कि ग्रा/टी एच एम	460.80	478.60	4
3	धमन भट्ठियों में विनिर्दिष्ट ऊष्मा की खपत	एम केल/टी एच एम	475.00	526.00	10
4	धमन भट्ठियों में विनिर्दिष्ट विद्युत की खपत	केडब्ल्यूएच/टी एच एम	45.74	51.40	11
5	धमन भट्ठियों में वायु की खपत	सी यू एम/टी एच एम	1296.00	1388.00	7
6	एस एम एस -2 में एल डी गैस की प्राप्ति	एन एम^3/टी सी एस	80.00	13.70	>100
7	एस एम एस-2 में औसतन कन्वर्टर का जीवन काल	हीट्स की संख्या	2953.00	1956.00	51
8	डब्ल्यू आर एम-2 में विनिर्दिष्ट विद्युत की खपत	केडब्ल्यूएच/टन	287.50	340.90	16
9	धमन भट्ठी-3 में टी आर टी से विद्युत का उत्पादन	मेगावाट	7.01	2.31	>100

- **सस्ते कच्चे माल के साथ प्रतिस्थापन** : महँगे कच्चे माल खासकर कोकिंग कोयले का प्रतिस्थापन सस्ते माल से करने की दिशा में नियमित रूप से प्रयास किया जा रहा है। हाल ही में टेक कोयला और तुहुप कोयला जैसे दो नए सस्ते कोयला का प्रयोग शुरू किया गया है, जिससे मिश्रण लागत को कम करने में मदद मिली।
- **मूल्य वर्धित इस्पात के माध्यम से प्राप्य में सुधार**: उच्च कार्बन, उच्च मैंगनीज व 20.64 स्प्रिंग स्टील (वर्ष 2015-16 में 1.3 लाख टन की तुलना में वर्ष 2016-17 में 2.0 लाख टन) की बढ़ोत्तरी के माध्यम से प्राप्य में सुधार।
- **अनुकूलतम विपणन पद्धति के माध्यम से प्राप्य में सुधार** : उच्च निवल बिक्री प्राप्ति क्षेत्रों में बिक्री में वृद्धि के माध्यम से वर्ष 2015-16 के 1.0 मि टन की तुलना में वर्ष 2016-17 में 1.2 मि टन तक प्राप्य में सुधार हुई।

वित्त पहल :

(i) ब्याज भार को कम करने की दिशा में ऋण के लिए नियमित रूप से उपलब्ध विविध विकल्पों का अनुकूलतम उपयोग किया गया। वाणिज्य कागजातों की जारी के माध्यम से कम ब्याज दर पर अल्पावधि ऋण और पूर्ण रूप से बाड़ा लगाए गए अल्पावधि विदेशी मुद्रा ऋण (क्रेता की साख) का लाभ उठाया गया।

(ii) ग्राहकों को वित्त की सुविधा प्रदान करने के लिए चैनल वित्त भागीदारों को शामिल किया गया। इसके फलस्वरूप कारोबार को बढ़ाने में और ग्राहकों को उधार देने की समस्या को कम करने में मदद मिली।

(iii) आय की प्राप्ति के लिए मूल्यह्रास का उच्चतर दर, प्रदूषण नियंत्रण उपकरण पर अतिरिक्त मूल्यह्रास, ऊर्जा बचाने वाले उपकरण आदि, 32 धारा के अनुसार निवेश भत्ते, अनुसंधान व विकास व्यय में औसतन कटौती आदि के लिए विविध कर प्रोत्साहन के लिए दावे किए गए।

9.0 नियुक्त कर्मचारियों की संख्या के साथ-साथ मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध आदि के मामले में वास्तविक विकास

उपर्युक्त मद से संबंधित विवरण निदेशक के प्रतिवेदन में शामिल किया गया है।

10.0 पर्यावरण संरक्षा व संरक्षण, प्रौद्योगिकी संरक्षण, अनुसंधान व विकास, अक्षय ऊर्जा का विकास, विदेशी मुद्रा का संरक्षण:

उपर्युक्त मद से संबंधित विवरण निदेशक के प्रतिवेदन में शामिल किया जा चुका है।

11.0 निगमित सामाजिक दायित्व

उपर्युक्त मद से संबंधित विवरण निदेशक के प्रतिवेदन में शामिल किया जा चुका है।

12.0 स्पष्टीकरण

विवरण/आंकड़े, जिसका संबंध कंपनी से नहीं है और विविध स्रोतों से प्रतिवेदन में शामिल किया गया है, उसे विश्वसनीय माना जाता है और इसकी प्रामाणिकता के लिए कंपनी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। आगे, प्रबंधन विचार-विमर्श एवं विश्लेषण के विवरण में कंपनी के उद्धेश्यों का प्रकटीकरण, पूर्वानुमान से बनाए गए प्रक्षेपण एवं प्राक्कलन संबंधी विवरण और प्रगतिशील जानकारी से संबंधित विवरण लागू कानूनी एवं विनियमों के अनुसार प्रस्तुत है। आर्थिक स्थिति, सरकारी नीति और पारिस्थितिक घटकों के आधार पर प्रकटित या अंतर्निहित विवरण वास्तविक परिणामों से भिन्न हो सकते हैं।

निगमित अभिशासन प्रतिवेदन

1.0 कंपनी का सिद्धांत

कंपनी मानती है कि सत्यनिष्ठा एवं नैतिकतापूर्ण आचरण की दृढ़ प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण निगमित संपत्ति होती है। इससे कंपनी द्वारा कर्मचारियों, ग्राहकों, विक्रेताओं, नियामकों, सह-व्यापारियों एवं शेयरधारकों के साथ निष्ठापूर्ण व स्वच्छ व्यवहार सुनिश्चित होता है। कंपनी में सम्मान्य व सैद्धांतिक कार्यों की प्रतिष्ठा बनी हुई है, जिसका कंपनी से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिलता है। निगमित अभिशासन के संबंध में कंपनी के सिद्धांत से उत्तरदायित्व, पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा, प्रकटीकरण को सुनिश्चित करते हुए कानूनों, विनियमों, दिशानिर्देशों आदि के अनुपालन का रिपोर्टिंग एवं संगठन में नैतिकतापूर्ण आचरण को बढ़ावा देना अभिप्रेत है। कंपनी, देश में निगमित अभिशासन के उत्कृष्ट मानकों के अनुपालन में विश्वास रखती है, जिसके अनुसार मंडल के प्रत्येक सदस्य का प्रमुख दायित्व है कि वह कंपनी के हितों का संरक्षण व अनुरक्षण करें।

2.0 निदेशक मंडल

2.1 मंडल का संयोजन

आर आई एन एल निगमित अभिशासन की शर्तों के अनुपालन के संबंध में सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों का अनुसरण करता है। 31 मार्च, 2017 तक निदेशक मंडल में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सी एम डी), चार (4) पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक, दो (2) अंशकालिक सरकारी निदेशक (अर्थात सरकार द्वारा नामित निदेशक) और चार (4) अंशकालिक गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक (अर्थात स्वतंत्र निदेशक) के साथ सदस्यों की कुल संख्या 11 थी। निदेशक (वित्त) का पद 01.06.2016 से खाली था। श्री वी वी वेणुगोपाल राव को 06.07.2017 को निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त किया गया है।

31 मार्च, 2017 तक निदेशक मंडल का विवरण निम्नानुसार है:

	कार्यकारी निदेशक	
1)	श्री पो मधुसूदन	अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
2)	श्री पी सी महापात्रा	निदेशक (परियोजना)
3)	श्री डी एन राव	निदेशक (प्रचालन)
4)	श्री पी रायचौधरी	निदेशक (वाणिज्य)
5)	श्री के सी दास	निदेशक (कार्मिक)
	अंशकालिक सरकारी निदेशक (अर्थात सरकार द्वारा नामित निदेशक)	
6)	श्री सरस्वती प्रसाद, अपर सचिव व वित्तीय सलाहकार, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार	
7)	श्रीमती उर्विला खाती, संयुक्त सचिव (इस्पात), इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार	
	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (अर्थात स्वतंत्र निदेशक)	
8)	श्री एस के श्रीवास्तव	
9)	श्री एस के मिश्रा	
10)	श्री के एम पद्मनाभन	
11)	श्री सुनील गुप्ता	

2.2 मंडल की बैठकें

31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान निम्नलिखित अनुसार मंडल की आठ (8) बैठकें आयोजित की गयीं।

मंडल बैठक सं.	दिनांक	मंडल बैठक सं.	दिनांक
297	29-04-2016	301	15-09-2016
298	26-05-2016	302	02-12-2016
299	21-07-2016	303	23-12-2016
300	31-08-2016	304	06-01-2017

वर्ष **2016-17** के दौरान मंडल की बैठकों की संख्या व उनमें निदेशकों की उपस्थिति, अंतिम वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति, अन्यत्र संभाले जा रहे निदेशक पदों की संख्या एवं आर आई एन एल/वी एस पी आदि के मंडल की उपसमितियों में संभाले जा रहे अध्यक्ष/सदस्य पदों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	निदेशक (कों) की श्रेणी, नाम व पदनाम	निदेशक के संबद्ध सेवाकाल में आयोजित मंडल बैठकों की संख्या	मंडल बैठक में उपस्थिति	**29.09.2016** को आयोजित अंतिम वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति	**31.03.2017** तक अन्यत्र संभाले गए निदेशक पदों की संख्या	**31.03.2017** तक आर आई एन एल में मंडल की उप-समिति के अध्यक्ष/सदस्य पदों की संख्या ***		अन्य कंपनियों के मंडल की उप-समितियों में **31.03.2017** तक संभाले गए अध्यक्ष/सदस्य पदों की संख्या ***	
						अध्यक्ष	सदस्य	अध्यक्ष	सदस्य
	कार्यकारी निदेशक								
1)	श्री पो मधुसूदन अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक	8	8	हाँ	7	-	-	-	-
2)	श्री पी सी महापात्रा निदेशक (परियोजना)	8	7	हाँ	5	-	1	-	-
3)	श्री डी एन राव निदेशक (प्रचालन)	8	8	हाँ	4	-	-	-	-
4)	श्री पी रायचौधरी निदेशक (वाणिज्य)	8	8	हाँ	2	-	-	-	-
5)	श्री के सी दास निदेशक (कार्मिक) (01.01.2017 से)	1	1	**	शून्य	-	1	-	-
6)	श्री टी वी एस कृष्णकुमार $ निदेशक (वित्त) (31.05.2016 तक)	2	2	**	-	-	-	-	-
7)	डॉ.जी बी एस प्रसाद $ निदेशक (कार्मिक) (31.12.2016 तक)	7	6	**	-	-	-	-	-
	अंशकालिक सरकारी निदेशक (अर्थात सरकार द्वारा नामित निदेशक)								
8)	श्रीमती उर्विला खाती संयुक्त सचिव (इस्पात)	8	7	नहीं	4	-	-	-	-
9)	श्री सरस्वती प्रसाद अ स व वि स (इस्पात मंत्रालय) (08.02.2017 से)	0	0	**	4	-	-	-	-
10)	सुश्री भारती एस सिहाग # अ स व वि स (इस्पात मंत्रालय) (30.11.2016 तक)	5	5	नहीं	-	-	-	-	-
	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (अर्थात स्वतंत्र निदेशक)								
11)	श्री एस के श्रीवास्तव, भाप्रसे (से.नि)	8	8	नहीं	1	1	2	1	2
12)	श्री एस के मिश्रा, भारेसे (से.नि)	8	5	नहीं	शून्य	1	1	-	-
13)	श्री के एम पद्मनाभन	8	7	हाँ	2	1	2	1	2
14)	श्री सुनील गुप्ता	8	6	हाँ	2	1	2	-	-

$ सेवानिवृत्ति पर **समाप्ति** # भारत सरकार द्वारा नामांकन वापस लेने के कारण निदेशक पद की अवधि की समाप्ति

*** लेखापरीक्षा समिति, निगमित सामाजिक दायित्व व निरंतरता समिति, नामांकन व प्रतिदान एवं नीति/मानव संसाधन समिति, शेयरधारक निवेशक शिकायत समिति जैसी निगमित अभिशासन से संबंधित समितियों में **31.03.2017** तक संभाले गये पदों को विचार में लेकर ऊपर दिखाया गया।

** संबद्ध व्यक्ति पिछली वार्षिक आम बैठक की तिथि तक कंपनी के निदेशक नहीं थे/कंपनी के निदेशक के रूप में सेवाकाल समाप्त नहीं हुआ था।

नोट : वर्ष के दौरान निदेशक के रूप में सेवावधि समाप्त कर चुके निदेशक श्री टी वी एस कृष्ण कुमार, डॉ जी बी एस प्रसाद एवं सुश्री भारती एस सिहाग के मामले में आर आई एन एल व अन्य कंपनियों के मंडल की उपसमितियों में सदस्यता का विवरण नहीं दिया गया।

2.3 मंडल बैठक की प्रक्रिया

कंपनी सचिव, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के परामर्श से मंडल के प्रत्येक निदेशक को कंपनी के साथ पंजीकृत उनके पते पर न्यूनतम सात दिन की लिखित सूचना के साथ मंडल की बैठक आयोजित करता है। मंडल की कार्यसूची निदेशकों को पहले ही परिचालित की जाती है।

मंडल के सदस्य कंपनी एवं उसके निष्पादन से संबद्ध सभी प्रकार की जानकारी रखते हैं एवं वे कार्यसूची में चर्चा हेतु किसी मामले को जोड़ने की संस्तुति की स्वतंत्रता रखते हैं। आवश्यकता के अनुसार, वरिष्ठ प्रबंधन को बैठक में चर्चा के अधीन मामलों से संबंधित अतिरिक्त जानकारी देने/अथवा मंडल के समक्ष प्रत्येक मद के संबंध में प्रस्तुतीकरण देने हेतु मंडल की बैठकों में आमंत्रित किया जाता है।

मंडल की नियमित बैठक की जाती है और मंडल, कंपनी के प्रबंधन को उपयुक्त मार्गदर्शन देने हेतु उत्तरदायी है।

2.4 अभिशासन की समग्र प्रक्रिया में कंपनी सचिव की भूमिका

कंपनी सचिव, प्रबंधन से संबंधित प्रमुख व्यक्ति होने के नाते (के एम पी) मंडल की प्रक्रियाओं के अनुसरण एवं उनकी नियमित समीक्षा को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कंपनी सचिव द्वारा सुनिश्चित किया जाता है कि बैठकों में निदेशकों व वरिष्ठ प्रबंधन को प्रभावी निर्णय लेने हेतु संबंधित सभी प्रकार की जानकारी, विवरण व कागजात की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। कंपनी सचिव, कंपनी अधिनियम, **2013** एवं उसके तहत बनाये गये नियमों तथा उसके संबंध में लागू किसी नियम के अनुसार लागू सांविधिक आवश्यकताओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु उत्तरदायी है एवं अभिशासन संबंधी मामलों में प्रबंधन व नियामक प्राधिकारियों के बीच सेतु का काम करता है। कंपनी के सभी निदेशक, कंपनी सचिव की सलाह व सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं।

2.5 निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत की गयी जानकारी

कंपनी के निदेशक मंडल के समक्ष निम्न शीर्षकों के तहत जानकारी सामान्यत: कार्यसूची के रूप में प्रस्तुत की जाती है अथवा मंडल बैठकों के दौरान रखी जाती है:

- वार्षिक प्रचालन योजना व बजट एवं कोई अद्यतन जानकारी
- पूँजीगत बजट एवं कोई अद्यतन जानकारी
- कंपनी के तिमाही परिणाम व उसकी प्रचालन इकाइयाँ या व्यापार खंड
- मंडल की लेखापरीक्षा समिति एवं अन्य उपसमितियों की बैठकों के कार्यवृत्त
- सहायक कंपनियों की मंडल बैठकों के कार्यवृत्त
- किसी संयुक्त उद्यम अथवा अनुसंधान व विकास परियोजना अथवा तकनीकी सहयोग करार का विवरण, जिसके लिए निदेशक मंडल का अनुमोदन अपेक्षित हो
- सामग्री की बिक्री, निवेश, सहायक कंपनियों, परिसंपत्तियों के प्रकार, जो सामान्य व्यापार के अंतर्गत नहीं आते।
- मंडल द्वारा अपेक्षित मामलों पर की गई कार्रवाई संबंधी प्रतिवेदन
- निदेशकों द्वारा अन्य कंपनियों में संभाले गये निदेशक पदों एवं समिति के विभिन्न पदों के प्रति उनकी इच्छा का प्रकटीकरण
- सांविधिक अनुपालन संबंधी तिमाही प्रतिवेदन
- प्रमुख विधिक विवादों से संबंधित जानकारी
- मध्यस्थता संबंधी मामले
- अधिशेष निधियों के अल्पकालिक निवेश
- महत्वपूर्ण पूँजीगत निवेश संबंधी प्रस्ताव
- महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियों व पद्धतियों में परिवर्तन एवं उसके कारण
- कंपनी अधिनियम, **2013** के प्रावधानों एवं उसके तहत बनाये गये नियमों का अनुपालन
- मंडल के समक्ष उनकी जानकारी अथवा अनुमोदन की अपेक्षा से प्रस्तुत की जानेवाली कोई अन्य जानकारी

2.6 स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका

स्वतंत्र निदेशक, मंडल एवं मंडल की उपसमितियों की बैठकों के दौरान चर्चाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अभियांत्रिकी, वित्त, प्रबंधन, कानून व सार्वजनिक नीति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपने अनुभव का कंपनी को लाभ पहुँचाते हैं। मंडल द्वारा कंपनी अधिनियम, **2013** एवं उसके तहत बनाये गये नियमों तथा केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों के लिए निगमित अभिशासन से संबंधित सार्वजनिक उद्यम विभाग (डी पी ई) के दिशानिर्देशों में अपेक्षित अनुसार स्वतंत्र निदेशकों के पर्याप्त प्रतिनिधित्व के साथ लेखापरीक्षा समिति व निगमित सामाजिक दायित्व समिति आदि जैसी विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया है। कंपनी द्वारा कंपनी अधिनियम, **2013** की धारा **178** के अनुसार स्वतंत्र निदेशक द्वारा संचालित निष्पादन संबंधी वेतन सहित विभिन्न मामलों के समाधान हेतु नामांकन व प्रतिदान समिति का गठन भी किया गया है।

निगमित सामाजिक दायित्व गतिविधियों के उपयुक्त व आवधिक अनुश्रवण हेतु कंपनी अधिनियम, **2013** के प्रावधानों एवं सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता में निगमित सामाजिक दायित्व व निरंतरता से संबंधित मंडल उपसमिति का गठन किया गया है।

2.7 स्वतंत्र निदेशकों की बैठकें

सभी स्वतंत्र निदेशकों को शामिल करते हुए स्वतंत्र निदेशकों की समिति (सी ओ आई डी) जैसी मंडल की उपसमिति गठित की गयी, जो स्वतंत्र निदेशकों की बैठक एवं पूर्णकालिक (कार्यपालक) निदेशकों अथवा प्रबंधन कर्मियों की उपस्थिति के बिना मामलों पर चर्चा करने हेतु सहयोग प्रदान करता है। ऐसी बैठकों के दौरान स्वतंत्र निदेशकों द्वारा कंपनी के कार्यकलापों के संबंध में चर्चा की जाती है। वित्त वर्ष **2016-17** में **06.01.2017** तथा **19.03.2017** को ऐसी **2** (दो) बैठकें आयोजित की गयीं।

सदस्यों एवं उनकी उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

समिति के सदस्य	वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री सुनील गुप्ता	2	2
श्री एस के श्रीवास्तव	2	2
श्री एस के मिश्रा	2	1
श्री के एम पद्मनाभन	2	2

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

सभी स्वतंत्र निदेशकों ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (7) के साथ पठित धारा 149 (6) के तहत एवं सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु घोषणा की है।

2.8 नये निदेशकों का चयन

भारत सरकार द्वारा अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, कार्यकारी निदेशक, अंशकालिक सरकारी निदेशक (अर्थात सरकार द्वारा नामित) एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (अर्थात स्वतंत्र निदेशक) नियुक्त/नामित किये गये।

2.9 मंडल के सदस्यों, सेवानिवृत्ति नीति तथा मंडल के सदस्यों के मूल्यांकन संबंधी शर्त व निबंधन

कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति देय प्रतिदान, अवधि आदि जैसी शर्त व निबंधन के आधार पर समय समय पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। उन्हें पाँच (5) वर्ष की अवधि अथवा उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि, जो भी पहले हो, तक नियुक्त किया जाता है।

आर आई एन एल के मंडल में भारत सरकार द्वारा दो अंशकालिक सरकारी निदेशकों, अर्थात संयुक्त सचिव (इस्पात), इस्पात मंत्रालय एवं अपर सचिव व वित्तीय सलाहकार, इस्पात मंत्रालय जैसे सरकारी निदेशकों को नामित किया जाता है और वे भारत सरकार के विवेक के अनुसार एवं इस्पात मंत्रालय में अपने पद के साथ ऐसे कार्यालय का कार्यभार संभालते रहेंगे।

कंपनी को सरकारी कंपनी होने के नाते, नियुक्ति, निष्पादन मूल्यांकन आदि के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (ई) एवं (पी), 149 (6) (ए) एवं (सी), 152 (5) एवं 178 (2), (3) एवं (4) के प्रावधानों से भारत सरकार, निगमित मामले मंत्रालय द्वारा दि.05.06.2015 की गजट अधिसूचना के माध्यम से छूट दी गयी।

2.10 आचार संहिता

कर्मचारियों एवं मंडल के सदस्यों के आचरण को उच्चस्तरीय बनाने से संबंधित कंपनी के प्रयासों के अंतर्गत मंडल के सभी सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए 'व्यापार आचरण व नैतिक संहिता' बनायी गयी है, जिसे कंपनी के वेबसाइट में रखा गया।

संहिता के मुख्य तत्व:

- सामान्य नैतिक अनिवार्यता
- विशिष्ट व्यावसायिक उत्तरदायित्व; और
- मंडल के सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के अतिरिक्त दायित्व/अनिवार्यताएँ
- वरिष्ठ प्रबंधन कर्मी एवं मंडल के सदस्य प्रतिवर्ष घोषित करते हैं कि वे संहिता का पठन करते हैं एवं उसका अनुसरण करते हैं।

2.11 मंडल संहिता

मंडल द्वारा कंपनी के निदेशक मंडल हेतु मंडल सदस्यों के रूप में उनके कार्य व जिम्मेदारियों को परिभाषित करते हुए मंडल संहिता तैयार की गयी है। संहिता में कंपनी के निगमित अभिशासन संबंधी उद्देश्यों एवं कार्यपद्धति का विवरण भी दिया गया है।

2.12 वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान निदेशकों को दिये गये प्रतिदान व बैठक शुल्क का विवरण

पूर्णकालिक निदेशक (डब्ल्यू टी डी)/कार्यकारी निदेशक

भारत के राष्ट्रपति द्वारा कंपनी के अध्यक्ष के परामर्श से 5 वर्ष की अवधि अथवा सेवानिवृत्ति की आयु तक अथवा आगे के आदेशों तक, जो भी पहले हो, के अनुसार कंपनी के अंतर्नियमों के अनुरूप पूर्णकालिक निदेशकों/कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति की जाती है। हालाँकि, नियुक्ति किसी भी पक्ष की ओर से तीन महीने की सूचना द्वारा अथवा तीन महीने के वेतन के भुगतान के आधार पर समाप्त की जा सकती है। वर्ष 2016-17 के दौरान पूर्णकालिक निदेशकों को दिये गये प्रतिदान का विवरण निम्नानुसार है:

(₹ में मूल्य)

क्र.सं.	नाम	मूल वेतन (₹ में)	भत्ते व अनुलाभ एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभ (₹ में)	बैठक शुल्क (₹ में)	कुल (₹ में)
1.	श्री पो मधुसूदन	11,15,430	25,85,966	शून्य	37,01,396
2.	श्री पी सी महापात्रा	10,59,260	22,81,981	शून्य	33,41,241
3.	श्री डी एन राव	10,25,760	20,40,104	शून्य	30,65,864
4.	श्री पी रायचौधरी	9,88,800	20,06,589	शून्य	29,95,389
5.	श्री किशोर चंद्र दास (01.01.2017 से)	2,25,000	3,67,575	शून्य	5,92,575
6.	श्री टी वी एस कृष्णकुमार (31.05.2016 तक)	1,54,900	15,18,875	शून्य	16,73,775
7.	डॉ.जी बी एस प्रसाद (31.12.2016 तक)	7,81,406	27,23,311	शून्य	35,04,717

अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक)

भारत के राष्ट्रपति द्वारा अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (अर्थात स्वतंत्र निदेशक) की नियुक्ति उनके निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि अथवा आगे के आदेशों, जो भी पहले हो, तक की जाती है। कंपनी द्वारा अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों को मंडल/मंडल उपसमिति की प्रत्येक बैठक में उनकी उपस्थिति हेतु **20,000/-** रुपये के दर पर सिर्फ बैठक शुल्क का भुगतान किया जाता है। वर्ष के दौरान अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों (अर्थात स्वतंत्र निदेशकों) को दिये गये बैठक शुल्क का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	नाम	मूल वेतन (₹ में)	भत्ते व अनुलाभ एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभ (₹ में)	बैठक शुल्क (₹ में)	कुल (₹ में)
1.	श्री एस के श्रीवास्तव	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों को कंपनी द्वारा बैठक शुल्क के सिवाय कोई अन्य प्रतिदान नहीं दिया गया।		6,80,000/-	6,80,000/-
2.	श्री एस के मिश्रा			5,00,000/-	5,00,000/-
3.	श्री के एम पद्मनाभन			4,80,000/-	4,80,000/-
4.	श्री सुनील गुप्ता			4,60,000/-	4,60,000/-

अंशकालिक सरकारी निदेशक/सरकारी निदेशक

श्रीमती उर्विला खाती, सुश्री भारती एस सिहाग एवं श्री सरस्वती प्रसाद वर्ष **2016-17** के दौरान आर आई एन एल के निदेशकों के रूप में भारत सरकार द्वारा नामित अंशकालिक सरकारी निदेशक/सरकारी निदेशक हैं और कंपनी द्वारा अंशकालिक सरकारी निदेशकों को कोई प्रतिदान नहीं दिया जाता।

2.13 निदेशकों को दिये जानेवाले ऋण व अग्रिम

कार्यकारी निदेशकों को कोई विशेष ऋण अथवा अग्रिम नहीं दिया जाता। हालाँकि वे सामान्य कर्मचारियों के अनुरूप त्योहार अग्रिम एवं गृह निर्माण अग्रिम प्राप्त करने के हकदार हैं।

3.0 मंडल की उपसमितियाँ (बी एस सी)

मंडल द्वारा निम्न समितियों का गठन किया गया है:

ए. निगमित अभिशासन

i) लेखापरीक्षा समिति
ii) नामांकन व प्रतिदान एवं नीति/मानव संसाधन समिति
iii) निगमित सामाजिक दायित्व व निरंतरता समिति
iv) अंशधारक/निवेशक शिकायत समिति
v) स्वतंत्र निदेशक समिति

बी. व्यापार संबंधी अन्य उद्देश्य

vi) विपणन संबंधी मंडल उपसमिति (बी एस सी ओ एम)
vii) कच्चामाल संरक्षण एवं संयुक्त उद्यम व अधिग्रहण, एस पी यू आदि से संबंधित मंडल की उपसमिति
viii) विस्तारण व संबद्ध परियोजनाओं की समिति (पहले एच पी एस सी)
ix) प्रबंधन समिति (सी ओ एम)

मंडल उपसमिति की बैठक की प्रक्रिया

मंडल की सभी उपसमितियों की बैठकों के लिए मंडल बैठकों से संबंधित दिशानिर्देशों का अधिकांशत: पालन किया जाता है। समिति की बैठकों की कार्यवाही के कार्यवृत्त मंडल के समक्ष उनके अवलोकनार्थ एवं सूचनार्थ प्रस्तुत किये जाते हैं।

कंपनी सचिव, संबद्ध मंडल उपसमितियों के सचिव हैं।

3.1 लेखापरीक्षा समिति

कंपनी (मंडल की बैठकें एवं उनकी शक्तियाँ) नियम, **2014** के साथ पठित कंपनी अधिनियम, **2013** की धारा **177 (2)** के प्रावधानों के अनुसार लेखापरीक्षा समिति के कार्य/कार्यक्षेत्र मंडल द्वारा अनुमोदित किये जाते हैं, जिसके विवरण निम्नानुसार हैं:

समिति का कार्यक्षेत्र:

1. समिति का कार्यक्षेत्र:

लेखापरीक्षा समिति का कार्यक्षेत्र, कंपनी (मंडल की बैठकें एवं उनकी शक्तियाँ) नियम, **2014** के साथ पठित कंपनी अधिनियम, **2013** की धारा **177**, गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के मामले में निगमित अभिशासन हेतु सार्वजनिक उद्यम विभाग (डी पी ई) द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार होना चाहिए।

ए. सांविधिक प्रवृत्ति:

कंपनी अधिनियम, **2013** की धारा **177** के प्रावधानों के अनुरूप लेखापरीक्षा समिति द्वारा सांविधिक तौर पर निम्नलिखित गतिविधियों का संचालन अपेक्षित है:

1) संदर्भ की शर्तों में अन्य बातों के साथ निम्नलिखित भी शामिल हैं:

ए) कंपनी में लेखापरीक्षकों की नियुक्ति की संस्तुति, प्रतिदान एवं उनकी नियुक्ति की शर्तें
बी) लेखापरीक्षकों की स्वतंत्रता एवं निष्पादन और प्रभावकारिता तथा लेखापरीक्षा प्रक्रिया की समीक्षा व अनुश्रवण
सी) वित्तीय विवरण एवं उससे संबंधित लेखापरीक्षक प्रतिवेदन की जाँच
डी) संबद्ध पार्टियों के साथ कंपनी के लेनदेनों का अनुमोदन एवं कोई परवर्ती संशोधन
ई) अंतर-निगमित ऋणों व निवेशों की जाँच

एफ) कंपनी की वचनबद्धताओं एवं परिसंपत्तियों का आवश्यकता के अनुरूप मूल्यांकन

जी) आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों एवं जोखिम प्रबंधन प्रणालियों का मूल्यांकन

एच) सार्वजनिक प्रस्तावों एवं संबंधित मामलों के माध्यम से प्राप्त निधियों के वास्तविक उपयोग का अनुश्रवण

2) लेखापरीक्षा समिति, लेखापरीक्षकों के पर्यवेक्षणों सहित आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों, लेखापरीक्षा के कार्यक्षेत्र के संबंध में लेखापरीक्षा समिति की टिप्पणियाँ प्राप्त कर सकती है एवं मंडल के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले वित्तीय विवरण की समीक्षा कर सकती है। साथ ही इससे संबंधित किसी मामले पर आंतरिक व सांविधिक लेखापरीक्षकों एवं कंपनी के प्रबंधन के साथ विचार-विमर्श कर सकती है।

3) लेखापरीक्षा समिति (1) में दिये गये मदों से संबंधित अथवा मंडल द्वारा संदर्भित किसी मामले की जाँच करने का अधिकार रखती है और इसके लिए बाह्य स्रोतों से व्यावसायिक सलाह प्राप्त करने का अधिकार रखती है एवं कंपनी के अभिलेखों में दी गयी जानकारी प्राप्त कर सकती है।

वी. सार्वजनिक उद्यम विभाग (डी पी ई) द्वारा जारी निगमित अभिशासन दिशानिर्देशों के अनुरूप लेखापरीक्षा समिति की प्रमुख गतिविधियाँ निम्नानुसार हैं:

1) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का अवलोकन एवं उसकी वित्तीय जानकारी के प्रकटीकरण के माध्यम से यह सुनिश्चित करना कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त व विश्वसनीय हैं।

अनुमोदन प्रवृत्ति:

2) सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा प्रदत्त किन्हीं अन्य सेवाओं के लिए उन्हें प्रतिदान के भुगतान हेतु अनुमोदन

संस्तुति प्रवृत्ति:

3) मंडल के समक्ष लेखापरीक्षा शुल्क के निर्धारण की संस्तुति

समीक्षा प्रवृत्ति:

4) सतर्कता तंत्र (सजगता संकेत तंत्र) की कार्यविधि की समीक्षा

5) वार्षिक वित्तीय विवरण मंडल के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने से पहले, उनकी विशेषकर निम्नलिखित के संदर्भ में प्रबंधन के साथ समीक्षा:

ए) मंडल के प्रतिवेदन में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (5) के अनुसार निदेशकों के उत्तरदायित्व विवरण में शामिल किये जाने वाले मद शामिल किये जायें।

बी) लेखाकरण नीतियों व पद्धतियों में परिवर्तन, यदि कोई हों, एवं उसके कारण;

सी) प्रबंधन द्वारा फैसले के कार्यान्वयन पर आधारित प्राक्कलनों सहित प्रमुख लेखाकरण प्रविष्टियाँ;

डी) लेखापरीक्षा निष्कर्षों से प्राप्त वित्तीय विवरण में किये गये महत्वपूर्ण समायोजन;

ई) वित्तीय विवरण से संबंधित विधिक आवश्यकताओं का अनुपालन;

एफ) संबद्ध पार्टी के किन्हीं लेनदेनों का प्रकटीकरण;

जी) लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के प्रारूप की अर्हताएँ;

6) मंडल के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने से पहले प्रबंधन के साथ तिमाही वित्तीय विवरण की समीक्षा।

7) किन्हीं महत्वपूर्ण निष्कर्षों एवं उनसे संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई पर सांविधिक व आंतरिक लेखापरीक्षकों के साथ विचार-विमर्श

8) सांविधिक व आंतरिक लेखापरीक्षकों के निष्पादन, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता के संबंध में प्रबंधन के साथ समीक्षा

9) आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग, विभाग के अध्यक्ष की वरीयता एवं कर्मचारी, रिपोर्टिंग संरचना, आंतरिक लेखापरीक्षा की परिमित क्षेत्र व आवृत्ति सहित आंतरिक लेखापरीक्षा गतिविधि, यदि कोई हो तो उसकी पर्याप्तता की समीक्षा

10) धोखाधड़ी अथवा अनियमितता के संदेहास्पद अथवा आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की वास्तविक असफलता एवं उसके संबंध में मंडल के समक्ष रिपोर्टिंग जैसे मामलों में आंतरिक लेखापरीक्षकों द्वारा किन्हीं आंतरिक जाँचों के निष्कर्षों की समीक्षा

11) लेखापरीक्षा की शुरुआत से पहले उसकी प्रवृत्ति एवं परिमिति एवं लेखापरीक्षा विचार-विमर्श पश्चात ध्यान देने योग्य मुद्दों की जानकारी हेतु सांविधिक लेखापरीक्षकों के साथ चर्चा-परिचर्चा

12) जमाकर्ताओं, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश के भुगतान न होने के मामले में) और ऋणदाताओं को भुगतान में वास्तविक दोषों के कारणों की जाँच

13) लेखापरीक्षा समिति की संदर्भित शर्तों में उल्लिखित अनुसार किसी अन्य गतिविधि का संचालन

14) नियंत्रक व महालेखापरीक्षक (सी व ए जी) की लेखापरीक्षा टिप्पणियों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा

15) सार्वजनिक उपक्रम संबंधी संसदीय समिति (सी ओ पी यू) की संस्तुतियों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा

16) स्वतंत्र लेखापरीक्षक, आंतरिक लेखापरीक्षक और निदेशक मंडल के बीच संप्रेषण हेतु खुला मंच उपलब्ध कराना

17) कंपनी में सभी संबद्ध पार्टी लेनदेनों की समीक्षा। इसके लिए, लेखापरीक्षा समिति किसी सदस्य को पदनामित कर सकती है, जो संबद्ध पार्टी के अनुमोदन पूर्व लेनदेन हेतु उत्तरदायी होगा।

18) लेखापरीक्षा प्रयासों की परिमिति की पूर्णता, अनावश्यक प्रयासों में कमी और सभी लेखापरीक्षा संसाधनों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु स्वतंत्र लेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा प्रयासों के समन्वय की समीक्षा

19) प्रबंधन के विचार-विमर्श एवं वित्तीय स्थिति के विश्लेषण व प्रचालन परिणामों की समीक्षा

20) प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत संबद्ध पार्टी लेनदेन विवरण की समीक्षा

21) प्रबंधन के पत्रों/सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा आंतरिक नियंत्रण की कमजोरियों के संबंध में जारी किये गये पत्रों की समीक्षा

22) आंतरिक नियंत्रण की कमजोरियों के संबंध में आंतरिक लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की समीक्षा

23) मुख्य कार्यपालक अधिकारी, अर्थात अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्त अधिकारी, अर्थात निदेशक (वित्त) द्वारा वित्तीय विवरणों का प्रमाणन/घोषणा; और

24) मुख्य आंतरिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति एवं निष्कासन की सूचना लेखापरीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

25) विविध देनदारों की स्थिति की समीक्षा

26) निम्नलिखित के संबंध में स्वतंत्र लेखापरीक्षक, यदि हो, तो और प्रबंधन के साथ विचार एवं समीक्षा

ए) कंप्यूटरीकृत सूचना प्रणाली नियंत्रण व संरक्षा सहित आंतरिक नियंत्रणों की पर्याप्तता, एवं

बी) प्रबंधन की प्रतिक्रिया सहित स्वतंत्र लेखापरीक्षक और आंतरिक लेखापरीक्षक के संबद्ध निष्कर्ष एवं संस्तुति

27) निम्नलिखित के संबंध में प्रबंधन, आंतरिक लेखापरीक्षक एवं स्वतंत्र लेखापरीक्षक के साथ विचार एवं समीक्षा

ए) पिछली लेखापरीक्षा संस्तुतियों की स्थिति सहित वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण निष्कर्ष;

बी) लेखापरीक्षा के दौरान गतिविधियों की परिमिति एवं आवश्यक जानकारी के संबंध में किन्हीं व्यवधानों सहित उत्पन्न कठिनाइयाँ;

सी) उपरोक्त के अलावा, लेखापरीक्षा समिति को सूचीगत करार के खंड 49 की निम्नलिखित आवश्यकताओं की पूर्ति भी करनी होगी:

ए) लेखापरीक्षा समिति, मुख्य वित्त अधिकारी (अर्थात पूर्णकालिक वित्त निदेशक अथवा वित्तीय गतिविधियों का निर्वाह करनेवाले अथवा गतिविधियों की पूर्ति करनेवाले कोई अन्य व्यक्ति) की नियुक्ति हेतु उम्मीदवार की योग्यता, अनुभव एवं ज्ञान के आधार पर अनुमोदन देगी।

बी) लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष को वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के संदेहों के निवारण हेतु उपस्थित रहना होगा; हालांकि यदि अध्यक्ष किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो पाते हैं तोवे लेखापरीक्षा समिति के किसी सदस्य को नामित कर सकते हैं; और

सी) लेखापरीक्षा समिति, समिति की बैठकों में उपस्थित होने के उपयुक्त ऐसे (और खासकर वित्तीय मामलों के अध्यक्ष) कार्यपालक को आमंत्रित कर सकती है, हालाँकि कंपनी के किसी कार्यपालक की उपस्थिति के बगैर भी बैठक हो सकती है। लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में वित्त निदेशक, आंतरिक लेखापरीक्षा के अध्यक्ष एवं सांविधिक लेखापरीक्षा के प्रतिनिधि, आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित हो सकते हैं।

नोट: कंपनी सूचीबद्ध कंपनी नहीं है। निदेशक मंडल द्वारा लेखापरीक्षा समिति के संदर्भ की शर्तों के अंतर्गत उपरोक्त परिच्छेद (सी) की आवश्यकताएँ अनुमोदित की गयी हैं। तदनुसार, उपरोक्त का कंपनी द्वारा स्वैच्छिक रूप से अनुपालन किया जा रहा है।

डी) आर आई एन एल के निदेशक मंडल के अनुसार लेखापरीक्षा समिति उपरोक्त के अलावा निम्नलिखित कार्य भी देखती है:

1) संस्तुति प्रवृत्ति :

ए) पूँजीगत व्यय हेतु ऋण सहित कार्यकारी पूँजीगत व्यवस्था एवं सावधि ऋणों से संबंधित संस्तुतियाँ

बी) अधिशेष निधियों के निवेश संबंधी संस्तुतियाँ

सी) मंडल का अनुमोदन अपेक्षित नुकसानों को छोड़ने से संबंधित संस्तुतियाँ

2) लेखापरीक्षा समिति द्वारा सूचनाओं की समीक्षा :

ए) किसी इश्यू (पब्लिक इश्यू, राइट्स इश्यू, अधिमान्य इश्यू आदि) के माध्यम से प्राप्त निधियों के उपयोग के विवरण, ऑफर संबंधी कागजात/विवरणिका/सूचना में उल्लिखित आशय से भिन्न आशयों के लिए निधियों के उपयोग के विवरण और पब्लिक अथवा राइट्स इश्यू से प्राप्त निधि के उपयोग का अनुश्रवण करनेवाले अनुश्रवण अभिकरण द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन तथा इस मामले में आगे बढ़ने हेतु मंडल के समक्ष प्रस्तुत उपयुक्त संस्तुतियों की प्रबंधन के साथ समीक्षा।

बी) विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुरूप नामांकन के आधार पर संविदाओं की समीक्षा।

ई. समिति की शक्तियों में निम्नलिखित शामिल हैं:

ए) संदर्भ की शर्तों के अंतर्गत किसी गतिविधि की जाँच

बी) किसी कर्मचारी से सूचना प्राप्त करना

सी) निदेशक मंडल के अनुमोदन की शर्त पर बाहरी विधिक अथवा अन्य व्यावसायिक सलाह लेना

डी) यदि आवश्यक हो तो संबद्ध अनुभव रखनेवाले बाहरी व्यक्तियों की उपस्थिति को सुनिश्चित करना

ई) सजगता संकेतों की रक्षा करना।

एफ. लेखापरीक्षा समिति, सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा समय-समय पर निर्धारित ऐसे किसी अन्य मामले का कार्य भी देखेगी।

अवधि : सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा अनुच्छेद 4.4 के माध्यम से समय-समय पर जारी निगमित अभिशासन दिशानिर्देशों के अनुसार लेखापरीक्षा समिति की बैठक वर्ष में कम से कम चार बार होनी चाहिए और दो बैठकों के बीच का अंतराल चार (4) महीने से अधिक नहीं होना चाहिए। बैठक में या तो लेखा परीक्षा के दो सदस्यों अथवा एक-तिहाई संख्या में सदस्यों को, जो भी अधिक हो, उपस्थित होना चाहिए। हालाँकि कम से कम दो स्वतंत्र सदस्यों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होना चाहिए।

II संयोजन :

लेखापरीक्षा समिति में 31.03.2017 तक निम्नलिखित चार (4) स्वतंत्र निदेशक शामिल थे। समिति की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति का विवरण नीचे प्रस्तुत है:

समिति के सदस्य	पद	वर्ष के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
श्री सुनील गुप्ता	अध्यक्ष	9	8
श्री एस के श्रीवास्तव	सदस्य	9	9
श्री एस के मिश्रा	सदस्य	9	6
श्री के एम पद्मनाभन	सदस्य	9	7

लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में निदेशक (वित्त) स्थाई रूप से आमंत्रित सदस्य हैं और आंतरिक लेखापरीक्षा व माल सत्यापन विभाग के अध्यक्ष आमंत्रित सदस्य हैं। लेखापरीक्षा समिति की बैठक में वार्षिक वित्तीय विवरण एवं वार्षिक लेखापरीक्षा की प्रकृति एवं विस्तार के संबंध में विचार-विमर्श के समय सांविधिक लेखापरीक्षकों के प्रतिनिधि को भी आमंत्रित किया जाता है। कंपनी सचिव, लेखापरीक्षा समिति के सचिव का कार्यभार संभालते हैं।

III. वर्ष के दौरान लेखापरीक्षा समिति की बैठकें एवं उनमें उपस्थिति

31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान निम्नलिखित तिथियों पर लेखापरीक्षा समिति की नौ (9) बैठकें आयोजित हुई हैं :

क.सं.	बैठक सं.	दिनांक
1	62	11.04.2016
2	63	25.05.2016
3	64	02.07.2016
4	65	20.07.2016
5	66	24.08.2016
6	67	28.11.2016
7	68	22.12.2016
8	69	24.01.2017
9	70	04.03.2017

प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति संबंधी विवरण उपरोक्त तालिका में दिया गया है।

लेखापरीक्षा समिति की बैठकों के कार्यवृत्त मंडल की परवर्ती बैठकों में मंडल की जानकारी हेतु प्रस्तुत किये जाते हैं। मंडल की बैठक के दौरान लेखापरीक्षा समिति की टिप्पणी, यदि कोई हो तो लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष द्वारा मंडल को सूचित की जाती है।

3.2 नामांकन एवं प्रतिदान व नीति/मानव संसाधन समिति

नामांकन, प्रतिदान व नीति/मानव संसाधन समिति में 31.03.2017 तक तीन (3) स्वतंत्र निदेशक शामिल थे।

कंपनी, एक सरकारी कंपनी है, अत: अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति, कार्यकाल एवं प्रतिदान भारत सरकार द्वारा तय किये जाते हैं। सार्वजनिक उद्यम विभाग (डी पी ई) के दिशानिर्देशों के अनुसार वार्षिक बोनस/परिवर्तनशील वेतन कोष और निर्धारित सीमाओं के अनुरूप उसके वितरण की नीति के संबंध में निर्णय लेने हेतु प्रतिदान समिति का गठन किया गया। कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रतिदान समिति एवं नीति/मानव संसाधन समिति दोनों को मिलाते हुए नामांकन, प्रतिदान व नीति/मानव संसाधन समिति का पुनर्गठन किया। प्रतिदान समिति (आर सी) के मामलों के संबंध में निदेशक (वित्त) और निदेशक (कार्मिक) आमंत्रित किये जाते हैं। वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान 11.04.2016 व 25.05.2016 को 2 (दो) बैठकें आयोजित की गईं। सदस्यों तथा उनकी उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	पद	वर्ष के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
श्री एस के श्रीवास्तव	अध्यक्ष	2	2
श्री सुनील गुप्ता	सदस्य	2	2
श्री के एम पद्मनाभन	सदस्य	2	1

3.3 निगमित सामाजिक दायित्व व निरंतरता समिति

संयोजन :

निगमित सामाजिक दायित्व व निरंतरता समिति में 31.03.2017 तक तीन (3) स्वतंत्र निदेशक शामिल थे। वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान 02.07.2016 व 28.11.2016 को 2 (दो) बैठकें आयोजित की गईं। सदस्यों व उनकी उपस्थिति का विवरण नीचे प्रस्तुत है :

निदेशक का नाम	पद	वर्ष के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
श्री के एम पद्मनाभन	अध्यक्ष	2	2
श्री एस के श्रीवास्तव	सदस्य	2	2
श्री सुनील गुप्ता	सदस्य	2	1

नोट : समिति की बैठकों में निदेशक (कार्मिक), निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (प्रचालन) आमंत्रित सदस्य होते हैं।

3.4 अंशधारक/निवेशक शिकायत समिति

अंशधारक/निवेशक शिकायत समिति के पाँच (5) सदस्य हैं और एक स्वतंत्र निदेशक इसके अध्यक्ष हैं तथा अन्य चार (4) पूर्णकालिक निदेशक इसके सदस्य हैं। विवरण इस प्रकार है:

निदेशक का नाम	पद
श्री एस के मिश्रा	अध्यक्ष
निदेशक (परियोजना)	सदस्य
निदेशक (कार्मिक)	सदस्य
निदेशक (वित्त)	सदस्य
संबद्ध कार्यकारी निदेशक	सदस्य

समिति की आवश्यकता के आधार पर आवधिक बैठक होती है।

4.0 आम सभा की बैठकें

(i) पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों की तिथि, समय व स्थान:

वित्तीय वर्ष	दिनांक	समय	स्थान
2013-14	29.09.2014	15.00 बजे	प्रशासनिक भवन आरआईएनएल/वीएसपी विशाखपट्टणम–31
2014-15	29.09.2015	11.00 बजे	
2015-16	29.09.2016	11.00 बजे	

(ii) क्या पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों में कोई विशेष संकल्प पारित किया गया: जी हाँ

दिनांक	विशेष रूप से पारित संकल्प का विवरण
29.09.2015	अपरिवर्तनीय ऋणपत्र जारी करने के लिए अनुमोदन प्रदान करना
29.09.2014	कंपनी अधिनियम, 2013 की पुष्टि में कंपनी के विनियमों से युक्त संस्था के नये अंतर्नियमों को अपनाना
29.09.2014	आर आई एन एल के मंडल में अधिकतम 16 (सोलह) निदेशकों तक निदेशकों की संख्या को अनुमोदित करना
29.09.2014	अपरिवर्तनीय ऋणपत्र जारी करने के लिए अनुमोदन प्रदान करना

नोट: 29.09.2016 को आयोजित वार्षिक आम बैठक हेतु 34वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में उल्लिखित वर्तमान व भावी उधारों के संबंध में (i) प्रदत्त शेयर पूँजी की तुलना में अधिक मात्रा में उधार व कंपनी की मुक्त आरक्षित निधियों और (ii) कंपनी की चल व अचल परिसंपत्तियों की गिरवी के अवसर तथा/अथवा उनके प्रभार से संबंधित दो विशेष संकल्प रद्द किये गये।

(iii) चालू वर्ष की वार्षिक आम बैठक :

वित्तीय वर्ष	दिन व दिनांक	समय	स्थान
2016-17	बुधवार 27 सितंबर, 2017	11:00 बजे	प्रशासनिक भवन आरआईएनएल/वीएसपी विशाखपट्टणम

(iv) विशेष सामान्य बैठक एवं पारित विशेष संकल्प :

वर्ष के दौरान विशेष सामान्य बैठक आयोजित नहीं की गई।

5. प्रकटीकरण

(i) कंपनी के हितों के संदर्भ में बड़े पैमाने पर विवाद उत्पन्न करनेवाले पार्टी से संबंधित वास्तविक व महत्वपूर्ण लेन देन का प्रकटीकरण

कंपनी का अपने समर्थकों, निदेशकों अथवा प्रबंधन, अपनी सहायक कंपनियों अथवा संबद्ध व्यक्तियों आदि के साथ कंपनी के हित को बड़े पैमाने पर प्रभावित करने वाले विवाद जैसा कोई लेन-देन नहीं था।

(ii) पिछले तीन वर्षों के दौरान कंपनी द्वारा गैर-अनुपालन संबंधी विवरण, सरकार द्वारा जारी किसी मार्गदर्शक सूत्र से संबंधित किसी मामले पर किसी सांविधिक प्राधिकारी द्वारा कंपनी पर लगाया गया अर्थदंड, आरोप का विवरण:

पिछले तीन वर्षों के दौरान कंपनी द्वारा गैर-अनुपालन के दृष्टांत नहीं थे, सरकार द्वारा जारी किसी मार्गदर्शक सूत्र से संबंधित किसी मामले के संदर्भ में किसी सांविधिक प्राधिकारी द्वारा कंपनी पर कोई अर्थदंड का आरोप/कंपनी के गुणदोष की व्याख्या नहीं की गयी।

(iii) आर आई एन एल की निगरानी तंत्र नीति

कंपनी में सजगता संकेत नीति के साथ निगरानी तंत्र को भी लागू किया गया है।

(iv) निगमित अभिशासन दिशानिर्देशों की आवश्यकताओं का अनुपालन संबंधी विवरण

कंपनी द्वारा निगमित अभिशासन के संबंध में सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों की आवश्यकताओं का अनुपालन किया गया है।

(v) इस वर्ष एवं पिछले तीन वर्षों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा जारी किये गये राष्ट्रपति के निदेशों एवं उनके अनुपालन का विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रपति का कोई निदेश जारी नहीं किया गया।

(vi) खाता वही में दर्ज व्यय संबंधी मद, जो व्यापार के आशय से भिन्न हों।

खाता वही में व्यय संबंधी ऐसा कोई मद दर्ज नहीं है, जो व्यापार के आशय से भिन्न हो।

(vii) वैयक्तिक प्रकृति का व्यय, जो निदेशक मंडल व उच्च प्रबंधन के लिए किया गया हो।

ऐसा कोई वैयक्तिक प्रकृति का व्यय नहीं है, जो निदेशक मंडल एवं उच्च प्रबंधन के लिए किया गया हो।

(viii) वित्तीय व्यय की तुलना में कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में प्रशासनिक व कार्यालयीन व्यय का विवरण एवं वृद्धि के कारण

(रुपये करोड़ों में)

	विवरण	2016-17	2015-16	2015-16 की तुलना में वृद्धि/कमी के कारण
1	प्रशासनिक व कार्यालयीन व्यय	99.77	85.11	वृद्धि (संरक्षा व्यय में वृद्धि के कारण)
2	वित्तीय व्यय	767.74	676.70	वृद्धि (ऋण में वृद्धि के कारण)
3	कुल व्यय (लाभ व हानि खाते के अनुसार)	14767.07	11064.06	
4	कुल व्यय के % के रूप में प्रशासनिक व्यय (1÷3)	0.68%	0.77%	कमी (कुल व्यय में वृद्धि के कारण)
5	कुल व्यय के % के रूप में वित्तीय व्यय (%)(2÷3)	5.20%	6.12%	वृद्धि (ऋण में वृद्धि के कारण)

6. संचार के माध्यम

(i) त्रैमासिक परिणाम

कंपनी एक गैर सूचीबद्ध कंपनी है, अत: कंपनी के त्रैमासिक परिणाम समाचारपत्रों में प्रकाशित नहीं किये जाते। हालाँकि, उसे संबद्ध प्रशासनिक मंत्रालय (इस्पात मंत्रालय) और लेखापरीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

(ii) समाचारपत्र, जहाँ साधारणतया परिणाम प्रकाशित होते हैं

वार्षिक परिणामों का संक्षिप्त विवरण द हिंदू, ईनाडु (स्थानीय तेलुगु समाचारपत्र) आदि में प्रकाशित होते हैं।

(iii) कोई वेबसाइट, जहाँ प्रदर्शित होता हो

कंपनी के वेबसाइट (www.vizagsteel.com) में पिछले तीन वर्षों के वार्षिक प्रतिवेदन के अंतर्गत वार्षिक परिणाम अपलोड किये गये हैं। वेबसाइट को इस तरह बनाया गया है कि विवरण का सरलता व शीघ्रतापूर्वक अवलोकन किया जा सके। वेबसाइट में वार्षिक प्रतिवेदन के अंग्रेजी रूपांतर के साथ-साथ हिंदी रूपांतर भी रखा गया है।

(iv) क्या इसमें कार्यालय की प्रेस विज्ञप्तियाँ भी अपलोड की जाती हैं?

कंपनी के वेबसाइट (www.vizagsteel.com) में कार्यालय की प्रेस विज्ञप्तियाँ भी अपलोड की जाती हैं।

7. शेयरधारकों की जानकारी

(i) कंपनी के पंजीकरण का विवरण

कंपनी का भारत के आंध्रप्रदेश राज्य में पंजीकरण किया गया है। निगमित मामले मंत्रालय (एमसीए) द्वारा कंपनी को आवंटित निगमित पहचान संख्या (सीआईएन) U27109AP1982GOI003404 है।

(ii) वार्षिक आम बैठक

तिथि: बुधवार, 27 सितंबर, 2017

समय: 11.00 बजे

स्थान: प्रशासनिक भवन, आर आई एन एल, विशाखपट्टणम इस्पात संयंत्र (वी एस पी), विशाखपट्टणम

(iii) वित्त वर्ष

कंपनी के लिए वित्त वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक है।

(iv) लाभांश का भुगतान

वर्ष के दौरान कोई लाभांश घोषित नहीं है।

(v) स्टॉक कोड: ISIN-INE508F01013

(vi) रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण अभिकर्ता

कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड
प्लॉट सं.17-24, विट्ठल राव नगर, माधापुर
हैदराबाद-500 081, तेलंगाणा राज्य, भारत
दूरभाष: +91 40 4465 5000,
फैसिमेल: +91 40 2343 1551
ई-मेल: murali.m@karvy.com
वेबसाइट: www.karisma.karvy.com,
संपर्क सूत्र: श्री एम मुरली कृष्णा
सेबी पंजीकरण संख्या: INR000000221

(vii) शेयर हस्तांतरण प्रणाली

कंपनी, सरकारी कंपनी होने के नाते समस्त शेयर भारत के राष्ट्रपति एवं उनके नामितियों के प्रतिनिधित्व में केंद्र सरकार के संरक्षण में होते हैं। भारत के राष्ट्रपति के नाम के शेयर भौतिक रूप में नहीं होते। नामितियों के नाम पर रखे गये शेयर भौतिक रूप में होते हैं। सरकारी कंपनियों के लिए लागू पद्धति के अनुसार नामितियों में जब भी कोई परिवर्तन होता है तो उस परिवर्तन के अनुरूप भौतिक रूप से मौजूद शेयरों का नामितियों में हस्तांतरण होता है।

डीमैट व अन्य संबद्ध कार्यों के संचालन हेतु हैदराबाद के मेसर्स कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा. लिमिटेड को रजिस्ट्रार व शेयर हस्तांतरण अभिकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है, जिनकी रिपोर्टिंग प्रणाली, साप्ताहिक छायाचित्र प्रतिवेदनों के माध्यम से होती है।

(viii) 31.03.2017 तक ईक्विटी शेयरधारिता पद्धति

क्र.सं.	शेयरधारी का नाम	ईक्विटी शेयरों की संख्या
1	भारत के राष्ट्रपति (इस्पात मंत्रालय के माध्यम से कार्यरत)	488,98,45,400
2	श्री पो मधुसूदन	300
3	श्री पी सी महापात्रा	100
4	श्री डी एन राव	100
5	श्री पी रायचौधरी	100
6	श्री सरस्वती प्रसाद	100
7	श्रीमती उर्विला खाती	100
	कुल	**488,98,46,200**

कंपनी पूर्णत: सरकार की स्वामित्व वाली कंपनी है। सभी शेयर ऊपर क्र.सं.2 से 7 तक दिये गये अनुसार भारत के राष्ट्रपति एवं उनके नामितियों के अधीन हैं।

(ix) 31 मार्च, 2017 तक कंपनी की सहायक इकाइयाँ

(ए) ईस्टर्न इंवेस्टमेंट्स लिमिटेड (ई आई एल)

(बी) ओड़ीशा खनिज विकास निगम लिमिटेड (ओ एम डी सी)

(सी) विसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड (वी एस एल सी) (ओ एम डी सी व वी एस एल सी, ई आई एल की सहायक इकाइयाँ हैं)

(x) 31 मार्च, 2017 तक संयुक्त उद्यम कंपनियाँ

(ए) रिनमॉयल फेर्रो एलॉय प्राइवेट लिमिटेड

(बी) इंटरनेशनल कोल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड

(सी) आर आई एन एल पॉवरग्रिड टी एल टी प्राइवेट लिमिटेड

(डी) उत्तरबंगा आर आई एन एल रेल कारखाना लिमिटेड (यू आर आर के एल)*

* कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 560(3) के अधीन एम सी ए अभिलेख में नाम काट दिया गया है एवं राजपत्र की अधिसूचना की प्रतीक्षा है।

(xi) पत्र-व्यवहार हेतु पता

श्री दीपक आचार्य

सहायक महाप्रबंधक (सनदी लेखाकार) एवं कंपनी सचिव

कंपनी मामले विभाग, डी-12, डी ब्लॉक, दूसरा तल, प्रशासनिक भवन

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आर आई एन एल)

विशाखपट्टणम इस्पात संयंत्र (वी एस पी), विशाखपट्टणम-530031

ई-मेल: csrinl@vizagsteel.com, वेबसाइट: www.vizagsteel.com

8. लेखापरीक्षा की अर्हताएँ

कंपनी को 2007-08 से लगातार पिछले दस (10) वर्षों तक नियंत्रक व महा लेखापरीक्षक से 'शून्य' टिप्पणियाँ प्राप्त हुई हैं।

9. मंडल के सदस्यों का प्रशिक्षण

कंपनी स्वतंत्र निदेशकों/नये नियुक्त निदेशकों को स्कोप/सार्वजनिक उद्यम विभाग/आई पी ई द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित करती रहती है।

10. कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व मुख्य वित्त अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरणों का प्रमाणन

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (अर्थात कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक) और मुख्य वित्त अधिकारी (अर्थात निदेशक (वित्त)) ने लेखापरीक्षा समिति की समीक्षा के अनुरूप वर्ष 2016-17 के वित्तीय विवरणों को प्रमाणित किया है। (प्रति संलग्न है) **(अनुलग्नक-3)**

11. निगमित अभिशासन प्रमाणन

सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा मई, 2010 में जारी निगमित अभिशासन के दिशानिर्देशों के अनुपालन को कंपनी के अभ्यासिक सचिव ने 2016-17 के लिए प्रमाणित किया है, जो इसके साथ संलग्न है एवं निदेशक प्रतिवेदन के **(अनुलग्नक-4)** के अंतर्गत दिया गया है।

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
Rashtriya Ispat Nigam Limited
(A Government of India Undertaking)
CIN No. U27109AP1982GOI003404

मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सी ई ओ) और मुख्य वित्त अधिकारी (सी एफ ओ) के प्रमाणन

हम, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक **पो मधुसूदन** और मुख्य वित्त अधिकारी व निदेशक (वित्त) **वी वी वेणुगोपाल राव**, अपनी जानकारी और विश्वास के आधार पर यह प्रमाणित करते हैं कि:

1. हमने दि.31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए नकद प्रवाह विवरण व निदेशकों के प्रतिवेदन के साथ-साथ तुलन-पत्र और लाभ व हानि खाता व उससे संबंधित सभी अनुसूचियों एवं लेखा टिप्पणियों की समीक्षा की है।

2. हमारी जानकारी व सूचना के आधार पर, इन विवरणों में कोई असत्य तथ्य नहीं है अथवा जिन परिस्थितियों के अधीन विवरण तैयार किए गए हैं, उन परिस्थितियों के मद्देनजर विवरण तैयार करने के लिए आवश्यक किसी तथ्य को निकाला नहीं गया है, जिससे विवरणों के संदर्भ में गुमराह किया जा सके।

3. हमारी जानकारी व सूचना के आधार पर, ये विवरण कंपनी के कार्यकलापों के सही व स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं तथा विद्यमान लेखाकरण मानकों और/या लागू कानूनों व विनियमों के अनुपालन में हैं।

4. हमारी जानकारी व विश्वास के आधार पर, इस वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा किए गए लेन-देन में कोई जालसाजी, अवैधता अथवा कंपनी की आचरण संहिता का कोई उल्लंघन नहीं है।

5. हम वित्त संबंधी जानकारी देने हेतु आंतरिक नियंत्रणों की स्थापना और अनुरक्षण के लिए बाध्य हैं तथा हमने वित्तीय जानकारी से संबंधित कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों के प्रभाव का मूल्यांकन किया है और ऐसी आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों के डिजाइन व प्रचालन में विसंगतियाँ, यदि कोई हों, जिनकी हमें जानकारी हो तथा जिन्हें सुधारने का हमने उपाय किया अथवा प्रस्ताव रखा हो, उनका लेखा परीक्षकों तथा लेखा परीक्षा समिति के समक्ष प्रकटीकरण किया है।

6. हमने कंपनी के लेखा परीक्षकों व आर आई एन एल के निदेशक मंडल की लेखापरीक्षक समिति को विवरण प्रस्तुत किया है:
   - (क) वर्ष के दौरान वित्त संबंधी जानकारी देने हेतु आंतरिक नियंत्रणों में कोई विशेष परिवर्तन, यदि हों तो
   - (ख) वर्ष के दौरान लेखाकरण नीतियों में सभी उल्लेखनीय परिवर्तन, यदि हों तो, वित्तीय विवरण संबंधी नोट में समाहित किए गए हैं।
   - (ग) वित्त संबंधी जानकारी देने हेतु कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में विशेष जालसाजी संबंधी दृष्टांत, जिसकी हमें जानकारी हो तथा जिसमें प्रबंधन व किसी कर्मचारी की विशेष भूमिका हो।

7. हम आगे घोषित करते हैं कि, मंडल के सभी सदस्य एवं वरिष्ठ प्रबंधकीय कर्मचारियों ने दि.31.03.2017 को समाप्त वर्ष के लिए आचरण संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

ह/-	ह/-
वी वी वेणुगोपाल राव	**पो मधुसूदन**
मु वि अ व निदेशक (वित्त)	मु का अ व अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

स्थान : विशाखपट्टणम
दिनांक : 01-09-2017

VIZAG STEEL
RASHTRIYA ISPAT NIGAM LIMITED
PRIDE of STEEL
A NAVRATNA COMPANY

Please send your reply to :
Room No.D-12
Main Administration Building,
विशाखपट्टणम इस्पात संयंत्र, विशाखपट्टणम-530031
Visakhapatnam Steel Plant, Visakhapatnam - 530 031

Phones : +91 891 -2518249
TelFax : +91 891 -2518249
E-mail : dacharya@vizagsteel.com
Grams : 'UBEAM'
Mobile : +91 9493808723 /09437211629

Regd. Office : Visakhapatnam Steel Project, Administrative Building, Visakhapatnam - 530 031, INDIA.
पंजीकृत कार्यालय : विशाखपट्टणम इस्पात परियोजना, प्रशासनिक भवन, विशाखपट्टणम-530031, भारत

निदेशक प्रतिवेदन का अनुलग्नक - 4

P.N. Rao & Co.
Company Secretaries

फ्लैट नं.206, द्वितीय तल, वी आई पी टॉवर्स
सी वी एम कंपाउंड, विशाखपट्टणम-530 003
फोन नं.90300 22803, 90300 22804
मोबाइल : 7032651934
ई-मेल : pnraoandco@gmail.com

निगमित अभिशासन हेतु दिशानिर्देशों के अनुपालन का प्रमाण-पत्र

सेवा में

माननीय सदस्यगण

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड

विशाखपट्टणम इस्पात संयंत्र

विशाखपट्टणम

1. हमने भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय एवं सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी किये गये का.ज्ञा.सं. 18 (8) /2005-जी.एम., दि.14 मई 2010 के तहत, 31 मार्च 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में, निगमित अभिशासन के दिशानिर्देशों, जो सभी केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों के लिए अनिवार्य बना दिए गए हैं, उनके अनुपालन हेतु राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, भारत सरकार के उपक्रम (गैर-सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी) द्वारा निगमित अभिशासन निबंधनों के अनुपालन की जाँच की।

2. निगमित अभिशासन के दिशानिर्देशों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रबंधन की है। हमारी जाँच, निगमित अभिशासन के दिशानिर्देशों के अनुपालन में कंपनी द्वारा अपनायी गयी कार्यविधि तथा उनके कार्यान्वयन तक ही सीमित थी। यह कंपनी के वित्तीय विवरणों का न तो लेखा-परीक्षण है और न ही विचारों का अभिव्यक्तीकरण।

3. हमारे विचार व सर्वोत्तम सूचनाओं तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने उपरोक्त डी पी ई के दिशा-निर्देशों में निर्धारित अनुसार निगमित अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया है।

4. आगे हम यह भी सूचित करते हैं कि यह अनुपालन भविष्य में व्यावहारिकता के लिए कंपनी का न कोई आश्वासन है और न ही सक्षमता या प्रभावोत्पादकता जिनके द्वारा प्रबंधन ने कंपनी के कार्यकलाप किए।

कृते पी एन राव एंड कंपनी
कंपनी सचिव

P. Narasimha Rao
17.08.2017

(पी नरसिंग राव)
प्रोप्राइटर
सी पी नं.2552

P.N. RAO & CO. Visakhapatnam COMPANY SECRETARIES

स्थान : विशाखपट्टणम
दिनांक : 17.08.2017

निदेशक प्रतिवेदन का अनुलग्नक - 5

वित्त वर्ष 2016-17 के लिए निगमित सामाजिक दायित्व की गतिविधियों से संबंधित वार्षिक प्रतिवेदन

(कंपनी नियम, 2014 के नियम 9 (निगमित सामाजिक दायित्व) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार प्रकटीकरण)

1. **निगमित सामाजिक दायित्व के तहत प्रस्तावित परियोजनाएँ या कार्यक्रम से संबंधित विवरण सहित कंपनी की निगमित सामाजिक दायित्व नीति का संक्षिप्त विवरण और निगमित सामाजिक दायित्व नीति और परियोजनाओं या कार्यक्रम के वेब-लिंक का संदर्भ :**

कंपनी की निगमित सामाजिक दायित्व नीति प्रचालनरत कंपनी के विनिर्दिष्ट परिस्थिति को दृष्टि में रखते हुए बनायी गयी है। यह नीति कंपनी अधिनियम 2013 और तत्पश्चात जारी निगमित सामाजिक दायित्व नियम के अनुसार प्रक्रिया के अनुरूप अभिप्रेत है। आगे कंपनी द्वारा सार्वजनिक उपक्रम विभाग से जारी दिशानिर्देशों का सख्त अनुपालन किया जा रहा है।

नीति का सार :

निरंतरता पर उपयुक्त बल देते हुए कंपनी की नीति बनायी गयी है।

- इस नीति का नाम 'निगमित सामाजिक दायित्व व निरंतरता' (सी एस आर व एस) नीति के रूप में परिवर्तित किया गया।
- इस नीति में कंपनी की निरंतरता नीति सहित निरंतरता के लिए एक भाग का प्रावधान है।
- नीति के प्रारंभ में कार्यनीति में निरंतरता को शामिल करने के संबंध में स्पष्ट किया गया है, जबकि द्वितीयार्ध में निगमित सामाजिक दायित्व के कार्यकलापों के बारे में उल्लेख किया गया है।
- नीति की कार्य परिधि में कार्यकलापों की प्रकृति के साथ कार्यान्वयन क्षेत्र के बारे में भी उल्लेख किया गया है, जिसमें स्थानीय क्षेत्र भी परिभाषित है।
- स्थानीय क्षेत्र और गैर-स्थानीय क्षेत्र के बीच व्यय से संबंधित सूचक अनुपात 80:20 विनिदिष्ट किया गया है।
- परियोजनाओं की पहचान, कार्यान्वयन के साथ अनुश्रवण को भी स्थान दिया गया है।
- कार्यनीति में गैर-सरकारी संगठनों, सरकारी संगठनों के सहयोग से या आर आई एन एल सी एस आर न्यास के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से कार्यान्वयन जैसे तीन विविध विकल्प भी विनिर्दिष्ट है।
- परियोजनाओं के मूल्यांकन से संबंधित शक्तियों का प्रत्यायोजन भी इसमें शामिल किया गया है।
- आर आई एन एल के साथ कार्य करने के लिए किसी भी गैर-सरकारी संगठन या न्यास के लिए न्यूनतम 5 वर्षों का नियमित अनुभव की आवश्यकता है।
- वर्ष के प्रारंभ में निगमित सामाजिक दायित्व समिति को प्रस्तावित परियोजनाओं का प्रपत्र भी दिया जाता है।
- नीति का वेबलिंक : **https://www.vizagsteel.com/csr/csr-policy.pdf**

शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, कौशल विकास, पर्यावरण, खेलों को बढ़ावा एवं ग्रामीण विकास जैसे ध्यान केंद्रित क्षेत्रों में शुरू की गई परियोजनाओं से संबंधित जानकारी इस प्रकार है:

क्र.सं.	निगमित सामाजिक दायित्व परियोजना/कार्यक्रम/कार्यकलाप
शिक्षा	
1.	संयंत्र व खान के परिसर गाँवों के गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के बच्चों को नि:शुल्क तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना।
2.	विशाखपट्टणम के सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के वितरण के लिए भोजन वितरण वाहन एवं बर्तनों को संग्रह करने में अक्षयपात्रा न्यास को सहायता।
3.	विशाखपट्टणम के चंद्रामपालेम स्थित जिला परिषद हाई स्कूल के लिए 'पाठशालकि आभरणम' परियोजना के तहत 220 ड्यूयल मेज उपलब्ध कराना।
4.	विशाखपट्टणम जिले के परित: गाँवों और आदिवासी गाँवों के 500 लाभार्थियों के लिए प्रौढ़ साक्षरता कार्यक्रम
5.	संयंत्र में और परिसर के विभिन्न रूप से सक्षम बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए अरुणोदया विशेष विद्यालय को सहयोग।
स्वास्थ्य	
6.	विशाखपट्टणम के किंग जार्ज अस्पताल के लिए बहु मंजिल अस्पताल परिसर का निर्माण एवं चिकित्सा उपकरण हेतु सहायता।
7.	कार्निया के संचयन के लिए अंबुलेंस के अधिग्रहण हेतु विशाखपट्टणम के मोहिसिन नेत्र बैंक को सहयोग।
स्वच्छता	
8.	गरमियों के महीनों के दौरान संयंत्र के पुनर्वास कालनियों व परित: गाँवों को पेयजल की आपूर्ति
9.	संयंत्र के परिसर गाँवों में पेयजल के आर ओ प्लांट्स की स्थापना
10.	महा विशाख नगर निगम को डंपर बिन, आदिवासी गाँव के लिए सौर बिजली आधारित जल प्रणाली उपलब्ध करना, ई-शौचालयों की स्थापना आदि जैसी स्वच्छ भारत परियोजनाएँ

कौशल विकास	
11.	अनुसूचित जनजाति युवा को औद्योगिक सिलाई मशीन प्रचालन (प्राथमिक व उच्च) में रोजगार आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण
12.	संयंत्र व खानों में पुनर्वास कॉलनियों एवं परित: गाँवों में व्यावसाथिक प्रशिक्षण कार्यक्रम
पर्यावरण	
13.	विशाखपट्टणम के महा विशाख नगर पालिका निगम के चिह्नित क्षेत्रों में 'हरित विशाख' परियोजना के तहत ब्लॉक व एवेन्यू पौधारोपण
ग्रामीण विकास	
14.	विशाखपट्टणम जिले के सीतानगरम गाँव में सामुदायिक सभा भवन के निर्माण के लिए सहायता।
खेल	
15.	विशेष बच्चों के खेलों को प्रोत्साहित करना तथा खेल उपकरण के लिए सहयोग।

2. समिति का गठन

ए) निगमित सामाजिक दायित्व व निरंतरता (सी एस आर व एस) से संबंधित आर आई एन एल मंडल उप-समिति निगमित सामाजिक दायित्व समिति के रूप में कार्यरत है।

निगमित सामाजिक दायित्व व नियमितता से संबंधित मंडल उप-समिति में 3 सदस्य हैं और सभी तीन स्वतंत्र निदेशक हैं:

1. श्री के एम पद्मनाभन – अध्यक्ष
2. श्री एस के श्रीवास्तव – सदस्य
3. श्री सुनील गुप्ता – सदस्य

उपर्युक्त के अलावा निदेशक (कार्मिक), निदेशक (प्रचालन), निदेशक (वित्त) आमंत्रित सदस्य हैं और कंपनी सचिव इस समिति के सचिव है।

बी) निगमित सामाजिक दायित्व व निरंतरता से संबंधित मंडल की उप-समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान दो बैठकें आयोजित की गई और निगमित सामाजिक दायित्व परियोजनाएँ/कार्यक्रम/कार्यकलाप की स्थिति पर समीक्षा की गयी तथा समयबद्ध तरीके से विविध निगमित सामाजिक दायित्व परियोजनाएँ/कार्यक्रम/कार्यकलाप को त्वरित गति से पूरा करने के लिए उपाय सुझाए गए। इसके अलावा, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक तथा निदेशकगण द्वारा इन सभी परियोजनाओं/कार्यक्रमों/कार्यकलापों की प्रति माह समीक्षा की गयी ।

सी) निगमित सामाजिक दायित्व व निरंतरता से संबंधित मंडल की उप-समिति ने यह भी सुझाव दिया कि इन परियोजनाओं/कार्यक्रमों/कार्यकलापों का प्रभाव/परिणाम का पता लगाने के क्रम में चार परियोजनाओं/कार्यक्रमों/कार्यकलापों के आंकलन के लिए अध्ययन किया जाय और देखें कि परिकल्पितानुसार समुचित रूप से अपेक्षित उद्देश्यों की पूर्ति हुई कि नहीं।

3. पिछले तीन वित्त वर्षों के लिए कंपनी का औसतन निवल लाभ : रु.(-)211.04 करोड़

4. राशि का निर्धारित निगमित सामाजिक दायित्व व्यय (2%) : रु.शून्य

5. वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान खर्च किए गए निगमित सामाजिक दायित्व का विवरण :

अ) वित्त वर्ष के दौरान खर्च की जानेवाली कुल राशि : रु.13.75 करोड़
(पिछले वर्ष से अग्रसारित राशि रु.6.27 करोड़ सहित)

आ) खर्च नहीं की गई राशि यदि हों तो : रु.5.22 करोड़

इ) वित्त वर्ष के दौरान किए गए व्यय के प्रकार से संबंधित विवरण : **अनुलग्नक-1** में संलग्न है।

6. यदि कंपनी द्वारा विगत तीन वर्षों के औसतन निवल लाभ का दो प्रतिशत या उससे संबंधित कुछ हिस्सा खर्च नहीं किया गया हों तो, कंपनी अपने मंडल प्रतिवेदन में खर्च न किए जाने से संबंधित कारण प्रस्तुत करें।

विगत दो वर्षों में प्राप्त हानि के दृष्टिगत कंपनी को निगमित सामाजिक दायित्व परियोजनाओं/कार्यक्रमों/कार्यकलापों के तहत सांविधिक प्रावधानों के अनुरूप कोई राशि यानि तत्काल पूर्ववर्ती तीन वर्षों के औसतन निवल लाभ के 2% राशि खर्च करने के लिए बाध्यता नहीं है। हालाँकि, लाभार्थियों के प्रति सामाजिक व आर्थिक रूप से महत्व रखनेवाले और सकारात्मक निगमित छवि को जारी रखने हेतु निगमित सामाजिक दायित्व परियोजनाओं/कार्यक्रमों/कार्यकलापों की गति में निरंतरता बरतने के लिए वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान 13.75 करोड़ रुपए (अग्रसारित राशि सहित) आवंटित किए गए।

7. निगमित सामाजिक दायित्व के उद्देश्य और कंपनी नीति के अनुपालन में निगमित सामाजिक दायित्व नीति का कार्यान्वयन और अनुश्रवण से संबंधित निगमित सामाजिक समिति का दायित्व विवरण

यह सूचित किया जाता है कि आर आई एन एल में कंपनी के निगमित सामाजिक दायित्व उद्देश्य एवं निगमित सामाजिक दायित्व व निरंतरता नीति के अनुसार निगमित सामाजिक दायित्व से संबंधित कार्यकलापों का कार्यान्वयन व अनुश्रवण का अनुपालन किया जाता है।

ह/-
(पो मधुसूदन)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

ह/-
के एम पद्मनाभन
(अध्यक्ष-निगमित सामाजिक दायित्व समिति)

अनुलग्नक–1

निगमित सामाजिक दायित्व–वित्त वर्ष 2016–17 के दौरान किए गए व्यय संबंधी विवरण

क्र.सं.	चिह्नित सी एस आर परियोजना व कार्यकलाप	परियोजना शामिल क्षेत्र	परियोजना या कार्यक्रम (1) स्थानीय क्षेत्र (2) विनिर्दिष्ट राज्य, जिला, जहाँ परियोजना या कार्यक्रम किए जा रहे हैं	परियोजना या कार्यक्रम की परिव्यय राशि (वजट) (रु.लाखों में)	परियोजनाओं या कार्यक्रम पर किया गया व्यय उपशीर्ष: (1) परियोजनाओं या कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय (2) ओवर हेड खर्च (रु.लाखों में)	रिपोर्टिंग अवधि तक संचित व्यय (रु.लाखों में)	प्रत्यक्ष या कार्यान्वयन अभिकरण के माध्यम से व्यय की गई राशि
क्षेत्र : शिक्षा							
1	संयंत्र व खान के परित: गाँवों के गरीबी रेखा से नीचे के वच्चों को नि:शुल्क शिक्षा का प्रावधान	शिक्षा	1. स्थानीय क्षेत्र 2. (i) विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश (ii) कृष्णा, आंध्र प्रदेश (iii) खम्मम, तेलंगाना	425.00	424.41	424.41	आर आई एन एल द्वारा प्रत्यक्ष रूप से
2	विशाखपट्टणम के सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के वितरण के लिए भोजन वितरण वाहन एवं वितरण के लिए वर्तन प्राप्त करने में अक्षयपात्रा न्यास को सहायता करना	शिक्षा	1. स्थानीय क्षेत्र 2. विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश	11.00	9.46	9.46	अक्षयपात्रा न्यास
3	स्कूलों, महाविद्यालयों आदि में कक्षाओं, छात्रावास व्लॉक के साथ विविध फर्नीचर के रूप में शैक्षणिक मूल-संरचनागत सुविधाएँ प्रदान करना और प्रौढ़ साक्षरता कार्यक्रम	शिक्षा	1. स्थानीय क्षेत्र 2.विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश	119.11	37.99	37.99	सर्वशिक्षा अभियान, आंध्रप्रदेश सरकार, सरकारी आई टी आई, गाजुवाका, विशाखपट्टणम, विस्टील महिला समिति, श्री साई सेवा न्यास, उक्कुनगरम, विशाखपट्टणम
4	संयंत्र में और परिसर के विभिन्न रूप से सक्षम वच्चों को नि:शुल्क शिक्षा उपलव्ध कराने के लिए अरुणोदया विशेष विद्यालय को सहायता	शिक्षा	1. स्थानीय क्षेत्र 2. विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश	28.00	28.00	28.00	अरुणोदया विशेष शैक्षणिक सोसाइटी, उक्कुनगरम

5	शिक्षा एवं अन्य मूलसंरचनागत सुविधाएँ प्रदान करना	शिक्षा	1. अन्य क्षेत्र 2. गोंडा, उत्तर प्रदेश	66.45	23.11	23.11	एच एस सी एल
	क्षेत्र : स्वास्थ्य						
6	विशाखपट्टणम के किंग जार्ज अस्पताल में बहु मंजिल अस्पताल परिसर के निर्माण और चिकित्सा उपकरण के लिए सहायता प्रदान करना।	स्वास्थ्य	1. स्थानीय क्षेत्र 2. विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश	226.20	204.55	204.55	आंध्र प्रदेश चिकित्सा सेवा व मूलसंरचना विकास निगम (ए पी एम एस आई डी सी)
7	मोहिसीन नेत्र बैंक के लिए कार्नियाओं के संचयन हेतु अवुलेंस पाने के लिए सहायता और जग्गय्यपेटा चूनापत्थर खान के परित: गाँव में चिकित्सा शिविर।	स्वास्थ्य	1. स्थानीय क्षेत्र 2. (i) विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश (ii) कृष्णा, आंध्र प्रदेश	4.82	4.82	4.82	विशाखपट्टणम नेत्र बैंक और अनुसंधान प्रशिक्षण न्यास (वी ई बी ए आर टी) विशाखपट्टणम, आर आई एन एल द्वारा प्रत्यक्ष रूप से
	क्षेत्र : स्वच्छता						
8	संयंत्र व खान के परिसर गाँवों में आर ओ पेय जल प्लांट्स की स्थापना एवं संयंत्र के पुनर्वास कॉलनियों में ग्रीष्म मौसम में पेयजल की आपूर्ति	स्वच्छता	1.स्थानीय क्षेत्र 2.विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश	63.18	28.57	28.57	महा विशाख नगर निगम, विशाखपट्टणम
9	महा विशाख नगर निगम को डंपन विन जैसी स्वच्छ भारत परियोजनाएँ, जनजाति गाँव को सौर ऊर्जा आधारित पेयजल का प्रावधान व स्वच्छ पखवाड़ा कार्यकलाप, 'स्वच्छ विद्यालय' के तहत विद्यालयों में शौवालयों का निर्माण बाजार में ई-शौचालयों की स्थापना और अन्य कार्यकलाप	स्वच्छता	1. स्थानीय क्षेत्र 2. विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश	42.58	26.90	26.90	महा विशाख नगर निगम, ग्रामीण जलापूर्ति व स्वच्छता, आंध्र प्रदेश सरकार, सर्वशिक्षा अभियान, आंध्रप्रदेश सरकार, विस्टील महिला समिति

	क्षेत्र : कौशल विकास						
10	संयंत्र व खान के पुनर्वास कॉलनियों व परित: गाँवों में व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा अनुसूचित जाति युवा के लिए औद्योगिक सिलाई मशीन प्रचालन (प्राथमिक व उच्च) में रोजगार आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण	कौशल विकास	1. स्थानीय क्षेत्र 2. (i) विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश (ii) कृष्णा, आंध्र प्रदेश	21.14	10.65	10.65	जन शिक्षा संस्थान
	क्षेत्र : पर्यावरण						
11	'हरित विशाख परियोजना' के तहत विशाखपट्टणम के महा विशाख नगर निगम के चिह्नित क्षेत्रों में ब्लॉक व एवेन्यू पौधारोपण	पर्यावरण	1. स्थानीय क्षेत्र 2. विशाखपट्टणम, आंध्रप्रदेश	230.74	11.93	11.93	आर आई एन एल द्वारा प्रत्यक्ष रूप से
	क्षेत्र : खेल						
12	विशेष बच्चों के लिए खेल और खेल उपकरण के लिए सहयोग	खेल	1. स्थानीय क्षेत्र 2. (i) विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश (ii) नई दिल्ली	6.00	6.00	6.00	आर आई एन एल द्वारा प्रत्यक्ष रूप से
	क्षेत्र : ग्रामीण विकास						
13	संयंत्र व खान के परित: गाँवों में सामुदायिक सभागारों का निर्माण, सड़क निर्माण, नालों का निर्माण जैसे सामुदायिक विकास पहल	ग्रामीण विकास	1. स्थानीय क्षेत्र 2. विशाखपट्टणम, आंध्रप्रदेश	100.00	15.00	15.00	पंचायत राज, आंध्रप्रदेश सरकार, आर आई एन एल द्वारा प्रत्यक्ष रूप से
	क्षेत्र : कला व संस्कृति						
14	हिमाचल प्रदेश के लाहुल व स्पीती जिलों में ललित कलाओं का प्रोत्साहन	धरोहर, कला व संस्कृति का संरक्षण	1. अन्य क्षेत्र 2. लाहुल व स्पीती, हिमाचलप्रदेश	25.00	18.75	18.75	आयुक्त, लाहुल व स्पीती जिला, हिमाचल प्रदेश सरकार
	क्षेत्र : अन्य						
15	परियोजनाओं का प्रभावी आकलन व आवश्यक आकलन सर्वेक्षण आदि	अन्य	1. स्थानीय क्षेत्र 2. विशाखपट्टणम, आंध्र प्रदेश	5.46	2.54	2.54	आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखपट्टणम
			कुल	1374.68	852.68		

निदेशक प्रतिवेदन का अनुलग्नक - 6

प्रपत्र सं.एम जी टी-9

वार्षिक रिटर्न का सारांश

31.03.2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष तक

(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12(1) के क्रम में)

I. पंजीकरण और अन्य विवरण :

i) सी आई एन	:	U27109AP1982GOI003404
ii) पंजीकरण की तिथि	:	18-02-1982
iii) कंपनी का नाम	:	राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आर आई एन एल)
iv) श्रेणी	:	शेयरों के साथ लिमिटेड कंपनी
v) कंपनी की उप श्रेणी	:	संघ सरकार कंपनी
vi) पंजीकृत कार्यालय का पता और संपर्क विवरण	:	प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आर आई एन एल) विशाखपट्टणम इस्पात संयंत्र (वी एस पी) विशाखपट्टणम-530 031, आंध्र प्रदेश फोन : 0891 - 2518249; फैक्स : 0891 - 2518249 ई मेल : dacharya@vizagsteel.com; csrinl@vizagsteel.com
vii) क्या कंपनी सूचीबद्ध है	:	नहीं
viii) पंजीकर्ता और स्थानांतरण अभिकर्ता का नाम व पता, यदि हों तो	:	कार्वी कंप्यूटर शेयर प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट सं: 17-24, विट्ठल राव नगर, माधापुर हैदराबाद - 500081 040-44655000, 040-23431551 ई मेल : murali.m@karvy.com

II. कंपनी के मुख्य व्यापार कार्यकलाप

कंपनी के कारोबार में 10% या उससे अधिक योगदान देनेवाले सभी व्यापार कार्यकलाप इस प्रकार हैं :

मुख्य उत्पाद/सेवाओं के नाम तथा विवरण	उत्पाद/सेवा का एन आई सी कोड	कंपनी के कारोबार में प्रतिशत
बिक्री योग्य इस्पात व कच्चा लोहा	241-मूल लौह व इस्पात का विनिर्माण	96.17%

III. स्वामित्व, सहायक तथा सहभागी कंपनियों का विवरण

क.सं.	कंपनी का नाम व पता	सी आई एन/ जी एल एन	धारक/ सहायक/ सहभागी	शेयरों का %	कंपनी अधिनियम 2013 की लागू धारा
1	ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (ई आई एल) "सौरभ अवासन", द्वितीय तल, ए जी-104,सेक्टर-2, साल्ट लेक, कोलकाता पश्चिम बंगाल - 700091	L65993WB1927GOI005532	सहायक	51	2(87)(ii)
2	दि विस्रा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड (वी एस एल सी) "सौरभ अवासन", द्वितीय तल, ए जी-104, सेक्टर-2, साल्ट लेक, कोलकाता, पश्चिम बंगाल - 700091	L14100WB1910GOI001996	सहायक	50.27*	2(87)(ii)
3	दि ओदीशा खदान विकास कंपनी लिमिटेड (ओ एम डी सी) "सौरभ अवासन", द्वितीय तल, ए जी-104, सेक्टर-2, साल्ट लेक, कोलकाता, पश्चिम बंगाल - 700091	L51430WB1918GOI003026	सहायक	50.01 **	2(87)(ii)
4	रिनमॉयल फेर्रो एलॉय प्राइवेट लिमिटेड निचली मंजिल, पुराना स्वास्थ्य केंद्र, सेक्टर-2, उक्कुनगरम, विशाखपट्टणम -530031	U27101AP2009PTC064546	संयुक्त उद्यम	50	2(6)
5	अंतर्राष्ट्रीय कोयला उद्यम प्राइवेट लिमिटेड (आई सी वी एल), 20वां तल, स्कोप मीनार, (कोर-2), नार्थ टावर, लक्ष्मी नगर जिला केंद्र, दिल्ली-110092	U10100DL2009PTC190448	संयुक्त उद्यम	26.49	2(6)
6	आर आई एन एल पॉवरग्रिड टी एल टी प्राइवेट लि., (आर पी टी पी एल) कमरा सं.31,"बी"ब्लॉक, प्रोजक्ट आफीस, विशाखपट्टणम, इस्पात संयंत्र, विशाखपट्टणम-530031	U28121AP2015PTC097211	संयुक्त उद्यम	50	2(6)

* वी एस एल सी में संयुक्त रूप से आर आई एन एल (0.21%), ई आई एल (50.01%) और बर्ड्स जूट एंड एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (0.05%) के 50.27% शेयर हैं।

** ओ एम डी सी में ई आई एल के 50.01% शेयर हैं।

IV. शेयरधारण का पैटर्न (कुल ईक्विटी में प्रतिशत के रूप में ईक्विटी शेयर पूंजी का विवरण)

i) श्रेणीवार शेयरधारण

शेयरधारकों की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में शेयरों की संख्या (दि.01.04.2016 तक)				वर्ष के अंत में शेयरों की संख्या (31.03.2017 तक)				वर्ष क दौरान % में परिवर्तन
	डीमैट	वास्तविक	कुल	कुल शेयरों का %	डीमैट	वास्तविक	कुल	कुल शेयरों का %	
ए. संरक्षक									
(1) भारतीय									
ए) वैयक्तिक*/ एच यू एफ	0	800	800	0.000016	0	800	800	0.000016	0
बी) केंद्र सरकार	4889845400	0	4889845400	99.999984	4889845400	0	4889845400	99.999984	0
सी) राज्य सरकार	0	0	0	0	0	0	0	0	0
डी) निकाय निगम	0	0	0	0	0	0	0	0	0
इ) बैंक/एफ आई	0	0	0	0	0	0	0	0	0
एफ)अन्य कोई....	0	0	0	0	0	0	0	0	0
उप कुल(ए) (1)	4889845400	800	4889846200	100	4889845400	800	4889846200	100	0
(2) विदेशी									
ए) एनआरआई-वैयक्तिक	0	0	0	0	0	0	0	0	0
बी) अन्य-वैयक्तिक	0	0	0	0	0	0	0	0	0
सी) निकाय निगम	0	0	0	0	0	0	0	0	0
डी) बैंक/एफ आई	0	0	0	0	0	0	0	0	0
इ) अन्य कोई....	0	0	0	0	0	0	0	0	0
उप कुल(ए) (2)	0	0	0	0	0	0	0	0	0
संरक्षकों का कुल शेयरधारण (ए)=(ए)(1)+(ए)(2)	4889845400	800	4889846200	100	4889845400	800	4889846200	100	0
बी) सार्वजनिक शेयरधारण									
1.संस्थान									
ए) साझाकोष	0	0	0	0	0	0	0	0	0
बी) बैंक/एफ आई	0	0	0	0	0	0	0	0	0
सी) केंद्र सरकार	0	0	0	0	0	0	0	0	0
डी) राज्य सरकार	0	0	0	0	0	0	0	0	0
ई) उद्यम पूँजीगत निधि		0	0	0	0	0	0	0	0
एफ) बीमा कंपनी	0	0	0	0	0	0	0	0	0
जी) एफ आई आई	0	0	0	0	0	0	0	0	0
एच) विदेशी उद्यम पूंजी	0	0	0	0	0	0	0	0	0
आई)अन्य निधियाँ (सूचित करें)	0	0	0	0	0	0	0	0	0
उप कुल(बी) (1)	0	0	0	0	0	0	0	0	0

2. गैर-संस्थान									
ए) निकाय निगम	0	0	0	0	0	0	0	0	0
i) भारतीय	0	0	0	0	0	0	0	0	0
ii) विदेशी	0	0	0	0	0	0	0	0	0
बी) वैयक्तिक	0	0	0	0	0	0	0	0	0
नाममात्र की शेयर पूंजी रखनेवाले वैयक्तिक शेयरधारक (i) रु.1 लाख तक	0	0	0	0	0	0	0	0	0
(ii) रु.1 लाख से									
अधिक.	0	0	0	0	0	0	0	0	0
सी) अन्य (सूचित करें)	0	0	0	0	0	0	0	0	0
उप कुल (बी) (2)	0	0	0	0	0	0	0	0	0
कुल सार्वजनिक शेयरधारण (बी) = (बी) (1) + (बी) (2)	0	0	0	0	0	0	0	0	0
सी. जी डी आर व ए डी आर के लिए संरक्षक के शेयर	0	0	0	0	0	0	0	0	0
सकल कुल (ए+बी+सी)	4889845400	800	4889846200	100	4889845400	800	4889846200	100	0

ii) संरक्षक के शेयर

क सं	शेयरधारक के नाम	वर्ष के आरंभ में शेयरों की संख्या (01/04/2016)			वर्ष के अंत में शेयरों की संख्या (31/03/2017)			वर्ष के दौरान शेयरों में परिवर्तन का %
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	कुल शेयरों में प्रतिभूत/भारित शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	कुल शेयरों में प्रतिभूत/भारित शेयरों का %	
1	भारत के राष्ट्रपति	4889845400	99.999984	-	4889845400	99.999984	-	-
	भारत के राष्ट्रपति के नामिती							
2.	पो मधुसूदन	300	0.000006	-	300	0.000006	-	-
3.	पी सी महापात्रा	100	0.000002	-	100	0.000002	-	-
4.	टी वी एस के कुमार	100	0.000002	-	-	-	-	(0.000002)
5.	भारती एस सिहाग	100	0.000002	-	-	-	-	(0.000002)
6.	उर्विला खाती	100	0.000002	-	100	0.000002		
7.	डॉ जी बी एस प्रसाद	100	0.000002	-	-	-		(0.000002)
8.	डी एन राव	-	-	-	100	0.000002	-	0.000002
9.	पी रायचौधरी	-	-		100	0.000002	-	0.000002
10.	सरस्वती प्रसाद	-	-	-	100	0.000002	-	0.000002
कुल		4889846200	100.00	-	4889846200	100.00	-	-

iii) संरक्षकों के शेयरधारण में परिवर्तन (कृपया सूचित करें यदि कोई परिवर्तन न हो तो) .. कोई परिवर्तन नहीं है।

क्र सं	विवरण	वर्ष के आरंभ में शेयरधारण		वर्ष के दौरान संचित शेयरधारण	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %
	वर्ष के आरंभ में वृद्धि / कमी के कारण (उदाहरण के लिए आवंटन/ स्थानांतरण/ बोनस/स्वेट ईक्विटी आदि) स्पष्ट करते हुए वर्ष के दौरान संरक्षकों के शेयरधारण में दिनांकवार वृद्धि / कमी :	संरक्षकों की शेयरधारिता में कोई परिवर्त न नहीं है भारत के राष्ट्रपति 100% शेयरधारिता रखते हैं।			
	वर्ष के अंत में				

(iv) शीर्ष दस शेयरधारकों का शेयरधारण (निदेशकों, संरक्षकों और जी डी आर व ए डी आर शेयरधारकों के अलावा):

क्र सं	विवरण	वर्ष के आरंभ में शेयरधारण		वर्ष के दौरान संचित शेयरधारण	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल संख्या का %
	वर्ष के आरंभ में वृद्धि / कमी के कारण (उदाहरण के लिए आवंटन/ स्थानांतरण/ बोनस/स्वेट ईक्विटी बोनस आदि) स्पष्ट करते हुए वर्ष के दौरान संरक्षकों के शेयरधारण में दिनांकवार वृद्धि / कमी :	भारत के राष्ट्रपति 100% शेयरधरिता रखते हैं और अन्य व्यक्ति भारत के राष्ट्रपति की ओर से शेयर रखते हैं।			
	वर्ष के अंत में (या वर्ष के दौरान अलग होने पर अलग होने की तारीख तक)				

v) निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का शेयरधारण :

क्र सं	विवरण	वर्ष के आरंभ में शेयरधारण		वर्ष के दौरान संचित शेयरधारण	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल का %
1.	**पो मधुसूदन**				
	वर्ष के आरंभ में	300	0.000006	-	-
	वृद्धि / कमी के कारण (उदाहरण के लिए आवंटन/ स्थानांतरण/ बोनस/स्वेट ईक्विटी आदि) स्पष्ट करते हुए वर्ष के दौरान संरक्षकों के शेयरधारण में दिनांकवार वृद्धि / कमी :	शून्य			
	वर्ष के अंत में (या वर्ष के दौरान अलग होने पर अलग होने की तारीख तक)	300	0.000006	300	0.000006

2.	**पी सी महापात्रा**				
	वर्ष के आरंभ में	100	0.000002	100	0.000002
	वृद्धि/कमी के कारण (उदाहरण के लिए आवंटन/ स्थानांतरण/बोनस/स्वेट ईक्विटी आदि) स्पष्ट करते हुए वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तिथिवार वृद्धि/कमी:	शून्य			
	वर्ष के अंत में (या वर्ष के दौरान अलग होने पर अलग होने की तारीख तक)	100	0.000002	100	0.000002
3.	**टी वी एस कृष्णकुमार**				
	वर्ष के आरंभ में	100	0.000002	-	-
	वृद्धि/कमी के कारण (उदाहरण के लिए आवंटन/ स्थानांतरण/बोनस/स्वेट ईक्विटी आदि) स्पष्ट करते हुए वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तिथिवार वृद्धि/कमी: श्री डी एन राव को दि.**05.07.2016** को शेयर स्थानांतरण किया गया	100	0.000002	-	-
	वर्ष के अंत में (या वर्ष के दौरान अलग होने पर अलग होने की तारीख तक)	0	0	-	-
4.	**डॉ जी बी एस प्रसाद**				
	वर्ष के आरंभ में	100	0.000002	-	-
	वृद्धि/कमी के कारण (उदाहरण के लिए आवंटन/ स्थानांतरण/बोनस/स्वेट ईक्विटी आदि) स्पष्ट करते हुए वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तिथिवार वृद्धि/कमी: श्री पी रायचौधरी को दि.**23.02.2017** को शेयर स्थानांतरण किया गया	100	0.000002	-	-
	वर्ष के अंत में (या वर्ष के दौरान अलग होने पर अलग होने की तारीख तक)	0	0	-	-
5.	**डी एन राव**				
	वर्ष के आरंभ में	-	-	-	-
	वृद्धि/कमी के कारण (उदाहरण के लिए आवंटन/ स्थानांतरण/बोनस/स्वेट ईक्विटी आदि) स्पष्ट करते हुए वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तिथिवार वृद्धि/कमी: **05.07.2016** को वदली द्वारा टी वी एस कृष्णकुमार से प्राप्त	100	0.000002	100	0.000002
	वर्ष के अंत में (या वर्ष के दौरान अलग होने पर अलग होने की तारीख तक)	100	0.000002	100	0.000002
6.	**पी रायचौधरी**				
	वर्ष के आरंभ में	-	-	-	-
	वृद्धि/कमी के कारण (उदाहरण के लिए आवंटन/ स्थानांतरण/बोनस/स्वेट ईक्विटी आदि) स्पष्ट करते हुए वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तिथिवार वृद्धि/कमी: **23.02.2017** को वदली द्वारा डॉ.जी बी एस प्रसाद से प्राप्त	100	0.000002	100	0.000002
	वर्ष के अंत में (या वर्ष के दौरान अलग होने पर अलग होने की तारीख तक)	100	0.000002	100	0.000002

निदेशकों का शेयरधारण

1.	उर्विला खाती				
	वर्ष के आरंभ में	100	0.000002	100	0.000002
	वृद्धि/कमी के कारण (उदाहरण के लिए आवंटन/ स्थानांतरण/बोनस/स्वेट ईक्विटी आदि) स्पष्ट करते हुए वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तिथिवार वृद्धि/कमी:	शून्य			
भारतीय लेखाकरण मानक 101 के अनुसार, जहाँ भारतीय लेखाकरण मानक के अनुरूप कंपनी द्वारा कुछ प्राक्कलन अपेक्षित हैं और जो पूर्व जी ए ए पी के अनुसार नहीं बनाये गये, ऐसे प्राक्कलन परिवर्तन की तिथि पर विद्यमान शर्तों के (भारतीय लेखाकरण मानक के प्रारंभिक तुलन पत्र की तैयारी हेतु) अनुरूप अथवा तुलनात्मक अवधि के अंत तक (भारतीय लेखाकरण मानक के अनुरूप तुलनात्मक जानकारी प्रस्तुत करने हेतु) बनाये जायें।

भारतीय लेखाकरण मानक के अधीन कंपनी के प्राक्कलन उपरोक्त आवश्यकता के अनुरूप हैं। स्टैंडलोन वित्तीय विवरण तैयार करने में विचार में लिये गये प्रमुख प्राक्कलन, जो पूर्व जी ए ए पी के अधीन अपेक्षित नहीं थे, का विवरण निम्नानुसार है:

ए) एफ वी टी पी एल एवं/अथवा एफ वी ओ सी आई में अग्रसारित वित्तीय इंस्ट्रूमेंट्स का न्यायसंगत मूल्यांकन
बी) ऋणमोचन लागत में अग्रसारित वित्तीय इंस्ट्रूमेंट्स के वट्टागत मूल्य का निर्धारण
सी) प्रत्याशित साख हानि माडेल आधारित वित्तीय परिसंपत्तियों का ह्रास
डी) डीकमिशनिंग लागत की देयता का वट्टागत मूल्य

2. वित्तीय परिसंपत्तियों का वर्गीकरण व मापन

भारतीय लेखाकरण मानक 101 के अनुरूप यह अपेक्षित है कि किसी कंपनी द्वारा इस मानक को अपनाने की तिथि पर विद्यमान तथ्यों व स्थितियों के आधार पर वित्तीय परिसंपत्तियों के वर्गीकरण का मूल्यांकन किया जाय। आगे, यह मानक इसे अपनाने की तिथि पर विद्यमान तथ्यों व परिस्थितियों के आधार पर ऋणमोचन लागत में गणना की गई वित्तीय परिसंपत्तियों के मापन की, यदि पूर्वव्यापी प्रभाव व्यवहार्य न हो तो, स्वीकृति देती है।

तदनुसार, कंपनी ने इस मानक को अपनाने की तिथि पर विद्यमान तथ्यों व परिस्थितियों के आधार पर वित्तीय परिसंपत्तियों के वर्गीकरण का निर्णय लिया है। ऋणमोचन लागत पर गणना की गई वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन पूर्वव्यापी प्रभाव सहित, जहाँ ऐसा संभव न हो को छोड़कर, किया गया है।

सी. ईक्विटी का समाधान

(करोड़ रुपये)

विवरण	नोट्स	परिवर्तन की तिथि 1 अप्रैल 2015			31 मार्च 2016		
		पूर्व जीएएपी	भारतीय लेखाकरण मानक को अपनाने पर समायोजन	भारतीय लेखाकरण मानक	पूर्व जीएएपी	भारतीय लेखाकरण मानक को अपनाने पर समायोजन	पूर्व जीएएपी
परिसंपत्तियाँ							
गैर-चालू परिसंपत्तियाँ							
संपत्ति, संयंत्र व उपस्कर	ए,बी	5,305.41	439.74	5,745.15	11,826.39	91.27	11,917.66
चालू भारी मरम्मत कार्य	ए	11,492.98	-	11,492.98	6,979.93	8.74	6,988.67
अन्य अमूर्त परिसंपत्तियाँ		51.33	-	51.33	37.49	-	37.49
विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियाँ		2.57	-	2.57	2.70	-	2.70
वित्तीय परिसंपत्तियाँ							
निवेश	सी	362.53	239.16	601.69	642.59	55.00	697.59
ऋण	सी,डी,जी	926.53	(743.63)	182.90	649.79	(495.05)	154.74
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ	सी	-	125.96	125.96	-	157.09	157.09
अन्य गैर-चालू परिसंपत्तियाँ	सी	81.32	90.86	172.18	100.43	15.71	116.14
कुल गैर-चालू परिसंपत्तियाँ		**18,222.67**	**152.09**	**18,374.76**	**20,239.32**	**(167.24)**	**20,072.08**
चालू परिसंपत्तियाँ							
वस्तुसूची		5,179.51	(83.74)	5,095.77	3,907.50	(96.90)	3,810.60
वित्तीय परिसंपत्तियाँ	एच						
व्यापार प्राप्य		1,035.43	(1.33)	1,034.10	958.11	(1.33)	956.78
नकद व नकद सम राशि		63.94	-	63.94	45.56	-	45.56
ऋण	सी,ई	3,259.83	(3,259.45)	0.38	3,440.21	(3,440.21)	-
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ	सी	-	292.61	292.61	-	282.21	282.21
अन्य कर परिसंपत्तियाँ (निवल)		-	52.30	52.30	-	7.00	7.00
अन्य चालू परिसंपत्तियाँ	सी,डी	98.75	619.14	717.89	147.79	522.49	670.28
कुल चालू परिसंपत्तियाँ		**9,637.46**	**(2,380.47)**	**7,256.99**	**8,499.17**	**(2,726.74)**	**5,772.43**
कुल परिसंपत्तियाँ		**27,860.13**	**(2,228.38)**	**25,631.75**	**28,738.49**	**(2,893.98)**	**25,844.51**
ईक्विटी व देयताएँ							
ईक्विटी							
ईक्विटी शेयर पूँजी	एफ	5,189.85	(300.00)	4,889.85	4,889.85	-	4,889.85
अन्य ईक्विटी							
आरक्षित व अधिशेष	एम	6,404.08	223.90	6,627.98	4,983.35	40.91	5,024.27
अन्य व्यापक आय	आई	-	-	-	-	(45.29)	(45.29)
कुल ईक्विटी		**11,593.93**	**(76.10)**	**11,517.83**	**9,873.20**	**(4.38)**	**9,868.83**
देयताएँ							
गैर-चालू देयताएँ							
वित्तीय देयताएँ							
उधार		66.52	-	66.52	3,805.48	-	3,805.48
अन्य वित्तीय देयताएँ	सी	-	51.65	51.65	-	13.56	13.56
प्रावधान		557.14	-	557.14	853.59	-	853.59
आस्थगित कर देयताएँ (निवल)	जे	444.89	(120.44)	324.45	448.30	(245.93)	202.37
अन्य गैर-चालू देयताएँ	सी	138.27	(131.72)	6.55	109.81	(102.66)	7.15
कुल गैर-चालू देयताएँ		**1,206.82**	**(200.51)**	**1,006.31**	**5,217.18**	**(335.03)**	**4,882.15**
चालू देयताएँ							
वित्तीय देयताएँ							
उधार		7,444.89	-	7,444.89	6,585.64	-	6,585.64
व्यापार एवं अन्य देय	ए	600.60	-	600.60	733.56	-	733.56
अन्य वित्तीय देयताएँ	सी	-	4,254.97	4,254.97	-	3,128.98	3,128.98
व्युत्पन्न	ई		31.42	31.42		54.17	54.17
प्रावधान	सी	34.61	164.32	198.93	-	102.51	102.51
अन्य चालू देयताएँ	सी,ई	6,979.28	(6,402.47)	576.80	6,328.91	(5,840.23)	488.67
कुल चालू देयताएँ		**15,059.38**	**(1,951.76)**	**13,107.61**	**13,648.11**	**(2,554.57)**	**11,093.53**
कुल देयताएँ		**16,266.20**	**(2,152.28)**	**14,113.92**	**18,865.29**	**(2,889.60)**	**15,975.68**
कुल ईक्विटी व देयताएँ		**27,860.13**	**(2,228.38)**	**25,631.75**	**28,738.49**	**(2,893.98)**	**25,844.51**

डी. 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए कुल व्यापक आय का समाधान (करोड़ रुपये)

विवरण	नोटस	31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए		
		पूर्व जी ए ए पी	भारतीय लेखाकरण मानक को अपनाने पर समायोजन	भारतीय लेखाकरण मानक
राजस्व				
प्रचालन से राजस्व	एल	9,019.63	1,143.40	10,163.04
अन्य आय	के	317.73	31.20	348.92
कुल आय		9,337.36	1,174.60	10,511.96
व्यय				
खपत की गई सामग्री की लागत		4,141.59		4,141.59
परिसज्जित उत्पादों की वस्तुसूची में परिवर्तन एवं चालू कार्य		1,149.72	-	1,149.72
उत्पाद शुल्क	एल		1,143.40	1,143.40
कर्मचारी लाभ व्यय	आई,के	1,923.20	(41.33)	1,881.87
वित्तीय लागत	एफ,जी	650.70	26.00	676.70
मूल्यह्रास व ऋणमोचन व्यय	बी	346.81	18.86	365.66
अन्य व्यय	ई	2,913.34	(58.52)	2,854.83
कुल व्यय		11,125.36	1,088.42	12,213.78
पूर्वावधि मद व कर पूर्व लाभ		(1,788.00)	86.18	(1,701.82)
पूर्वावधि मद	ए	(370.77)	370.77	0.00
कर पूर्व लाभ		(1,417.23)	(284.59)	(1,701.82)
चालू कर		-	-	-
आस्थगित कर	जे	3.41	(101.51)	(98.10)
आय कर व्यय		3.41	(101.51)	(98.10)
जारी प्रचालन से वर्ष में लाभ (हानि)		(1,420.64)	(183.08)	(1,603.72)
प्रचालन बंद करने से वर्ष में लाभ (हानि)		-	-	-
प्रचालन बंद करने से कर व्यय		-	-	-
प्रचालन बंद करने (कर पश्चात) से वर्ष में लाभ (हानि)		-	-	-
वर्ष के लिए लाभ (हानि)		(1,420.64)	(183.08)	(1,603.72)
अन्य व्यापक आय				
मद, जिनका लाभ अथवा हानि के बाद पुन:वर्गीकरण नहीं किया जाएगा				
निश्चित लाभ देयता (परिसंपत्ति) का पुन: मापन	आई	-	(69.27)	(69.27)
मदों पर आय कर, जिसका लाभ अथवा हानि के बाद पुन:वर्गीकरण नहीं किया जाएगा	आई	-	23.97	23.97
वर्ष के लिए अन्य आय, निवल आय कर		-	(45.29)	(45.29)
वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय		(1,420.64)	(228.37)	(1,649.01)

ई. समाधानों के नोटस

ए. पूर्वावधि मदों का पुन: विवरण

भारतीय लेखाकरण मानक के अधीन, कंपनी को निम्न प्रकार से पहचानी गई वास्तविक पूर्वावधि त्रुटियों को पूर्वव्यापी प्रभाव से प्रस्तुत करना होगा:

ए) प्रस्तुत पूर्वावधि (यों) की तुलनात्मक राशि, जिसमें त्रुटि पाई गई हो:

बी) यदि त्रुटि प्रस्तुत पूर्वावधि से पहले हुई हो तो प्रस्तुत पूर्वावधि से पहले की अवधि के लिए परिसंपत्तियों, देयताओं एवं ईक्विटी का फिर से विवरण प्रस्तुत करना। पूर्व जी ए ए पी के अंतर्गत, पूर्वावधि मदों को, जिस वर्ष के दौरान पहचाने गये हैं, उसी वर्ष के लाभ व हानि विवरण में दिखाया गया।

बी. भंडार व हिस्से पुर्जे का पूँजीकरण

भारतीय लेखाकरण मानक 16 के अनुसार, कंपनी द्वारा संपत्ति, संयंत्र व उपस्कर की परिभाषा की पूर्ति करनेवाले भंडार का पूँजीकरण किया गया है।

सी.वित्तीय परिसंपत्तियों एवं देयताओं का पुन: वर्गीकरण

भारतीय लेखाकरण मानक के अंतर्गत, सभी वित्तीय परिसंपत्तियों एवं देयताओं का तुलन पत्र के आधार पर प्रकटीकरण करना होगा। पूर्व जी ए ए पी के अंतर्गत, यह अपेक्षित नहीं था। इस प्रकार, भारतीय लेखाकरण मानक 32 एवं 109 के अनुरूप वित्तीय परिसंपत्ति अथवा देयता के स्वीकृति मापदंड की पूर्ति करनेवाली सभी परिसंपत्तियों एवं देयताओं का पुन: वर्गीकरण किया गया है एवं तुलन पत्र में अलग से दिखाया गया है।

डी. ऋणमोचन लागत पर कर्मचारी ऋण

भारतीय लेखाकरण मानक **109** के आधार पर, कर्मचारियों के ऋण रूप में वित्तीय परिसंपत्तियाँ प्रभावी ब्याज दर पद्धति के उपयोग के माध्यम से ऋणमोचन लागत पर दिखाई गई हैं।

ई. व्युत्पन्न

भारतीय लेखाकरण मानक **109** के अनुसार, व्युत्पन्नी इंस्ट्रूमेंट्स का मार्क टू मार्केट पद्धति के उपयोग के माध्यम से न्यायसंगत मूल्य पर मापा गया है।

एफ. अधिमान्य शेयरों का न्यायसंगत मूल्यांकन

भारतीय लेखाकरण मानक **109** के आधार पर, अधिमान्य शेयरों के रूप में वित्तीय देयताओं की गणना प्रभावी ब्याज दर पद्धति के उपयोग के माध्यम से ऋणमोचन लागत पर की गई है।

जी. ए पी आई आई सी को दिये गये ऋण का न्यायसंगत मूल्यांकन

भारतीय लेखाकरण मानक **109** के आधार पर, ऋण के रूप में वित्तीय परिसंपत्तियों की प्रभावी ब्याज दर पद्धति के उपयोग के माध्यम से ऋणमोचन लागत पर गणना की गई है।

एच. व्यापार प्राप्य का प्रावधान

भारतीय लेखाकरण मानक **109** के आधार पर, संदेहास्पद ऋणों से संबंधित भत्ता प्रत्याशित ऋण हानि नमूने के आधार पर दर्ज किया गया है।

आई. बीमांकिक अभिलाभ व हानि

भारतीय लेखाकरण मानक के अंतर्गत, नियुक्ति पश्चात परिभाषित लाभ योजनाओं से संबंधित सभी बीमांकिक अभिलाभ व हानि अन्य व्यापक आय में दिखाये जाते हैं। पूर्व जी ए ए पी के तहत, कंपनी ने बीमांकिक अभिलाभ व हानि को लाभ अथवा हानि में दिखाया है। हालाँकि, इससे **1** अप्रैल **2015** अथवा **31** मार्च **2016** तक कुल व्यापक आय एवं कुल ईक्विटी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

जे. आय कर

पूर्व जी ए ए पी के तहत, वर्ष के दौरान लेखा आय एवं कर योग्य आय के बीच सामयिक अंतराल, अर्थात 'आय विवरण पद्धति' के उपयोग के माध्यम से आस्थगित कर की गणना की जाती है।

भारतीय लेखाकरण मानक के तहत, किसी परिसंपत्ति व देयता की अग्रसारित राशि के बीच अस्थाई अंतर के आधार पर आस्थगित कर की गणना तुलन पत्र एवं उसके कर आधार में की जाती है। इसे 'तुलन पत्र पद्धति' के नाम से जाना जाता है। इस पद्धति के आधार पर कंपनी को सभी भारतीय लेखाकरण मानक समायोजनों पर अतिरिक्त आस्थगित कर दिखाना होगा, क्योंकि इन्हीं से खाता एवं कर संबंधी बहियों में अस्थाई अंतर दिखाई देने लगेंगे।

के. किराये के रूप में आय

भारतीय लेखाकरण मानक के अनुरूप, कर्मचारियों से किराये के रूप में आय कर्मचारी संबंधी व्यय के रूप में मानते हुए किराये के न्यायसंगत मूल्य पर दिखाई गई है।

एल. उत्पाद शुल्क

पूर्व जी ए ए पी के अधीन, माल की बिक्री से प्राप्त राजस्व को बिक्री के निवल उत्पाद शुल्क के रूप में दिखाया गया। भारतीय लेखाकरण मानक के अधीन, माल की बिक्री के प्रस्तुत आंकड़े में उत्पाद शुल्क भी शामिल है। उत्पाद शुल्क को लाभ व हानि विवरण में व्यय के रूप में दिखाया गया। इससे **31** मार्च **2016** को समाप्त वर्ष के लिए प्रचालन से राजस्व एवं व्यय में वृद्धि हुई। **31** मार्च **2016** को समाप्त वर्ष के लिए कुल व्यापक आय एवं ईक्विटी अपरिवर्तित रही।

एम. संरक्षित अर्जन

उपरोक्त परिवर्तन से कुल ईक्विटी निम्नानुसार बढ़ी (कम हुई):

(₹ करोड़)

विवरण	1 अप्रैल 2015	31 मार्च 2016
ऋणमोचन लागत पर कर्मचारी ऋण	0.04	0.16
व्युत्पन्न	(2.98)	13.38
पूर्वावधि मद	374.32	-
न्यायसंगत मूल्य पर देयता के रूप में दर्ज अधिमान्य शेयर	(285.08)	-
भंडार व हिस्से पुर्जे व अन्य का पूँजीकरण	(18.31)	(5.58)
समर्थकारी परिसंपत्तियों का पूँजीकरण	-	8.74
व्यापार प्राप्य पर विदेशी मुद्रा समायोजन	-	(0.06)
प्रधानमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार	(6.55)	(7.15)
ए पी आई आई सी को ऋण का न्यायसंगत मूल्यांकन	(14.23)	(16.07)
व्यापार प्राप्य का प्रावधान	(1.33)	(1.33)
उपरोक्त समायोजनों पर कर प्रभाव	(121.97)	3.52
कुल ईक्विटी में वृद्धि/(कमी)	**(76.10)**	**(4.38)**

सहायक कंपनियाँ व संयुक्त उद्यम

वर्ष के दौरान, निदेशक मंडल (मंडल) ने सहायक कंपनियों एवं संयुक्त उद्यमों के कार्य की समीक्षा की। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(3) के अनुरूप समेकित वित्तीय विवरण तैयार किया गया है, जो वार्षिक प्रतिवेदन का हिस्सा है। आगे, प्रत्येक सहायक, सहयोगी कंपनी एवं संयुक्त उद्यम के निष्पादन एवं वित्तीय स्थिति एवं वित्तीय विवरण की विशेषताएँ इस प्रतिवेदन के साथ निर्धारित प्रपत्र ए ओ सी-1 में प्रस्तुत हैं।

सहायक कंपनियाँ:

1. ईस्टर्न इंवेस्टमेंट्स लिमिटेड: (ई आई एल)

कंपनी की आय मुख्यत: (i) सहायक कंपनी ओ एम डी सी सहित विभिन्न कंपनियों के शेयरों में निवेश के लाभांश, (ii) बैंकों में सावधि जमा तथा बंध पत्र जमाओं से संबंधित ब्याज से प्राप्त हुई है। वर्ष के दौरान ओड़ीशा खनिज विकास कंपनी लिमिटेड (ओ एम डी सी) से प्राप्त लाभांश संबंधी आय 2015-16 के 1.33 करोड़ रुपये की तुलना में 0.80 करोड़ रुपये थी। 31.03.2017 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी का कुल राजस्व 1.62 करोड़ रुपये (कर पश्चात लाभ) और 1.60 करोड़ रुपये की कुल व्यापक आय सहित 2.85 करोड़ रुपये है।

2. ओड़ीशा खनिज विकास कंपनी लिमिटेड: (ओ एम डी सी)

वर्ष 2016-17 के दौरान लौह अयस्क व मैंगनीज अयस्क का कोई उत्पादन और प्रेषण नहीं हुआ। मुख्य आय सावधि जमाओं के ब्याज से हुई थी, जो कम ब्याज दर के कारण कम हो गई। परिणामस्वरूप, अन्य आय पूर्व वित्त वर्ष के 70.01 करोड़ रुपये की तुलना में 63.19 करोड़ रुपये के साथ कम रही। कर पश्चात लाभ पूर्व वर्ष के 19.38 करोड़ रुपये की तुलना में 12.36 करोड़ रुपये रहा। कुल व्यापक आय पूर्व वर्ष के 10.63 करोड़ रुपये की तुलना में 5.86 करोड़ रुपये रहा।

3. बिसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड: (बी एस एल सी)

बी एस एल सी का बिक्री कारोबार इस्पात संयंत्रों द्वारा पूर्व वर्ष के दौरान कम खरीद के कारण 31 मार्च 2017 को समाप्त चालू वर्ष के लिए पूर्व वर्ष के 38.49 करोड़ रुपये की तुलना में 36.11 करोड़ रुपये के साथ कम रहा। प्रचालन से वर्ष के लिए 17.73 करोड़ रुपये की हानि हुई एवं 31.03.2017 तक संचित हानि 193.20 करोड़ रुपये रही।

संयुक्त उद्यम

1. आर आई एन एल पावरग्रिड टी एल टी प्राइवेट लिमिटेड:

भारत के दो नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक उद्यम, अर्थात राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आर आई एन एल) और पावरग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) की 50:50 संयुक्त उद्यम कंपनी आर पी टी पी एल, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अधीन 19 अगस्त, 2015 को आंध्र प्रदेश राज्य के अधिकार क्षेत्र में गठित की गई है। आर पी टी पी एल आंध्र प्रदेश के विशाखपट्टणम में स्थित होने का लाभ उठाते हुए ट्रांसमिशन लाइन टावर विनिर्माण इकाई की स्थापना हेतु पहले चरण का परियोजना कार्य शुरु करने वाला है। शुरुआत में 1,20,000 टन फेब्रिकेटेड व गैल्वनाइज्ड ट्रांसमिशन लाइन टावर व टावर पार्ट्स की उत्पादन क्षमता के साथ संयंत्र की स्थापना की जाएगी। मेसर्स मेकॉन को पी एम सी परामर्शदाता एवं साथ ही 'पर्यावरण क्लियरेंस/एन ओ सी/स्थापना व संबद्ध सेवाओं की सहमति' हेतु परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्यस्थल सर्वेक्षण पूरा हो गया और उत्पादन इकाई का स्थापना कार्य चल रहा है।

संयुक्त उद्यम कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूँजी और प्रदत्त पूँजी 31.03.2017 तक क्रमश: 50.0 करोड़ रुपये और 6.8 करोड़ रुपये है।

2. रिनमॉयल:

कंपनी फेर्रो एलॉय्स संयंत्र की स्थापना की प्रक्रिया में है। परियोजना को प्रचालन सक्षम बनाने के लिए कंपनी कम दरसूची पर विद्युत आपूर्ति का मामला आंध्र प्रदेश सरकार के समक्ष उठाते आ रही है। भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय ने कम से कम शुरुआत के पाँच वर्षों के लिए कम विद्युत दर का मामला आंध्र प्रदेश सरकार के समक्ष उठाया है। यद्यपि सकारात्मक उत्तर अभी प्राप्त होना है, परियोजना के प्रचालन सक्षम विकल्पों के अन्वेषण के प्रयास जारी हैं।

सहयोगी कंपनी

आई सी वी एल

आई सी वी एल मारीशस में आई सी वी एल, मारीशस के नाम पर 100% हिस्सेदारी रखता है, जिसकी आस्ट्रेलिया में 100% उप अनुषंगी सहायक कंपनी रिवर्सडेल माइनिंग (प्राइवेट) लिमिटेड (आर एम एल) है, जो मिनास डि बेंगा मारीशस लिमिटेड (मोजांबिक में संयुक्त उद्यम द्वारा प्रचालित कोयला खान) में 65% हिस्सेदारी रखती है। बेंगा में खनन गतिविधि के संचालन हेतु संविदाकारों की संविदा 31 दिसंबर, 2015 को समाप्त होने तथा कंपनी में खनन उपस्कर की अनुपलब्धता के कारण प्रचालन कार्य बंद है।

बेंगा में प्रचालन एवं उसके प्रचालनगत व वित्तीय क्षमता की समीक्षा हेतु नियुक्त परामर्शदाता ने खनन प्रचालन पुन: प्रारंभ करने की संस्तुति दी है और आगे यह भी राय व्यक्त की कि बी ओ ओ आधार पर विद्युत संयंत्र की स्थापना से लाभदायिकता और बढ़ेगी।

16 दिसंबर, 2016 को आयोजित मंडल की बैठक में प्रचालन चालू करने का निर्णय लिया गया और - ए) खनन प्रचालन; बी) कोयले के परिवहन; सी) कोल डंप के अनुश्रवण व पुन: स्थापना; डी) 20 वर्ष तक कोयले लिंकेज संबंधी प्रतिबद्धता के साथ बी ओ ओ के आधार पर विद्युत संयंत्र की स्थापना - हेतु वैश्विक निविदा जारी करने का निर्णय लिया गया। वैश्विक निविदा जारी की गई और परिवहन व अनुश्रवण एवं कोल डंप की पुन: स्थापना हेतु निविदा को अंतिम रूप दिया गया तथा खनन प्रचालन संबंधी निविदा को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

खनन प्रचालन बंद करने के दौरान, कंपनी ने राजस्व की प्राप्ति हेतु तापीय कोयले की बिक्री की है और 341050 टन तापीय कोयले की बिक्री की है तथा यू एस डालर 17.87 मिलियन राजस्व प्राप्त किया है। 140000 टन तापीय कोयले की निविदा को शीघ्र ही अंतिम रूप देने की अपेक्षा है।

खनन प्रचालन अक्टूबर 17/नवंबर 17 तक शुरु होने का अनुमान है और पूर्ण रूप से उत्पादन मई 18/जून 18 तक प्राप्त किया जाएगा।

करोड़ रुपये

वित्तीय विशेषताएँ

सहायक/संयुक्त उद्यम/सहयोगी कंपनियों व आर आई एन एल समूह (समेकित) का वित्तीय निष्पादन	सहायक कंपनियाँ (स्टैंडलोन)*						सहयोगी कंपनी		आर आई एन एल समूह	
	ई आई एल		ओ एम डी सी		वी एस एल सी		आई सी वी एल (समेकित)		समेकित	
	(करोड़ रुपये)		(करोड़ रुपये)		(करोड़ रुपये)		(करोड़ रुपये)		(करोड़ रुपये)	
विवरण	2016-17	2015-16	2016-17	2015-16	2016-17	2015-16	2016-17	2015-16	2016-17	2015-16
प्रचालन से राजस्व	1.68	2.24	63.19	70.01	36.11	38.49	0.00	0.00	12511.07	10266.04
वित्तीय प्रभार, कर, मूल्यह्रास/ऋणमोचन (पी बी आई टी डी ए) पूर्व लाभ	2.37	1.94	17.21	26.22	(16.35)	(15.13)	23.12	(427.33)	(280.37)	(763.06)
घटाएँ: वित्तीय प्रभार	0.01	0.00	0.00	0.00	1.16	1.28	89.91	6.15	767.99	677.54
मूल्यह्रास/ऋणमोचन (पी बी टी डी ए) पूर्व लाभ	2.36	1.94	17.21	26.22	(17.51)	(16.41)	(66.79)	(433.48)	(1048.36)	(1440.60)
घटाएँ: मूल्यह्रास	0.00	0.00	4.85	6.84	0.22	0.23	0.13	0.08	663.93	372.74
कराधान (पी बी टी) पूर्व निवल लाभ	2.36	1.94	12.36	19.38	(17.73)	(16.64)	(66.92)	(433.56)	(1712.29)	(1813.34)
कराधान का प्रावधान	0.74	0.28	5.80	8.44	0.00	0.00	0.40	0.00	(420.80)	(89.38)
कर पश्चात गैर-नियंत्रक ब्याज पूर्व लाभ/(हानि) (पी ए टी)	1.62	1.66	6.56	10.94	(17.73)	(16.64)	(67.33)	(433.56)	(1291.49)	(1723.96)
वर्ष के दौरान गैर-नियंत्रक ब्याज पूर्व कुल व्यापक आय	1.60	1.66	5.86	10.63	(17.74)	(16.17)	(64.06)	(324.76)	(1327.37)	(1740.26)
लाभांश कर सहित लाभांश का भुगतान	0.35	0.00	1.92	3.19	0.00	0.00	0.00	0.00	1.32	1.86
सामान्य आरक्षित राशि में हस्तांतरण	0.08	0.00	0.59	1.06	0.00	0.00	0.00	0.00	0.34	0.54

*आंतरिक कंपनी के विलोपन के बिना सहायक कंपनियों की स्टैंडलोन वित्तीय स्थिति

प्रपत्र ए ओ सी-I

(कंपनी नियम (लेखा), 2014 के नियम 5 के साथ पठित धारा 129 की उप-धारा (3) के प्रथम प्रावधान के अनुसार)

सहायक/सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरण की प्रमुख विशेषताओं का विवरण

भाग "ए": सहायक कंपनियाँ (करोड़ रुपये)

1	क्र.सं.	1	2	3
2	सहायक कंपनी का नाम	ईस्टर्न इंवेस्टमेंट्स लिमिटेड (ई आई एल)	दि विसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड (ई आई एल की सहायक कंपनी)	दि ओड़ीशा खनिज विकास कंपनी लिमिटेड (ई आई एल की सहायक कंपनी)
3	संवद्ध सहायक कंपनी की रिपोर्टिंग अवधि, यदि कंपनी की रिपोर्टिंग अवधि से भिन्न हो तो	धारक कंपनी की रिपोर्टिंग अवधि जैसा ही अर्थात 31 मार्च 2017		
4	विदेशी सहायक कंपनियों के मामले में संवद्ध वित्त वर्ष की अंतिम तिथि पर रिपोर्टिंग मुद्रा व विनिमय दर	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य
5	शेयर पूँजी	1.44	87.29	0.60
6	आरक्षित व अधिशेष	270.16	(193.17)	840.2
7	कुल परिसंपत्तियाँ	273.4	10.84	978.8
8	कुल देयताएँ	1.8	116.72	138.00
9	निवेश	261.19	0.00	2.83
10	कारोबार/कुल आय	1.68	36.11	63.18
11	कराधान पूर्व लाभ	2.36	(17.73)	12.36
12	कराधान का प्रावधान	0.74	0.00	5.8
13	कराधान पश्चात लाभ	1.62	(17.73)	6.56
14	प्रस्तावित लाभांश	0.00	0.00	0
15	शेयरधारिता %	51.00%	50.22%*	50.01

* ई आई एल के माध्यम से शेयरधारिता प्रतिशत 50.01 और सीधे 0.21%

1 सहायक कंपनियों का नाम, जहाँ प्रचालन अभी शुरु होना है — शून्य

2 सहायक कंपनियाँ, जिनका वर्ष के दौरान परिसमापन किया गया अथवा जिन्हें बेच दिया गया — शून्य

भाग 'बी' सहयोगी कंपनियाँ व संयुक्त उद्यम

सहयोगी कंपनियों व संयुक्त उद्यमों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(3) के अनुसार विवरण

क्र.सं.	विवरण	रिनमॉयल फेर्रो एलॉय्स प्राइवेट लिमिटेड	इंटरनेशनल कोल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड	आर आई एन एल पावरग्रिड टी एल टी (प्राइवेट) लिमिटेड
1	अद्यतन लेखापरीक्षित तुलन पत्र तिथि	धारक कंपनी की रिपोर्टिंग अवधि जैसा ही अर्थात 31 मार्च 2017		
2	वर्ष के अंत तक कंपनी द्वारा			
	सहयोगी/संयुक्त उद्यमों में रखे गये शेयर	100000	336357143	3400000
	सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यम में निवेश की राशि (करोड़ रुपये)	0.10	336.35	3.40
	शेयरधारिता %	50.00%	26.47%	50.00%
3	महत्वपूर्ण प्रभाव का विवरण	संयुक्त उद्यम	सहयोगी कंपनी	संयुक्त उद्यम
4	सहयोगी कंपनी/संयुक्त उद्यम को समेकित न किये जाने का कारण	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य
5	अद्यतन लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुरूप शेयरधारिता का स्रोतजन्य निवल मूल्य (करोड़ रुपये)	0.07	540.67	3.40
6	वर्ष के दौरान लाभ/हानि (-)			
	i. समेकन हेतु विचारगत	-0.03	-17.82	शून्य
	ii. समेकन हेतु जिन्हें विचार में नहीं लिया गया	-0.02	-49.50	शून्य

1 सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों का नाम, जहाँ प्रचालन अभी शुरु होना है -

(i) रिनमॉयल फेर्रो एलॉय्स प्राइवेट लिमिटेड

(ii) आर आई एन एल पावरग्रिड टी एल टी (प्राइवेट) लिमिटेड

2 सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों का नाम, जिनका वर्ष के दौरान परिसमापन किया गया अथवा जिन्हें बेच दिया गया - शून्य

कृते निदेशक मंडल व उनकी ओर से

ह/-
(पो मधुसूदन)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

ह/-
(वी वी वेणुगोपाल राव)
निदेशक (वित्त)
एवं
मुख्य वित्त अधिकारी

ह/-
(दीपक आचार्य)
कंपनी सचिव

स्थान : विशाखपट्टणम
दिनांक : 01-09-2017

निदेशक प्रतिवेदन का अनुलग्नक - 9

राव व कुमार
सनदी लेखाकार

स्वतंत्र लेखापरीक्षक प्रतिवेदन

सेवा में,

सदस्यगण

मेसर्स राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड

भारतीय लेखाकरण मानक समेकित वित्तीय ब्यौरे का प्रतिवेदन

हमने मेसर्स राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (अब से "स्वामित्व कंपनी" के रूप में संदर्भित) और इसकी अनुषंगी कंपनियों तथा संयुक्त उद्यमों (स्वामित्व कंपनी एवं इसके अनुषंगी कंपनी तथा संयुक्त उद्यम के सामूहिक रूप से "समूह" कहलाएंगे, जिसमें मेसर्स ईस्टर्न इंवेस्टमेंट लिमिटेड (ई आई एल) अपनी अनुषंगियों (मेसर्स ओड़िशा मिनरल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (ओ एम डी सी), (मेसर्स विसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड (वी एस एल सी) एवं (मेसर्स बोर्रया कोल कंपनी लिमिटेड), और इसकी सहयोगी कंपनियाँ (मेसर्स बुर्राकुर कोल कंपनी लिमिटेड) व (मेसर्स करनपुरा डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड) तथा स्वामित्व कंपनी के संयुक्त उद्यम, (मेसर्स रिनमॉयल फेर्रो एलॉय प्राइवेट लिमिटेड) तथा (मेसर्स आर आई एन एल पॉवरग्रिड टी एल टी प्राइवेट लिमिटेड), और इसकी सहायक कंपनी मेसर्स इंटरनेशनल कोल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड को मिलाकर **31** मार्च **2017** तक के समेकित तुलनपत्र, अन्य व्यापक आय सहित लाभ-हानि का समेकित विवरण, समेकित नकद प्रवाह विवरण और तब समाप्त वर्ष में इक्विटी में बदलाव के विवरण, और विशिष्ट लेखाकरण नीतियों के सारांश तथा व्याख्या योग्य अन्य जानकारियों (जो अब "समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण" के रूप में संदर्भित है) का लेखाकरण किया।

समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण हेतु प्रबंधन का दायित्व

कंपनी अधिनियम **2013** (अब "अधिनियम" के रूप में उल्लिखित) की आवश्यकता के अनुरूप, अन्य समग्र आय सहित, इक्विटी में बदलाव विवरण एवं समूह के अपने सहयोगी कंपनियों तथा संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं के समेकित नकद प्रवाहों तथा कंपनी नियम (लेखा), **2014** की धारा **133**, के साथ पठित नियम **7** के अनुरूप लेखाकरण मानक के विनिर्दिष्ट मानकों सहित एवं सामान्यतया भारत में स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुरूप सत्य और निष्पक्ष समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए कंपनी का निदेशक मंडल उत्तरदायी है। जैसा कि उपर कहा गया है कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप कंपनी की परिसंपत्तियों की संरक्षा; पर्याप्त लेखाकरण अभिलेखों के रखरखाव और धोखाधड़ी से बचने एवं अन्य अनियमितताओं को पकड़ने; उपयुक्त लेखाकरण नीतियों का चयन करने और उपयोग करने; उचित और दूरदर्शितापूर्ण अनुमान लगाने व फैसले लेने; तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, जो वित्तीय विवरण की तैयारी व प्रस्तुति से संबद्ध लेखाकरण दस्तावेजों की परिशुद्धता एवं पूर्णता को सुनिश्चित करते हुए प्रभावी ढंग से प्रचलित हों, और जो सही व निष्पक्ष विवरण देते हों तथा तथ्यपरक विवरण की त्रुटि, चाहे किसी धोखाधड़ी अथवा गलती के कारण हो, उससे मुक्त हों, को बनाए रखने के तौर तरीकों को अपनाने एवं उनके कार्यान्वयन की जिम्मेदारी कंपनी के संबद्ध मंडल के निदेशकों की है, जो समूह में शामिल हैं।

लेखापरीक्षकों का दायित्व

अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण के संबंध में राय व्यक्त करना हमारा दायित्व है। लेखापरीक्षा करते समय, हमने अधिनियम के प्रवधानों, लेखाकरण एवं लेखापरीक्षण मानकों तथा इसके लिए बनाए गए अधिनियम के प्रवधानों और नियमों के अनुरूप जो तथ्य शामिल किए जाने हैं उनका ध्यान रखा है।

हमने अधिनियम की धारा **143** (**10**) में विनिर्देशित लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा आयोजित की है। इन मानकों के लिए यह आवश्यक है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें और लेखापरीक्षा की ऐसी योजना बनाएं एवं उसका निष्पादन इस ढंग से करें, ताकि समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण सभी प्रकार से त्रुटिहीन हो एवं इसके लिए उपयुक्त आश्वासन प्राप्त हो सके।

लेखापरीक्षा में क्रियान्वित प्रक्रियाएं, समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण में राशियों एवं वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरणों के संबंध में लेखापरीक्षा के साक्ष्य प्राप्त करने के लिए होती हैं। वित्तीय विवरणों में प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय के आधार पर चयनित की जाती हैं, जिसमें जोखिमपूर्ण मूल्यांकन सहित समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण में तथ्यपरक त्रुटियाँ, चाहे वे धोखेबाजी अथवा गलती से हों, समाहित होती हैं। उन जोखिमों का आकलन करते समय, वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए कंपनी के पास प्रभावी आंतरिक वित्तीय नियंत्रण संचालन हेतु पर्याप्त नियंत्रण उपायों के प्रति अपना मंतव्य रखने के बजाय हम, कंपनी द्वारा वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण जो लेखापरीक्षा की प्रक्रिया के अभिकल्प की परिस्थितियों के अनुकूल होते हैं उन्हें उपयुक्त मानते हैं। लेखापरीक्षा में उपयोग की जानेवाली लेखाविधि नीतियों के औचित्य का मूल्यांकन और कंपनी के निदेशकों द्वारा प्रस्तुत लेखा अनुमान की विश्वसनीयता के साथ-साथ समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण के पूर्ण प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन भी शामिल हैं।

हमारा विश्वास है कि समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण हेतु हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य और नीचे अन्य मामलों के अनुच्छेद के उप-अनुच्छेद (ए) से संदर्भित प्रतिवेदन हेतु अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य हमारी मान्य राय हेतु पर्याप्त और उपयुक्त आधार प्रदान करते हैं।

मान्य राय का आधार:

(1) मेसर्स ईस्टर्न इंवेस्टमेंट लिमिटेड (मेसर्स राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी) के संदर्भ में

ए. कंपनी अधिनियम 2013 के एस.177 और कंपनी नियम के (मंडल की बैठक व उसकी शक्तियाँ) 2014 के नियम 6 व 7 के अनुसार प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी को एक लेखा समिति का गठन करना होता है, लेकिन अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप कंपनी ने लेखा समिति का गठन नहीं किया है।

बी. कंपनी के पास भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड के 10 रुपए/शेयर की दर वाले 0.33 लाख मूल्य के 200 शेयर हैं। हालाँकि इन शेयरों का प्रत्यक्षीकरण नहीं किया गया है, अत: ऐसे मूल शेयरों के बाजार मूल्य के संबंध में आशंका उत्पन्न होती है। यदि उपरोक्त के प्रभाव को लिया गया होता तो वर्ष के लाभ में 0.33 लाख रुपए कम होते।

सी. पश्चिम बंगाल सरकार ने हावड़ा के लारेंस प्रापर्टी बोर्रया में कुल 76.77 एकड़ जमीन में से लगभग 27.58 एकड़ क्षेत्रफल की जमीन का अधिग्रहण किया है तथा शेष जमीन के अधिग्रहण हेतु नोटिस प्राप्त हुई है। जिला न्यायालय ने कंपनी द्वारा इस आवंटन हेतु क्षतिपूर्ति देने की अपील का समर्थन किया है। शेष भू-भाग के अधिग्रहण हेतु शहरी भूमि (सीलिंग व निबंधन) अधिनियम के अनुसार नोटिस प्राप्त हुई है और कंपनी द्वारा उस पर प्रतिरोध किया गया है। वर्तमान में उस भूमि पर स्थानीय निवासियों का कब्जा है और इसीलिए विवरण नहीं दिया गया है।

(2) बोर्रया कोयला कंपनी लिमिटेड, जो मेसर्स ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है, वह परिसमापन की स्थिति में है और दिनांक 05 अक्टूबर 2015 को कोलकाता उच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप सभी बही खाता और दस्तावेज उसके सरकारी खरीददार के अधिकार में चले गए हैं। परिणामस्वरूप, भारतीय लेखाकरण मानक 28 के अनुरूप उल्लिखित कंपनी और संयुक्त उद्यमों एवं सहयोगियों के खाते तैयार नहीं किए जा सके और समेकित समूह खाते में शामिल नहीं किया जा सके।

मेसर्स दि बुर्राकुर कोल कंपनी लिमिटेड एवं मेसर्स दि करनपुरा डेवलपमेंट लिमिटेड के मेसर्स ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट लिमिटेड की सहयोगी कंपनी होने के नाते अभी परिसमापन के अधीन हैं। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी अनुसार भारतीय लेखाकरण मानक 28 के प्रावधानों के अनुरूप इन संयुक्त ऊद्यमों एवं सहयोगियों में निवेश लेखा समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण में समेकित किया जाना चाहिए था। इसी प्रकार ईस्टर्न इंवेस्टमेंट लिमिटेड की अनुषंगी मेसर्स दि ओड़िशा मिनरल्स डेवलपमेंट कंपनी ने मेसर्स ईस्टर्न इंडिया मिनरल्स लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम बनाया है। भारतीय लेखाकरण मानक 28 के अनुसार इस संयुक्त उद्यम के खाते का समेकन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी संयुक्त उद्यमों एवं सहयोगी कंपनियों में निवेश होना चाहिए था।

चूँकि भारतीय लेखाकरण मानक 28 के अनुसार संयुक्त उद्यमों एवं सहयोगियों के उपरोक्त खातों का समेकन नहीं हुआ है, अत: हम उस पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

(3) ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट लिमिटेड की अनुषंगी मेसर्स ओड़िशा मिनरल्स डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संदर्भ में:

ए. अचल संपत्तियों के स्वत्व विलेख के साथ-साथ पट्टे का स्वामित्व उपलब्ध नहीं कराया गया।

बी. सितंबर 2010 से कंपनी के खनन पट्टे का नवीनीकरण नहीं कराया गया है और उन खदानों में तभी से खनन कार्य ठप्प पड़ा है। इस भूमि पर बने स्थाई ढ़ाँचों जैसे भवन व अन्य सिविल ढ़ाँचों, सड़कें, रेलवे साइडिंग्स आदि के धारक मूल्य और खनन अधिकार के साथ-साथ ऐसे पट्टे की भूमि और संपत्ति का धारक मूल्य का परिशोधन नवीनीकरण नहीं होने तक नहीं होगा। अत: ब्यौरे के अभाव में ऐसी परिसंपत्तियों की वास्तविक राशि का आकलन नहीं हो सका।

सी. खनन कार्य नहीं होने से खाते में दर्शाए गए संयंत्र, मशीनरी एवं उपस्कर तथा दीर्घकाल से स्पंज आयरन संयंत्र बंद होने के कारण उपयोग में नहीं हैं। इस प्रकार तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर परिसंपत्तियों को चालू हालत में लाने के प्रावधान करने की आवश्यकता है।

डी. जिन खदानों का प्रचालन निलंबित है और पट्टे की अवधि का नवीनीकरण नहीं हुआ है, उनमें पर्याप्त मात्रा में वृहद मरम्मत कार्य चल रहा है। इस प्रकार 43.79 लाख रूपए का व्यय बेकार हो गया प्रतीत हो रहा है और इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

ई. कंपनी ने मेसर्स ईस्ट इंडिया मिनरल्स लिमिटेड (ई आई एम एल) के मामले में प्रबंधन हेतु मेसर्स ऊषा (इंडिया) लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम बनाया है। हालाँकि कुछ समय में ही कंपनी ने उपरोक्त कंपनी के वित्तीय नियंत्रण को खो दिया। मामले पर विवाद चल रहा है और कंपनी की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी नहीं है। कंपनी द्वारा संयुक्त उद्यम में किए गए रुपए 281.10 लाख मूल्य के निवेश की होने वाली हानि को नहीं बताया गया है।

एफ. समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण के लेखाकरण नीति की कथित टिप्पणी 2.5.3 के संदर्भ में स्पष्टीकरण मांगा गया (i) अचल वस्तुसूची का प्रावधान नहीं किया गया है। कच्चेमाल व परिसज्जित माल की वस्तुसूची सन 2009-10 से ही लेखा में धारित है। ओड़िशा सरकार के राज्य खनिज विभाग द्वारा गतिरोध खड़ा

करने से कंपनी ऐसी वस्तुसूची का उपयोग अथवा बिक्री नहीं कर पा रही है। (ii) आगे, पिछले खाते से धारित होने के कारण कच्चेमाल के भंडार को लागत माना गया। (iii) परिसज्जित माल का मूल्यांकन भारतीय खान ब्यूरो (आई बी एम) द्वारा दिए गए नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार लगाया गया है। (iv) जैसाकि अगले बारह महीनों के दौरान वस्तुसूची में बदलाव अनिश्चित है, अत: इसे चालू संपत्ति नहीं माना जाना चाहिए।

जी. अग्रिम, प्राप्तियों तथा देयों के संदर्भ में बकाए पुष्टि के अधीन हैं। आवश्यकतानुसार पार्टी से सुलह से यदि कोई समायोजन हो तो उसकी पुष्टि अभी निश्चित नहीं है।

मान्य विचार

ऊपर के अनुच्छेद में जिन मामलों में प्रभाव की व्याख्या की गई है, उन्हें छोड़कर हमारे विचार और प्राप्त श्रेष्ठतम जानकारियों तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार उपरोक्त समेकित भारतीय लेखाकरण मानक विवरण अधिनियम की आवश्यकता के अनुरूप भारतीय लेखाकरण मानक के निम्नलिखित मामलों सहित सूचनाएँ और सामान्यतया भारत में स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के पुष्टि हेतु सत्य व स्पष्ट दृष्टिकोण प्रदान करता है।

i. 31 मार्च, 2017, को समूह की स्थिति (वित्तीय स्थिति);
ii. इसके लाभ/हानि (अन्य वहुग्राही आय सहित वित्तीय निष्पादन);
iii. इसके नकद प्रवाह और;
iv. उस तिथि को समाप्त वर्ष में इक्विटी में बदलाव।

मामलों पर बल

ए. मेसर्स राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड नामक धारक कंपनी के संदर्भ में, हम भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण में हुदहुद तूफान से हुए नुकसान के कारण किए गए व्यय के लेखाकरण के संबंध में की गई टिप्पणी 26 पर ध्यान आकृष्ट करते हैं।

बी. बोब्ली के औद्योगिक क्षेत्र में मेसर्स रिनमॉयल फेर्रो एलॉय प्राइवेट लिमिटेड की प्रस्तावित फैक्टरी के निमार्ण में देरी के संबंध में है, जो गठन अर्थात 29 जुलाई, 2009 से 8 साल बाद, अभी प्रबंधन के नोट में कहा गया है कि प्रस्तावित इकाई का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। अत: हम समझते हैं कि यह एक जारी चिंतनीय मुद्दा हैं और तदनुसार रिपोर्ट कर रहे हैं।

सी. मेसर्स ओड़िशा मिनरल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड नामक कंपनी जो मेसर्स ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है, उसके पट्टे का नवीनीकरण और ओड़िशा सरकार एवं केंद्र सरकार से जरूरी स्वीकृति नहीं होने के कारण अभी भी खनन कार्य ठप्प पड़ा है। ऐसी परिस्थितियों में खनन कार्य करने के संदर्भ में तथ्यपरक अनिश्चितता का संकेत मिलता है, हालाँकि इस संदर्भ में जारी चिंतनीय मुद्दे को आधार मानते हुए मुख्यत: कंपनी के प्रबंधन द्वारा खदान को चालू करने और उसमें खनन कार्य करने की पहल के मद्देनजर समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण तैयार किया गया है।

डी. मेसर्स दि ओड़िशा मिनरल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड नामक कंपनी जो मेसर्स ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट लिमिटेड की अनुषंगी है, के मामले में उसके चालू देयताओं में रुपए 40.86 लाख के संपत्ति कर हेतु प्रावधान के रूप में कुल मिलाकर बकाया संपत्ति कर 509 लाख रुपए, अनिवार्य किराया 365.16 लाख रुपए और बाह्य किराया 102.98 लाख रुपए शामिल है। जरूरी कागजातों के अभाव में देयताएँ अनुमान आधारित हैं।

ई. मेसर्स ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट लिमिटेड की अनुषंगी कंपनियों में से एक मेसर्स दि ओड़िशा मिनरल डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ने अपने संयुक्त उद्यमों के लिए कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधान एस-129 के अनुरूप समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण तैयार नहीं किया।

एफ. अनुषंगी कंपनी ओ एम डी सी के वस्तुसूची के मूल्यांकन के संदर्भ में और अनुषंगी कंपनी बी एस एल सी तथा सहयोगी आई सी वी एल के संपत्तियों के मूल्याह्रास के संदर्भ में, कंपनी द्वारा इन बदलावों हेतु पद्धति का निर्धारण नहीं किया गया है और समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण में शामिल नहीं किया गया है।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है।

अन्य मामले

ए. हमने मेसर्स ईस्टर्न इनवेस्ट लिमिटेड नामक स्वामित्व वाली कंपनी और इसके अनुषंगी मेसर्स दि ओड़िशा मिनरल्स डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, मेसर्स बोर्रया कोल कंपनी लिमिटेड, मेसर्स बिसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनियाँ जैसे कि दि करनपुरा डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, मेसर्स दि बुर्राकुर कोल कंपनी लिमिटेड तथा स्वामित्व वाली कंपनी की सहयोगी कंपनी मेसर्स इंटरनेशनल कोल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड तथा उसकी सहयोगी कंपनी इंटरनेशनल कोल वेंचर्स, मारीशस, आई वी सी एल जांबेजे (मारीशस) लिमिटेड, आई सी वी एल वेंचर्स (मारीशस), प्रोमार्क सर्विसेज लिमिटेड, वेंगा पावर प्लांट (मारीशस) लिमिटेड, आई सी वी एल जांबेजे एल डी ए, (मोजांबिक) और आई सी वी एल की संयुक्त उद्यम मेनास दे वेंगा मारीशस लिमिटेड एवं उसकी अनुषंगी कंपनी मेनास दे वेंगा एल डी ए (मोजांबिक) तथा स्वामित्व वाली कंपनी की अन्य संयुक्त उद्यम कंपनियाँ मेसर्स रिनमॉयल फेर्रो एलॉयस प्राइवेट लिमिटेड व मेसर्स आर आई एन एल पावरग्रिड टी एल टी प्राइवेट लिमिटेड, जिन कंपनियों के वित्तीय विवरण/वित्तीय जानकारियों में 31 मार्च 2017 तक समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण में रुपए 1002.92 करोड़ की कुल परिसंपत्तियाँ, कुल राजस्व रुपए 101.52 करोड़ हैं, उसका लेखापरीक्षा नही किया है। समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण में 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए समूह का निवल हानि रुपए 20.27 करोड़ माना गया है।

ये वित्तीय विवरण/वित्तीय सूचनाओं का लेखाकरण अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा किया गया है, जिनका प्रतिवेदन प्रबंधन के द्वारा हमें प्रदान किया

गया और समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण और अधिनियम की धारा 143 की उप धारा (3) और (11) के तहत हमारे प्रतिवेदन में जो इन अनुषंगियों, संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं एवं सहयोगियों के संदर्भ में जो राशि व प्रकटीकरण किया गया है, जो उपरोक्त अनुषंगियों, संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं एवं सहयोगियों के संदर्भ में है, वह हमारे विचार में मूलत: अन्य लेखापरीक्षकों के लेखाकरण प्रतिवेदन के आधार पर है।

समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण और नीचे अन्य विधिक व नियामकों की आवश्यकताओं के अनुरूप उपरोक्त मामलों के संदर्भ में कोई संशोधन नहीं किया गया है एवं हमारे किए गए कार्य के प्रति विश्वसनीयता तथा अन्य लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदनों एवं प्रबंधन द्वारा प्रमाणित वित्तीय विवरणों/वित्तीय जानकारियों के संबंध हमारी राय भिन्न नहीं है।

अन्य वैधानिक एवं नियामक जरूरतों का प्रतिवेदन

1. अधिनियम की धारा 143 (3) के आलोक में हम प्रस्तुत करते हैं, कि:

ए. हमने अपनी श्रेष्ठतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार लेखापरीक्षा के लिए आवश्यक सभी जानकारियाँ एवं स्पष्टीकरण मांगा और प्राप्त किया है।

बी. हमारी राय में, उपरोक्त अनुच्छेद में व्याख्यायित "मान्य राय के आधार पर" को छोड़कर, विधि द्वारा अपेक्षित खाता बही की जांच करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि ये खाता बही, जिन शाखाओं का हमने दौरा नहीं किया, उनसे प्राप्त खाता बही, उनके उपयुक्त विवरण जो हमारी लेखापरीक्षा के लिए पर्याप्त थे।

सी. समेकित तुलनपत्र, लाभ-हानि का समेकित विवरण तथा समेकित नकद प्रवाह विवरण और इस प्रतिवेदन संबंधी सहमति में शामिल लेखा खाते के इक्विटी में बदलाव के समेकित विवरण तथा जिन शाखाओं का हमने दौरा नहीं किया है उनसे प्राप्त विवरण के साथ खाता बही का विवरण मेल खाता है।

डी. हमारी राय में, उपरोक्त समेकित भारतीय लेखा मानक प्रतिवेदन विवरण, कंपनी (लेखा) अधिनियम 2014 की धारा-133 के नियम 7 के साथ पठित अनुसार विनिर्देशित लेखाकरण मानकों के अनुरूप हैं।

ई. केंद्र सरकार के दि.21.10.2003 की सूचना सं.जी एस एस आर 829 (ई) द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार सरकारी कंपनियों के लिए धारा 164 (2) के प्रावधान लागू नहीं होते।

एफ. कंपनी के वित्तीय रिर्पोटिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और उसके नियंत्रण के संचालन प्रभाव के संदर्भ में इस प्रतिवेदन के "अनुलग्नक ए" का संज्ञान लिया जाय।

जी. कंपनी नियम (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) 2014, नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में अन्य मामलों को शामिल करने के संबंध में हमारी राय और हमारी श्रेष्ठतम जानकारी एवं हमें प्रदान की गई व्याख्याओं के अनुसार:

i. समूह ने अपने वित्तीय स्थिति पर लंबित अभियोगों के प्रभाव का वित्तीय विवरण में प्रकटीकरण किया है - वित्तीय विवरण की टिप्पणी 40 देखें;

ii. समूह ने यौगिक ठेका सहित कोई दीर्घकालिक ठेका नहीं दिया है, जिससे कोई प्रत्यक्ष नुकसान हुआ हो।

iii. भारत में शामिल अनुषंगी कंपनियों द्वारा निवेशक शिक्षा व संरक्षा निधि के लिए स्थानांतरण हेतु जरूरी राशि स्थानांतरित करने में देरी हुई है।

देरी घटनाक्रम	लाख रु.	स्थानांतरण की देयतिथि	स्थानांतरण की वास्तविक तिथि
अदत्त/2008-09 के अदावी लाभांस (ईस्टर्न इंवेस्टमेंट लिमिटेड)	16.47	04-12-2016	19-01-2017
अदत्त/2008-09 के अदावी लाभांश (ओ एम डी सी लिमिटेड)	34.20	04-12-2016	07-02-2017

IV. कंपनी ने 08 नवंबर 2016 से 30 दिसंबर 2016 की अवधि हेतु होल्डिंग्स कंपनियों के साथ-साथ बैंकों के विनिर्दिष्ट टिप्पणियों सहित समेकित भारतीय लेखा मानकों के अनुरूप अपना वित्तीय विवरण का आवश्यक प्रकटीकरण किया है और ये सब स्वामित्व कंपनी व अनुषंगी कंपनियों के संरक्षित दस्तावेजों के अनुरूप हैं, समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी संख्या 43 देखें। हालाँकि इसके स्वामित्व वाली कंपनी राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के संदर्भ में इसके प्रबंधन द्वारा हमारे समक्ष प्रस्तुत और कंपनी द्वारा संरक्षित लेखाकरण दस्तावेज के प्रकटीकरण से हम पर्याप्त और उपयुक्त साक्ष्य नहीं प्राप्त कर सके।

2. अधिनियम की धारा 143 (5) की आवश्यकता के अनुरूप हम समूह के लिए "अनुलग्नक -बी," में भारत के नियंत्रक व महालेखापरीक्षक द्वारा विनिर्दिष्ट अनुसार विवरण प्रस्तुत करते है।

कृते राव व कुमार
सनदी लेखाकार
एफ आर एन 03089एस

ह/-
(सनदी लेखाकार वी वी राम मोहन)
भागीदार
एम नं. 18788

दिनांक: 1 सितंबर 2017
स्थान : विशाखपट्टणम

राव व कुमार
सनदी लेखाकार

स्वतंत्र लेखापरीक्षक प्रतिवेदन

स्वतंत्र लेखापरीक्षक प्रतिवेदन का अनुलग्नक - ए:

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के संबंध में कंपनी के सदस्यों हेतु अनुलग्नक में संदर्भित अनुसार हम प्रतिपादित करते हैं कि:

31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष की अवधि हेतु कंपनी के समेकित भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण के संयोजन के क्रम में हमने मेसर्स राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (अब जिसका उल्लेख "स्वामित्व वाली कंपनी' के रूप में होगा) और उस समय तक भारत में जुड़ी उसकी अनुषंगी कंपनियों, उसकी सहयोगी कंपनियों तथा संयुक्त नियंत्रण वाली कंपनियों का लेखाकरण किया है। मेसर्स इंटरनेशनल कोल वेंचर्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनियों के संदर्भ में उनके भारत के बाहर स्थापित होने के फलस्वरूप आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के पर्याप्तता का मामला प्रयोज्य नहीं है और इस प्रकार यह प्रतिवेदन केवल भारत में जुड़ी कंपनियों से संबंधित है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हेतु प्रबंधन का दायित्व

स्वामित्व वाली कंपनी, उसकी अनुषंगी कंपनियों, उसकी सहयोगी कंपनियों तथा संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों के माध्यम से भारत में स्थापित कंपनियों का संबद्ध निदेशक मंडल, वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखाकरण के आंतरिक नियंत्रण हेतु दिशात्मक निदेश के तत्वों के अनुरूप कंपनी द्वारा स्थापित पद्धतियों के आधार पर आंतरिक नियंत्रण आंतरिक वित्तीय नियंत्रण करने व उसे बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। इस दायित्व में डिजाइन, कार्यान्वयन और आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, जो कंपनी की नीतियों, उसकी परिसंपत्तियों की रक्षा करते हुए उसमें होने वाले धोखाधड़ी व त्रुटियों रोकता व बचाता हो, लेखाकरण रिकार्डों की परिशुद्धता एवं पूर्णता को सुव्यवस्थित एवं कारोबार को चलाने की दक्षता सुनिश्चित करता हो तथा अधिनियम की आवश्यकता के अनुसार समय पर विश्वसनीय वित्तीय सूचनाएँ प्रदान करता हो, शामिल हैं।

लेखापरीक्षकों का दायित्व

अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों के संबंध में कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर राय व्यक्त करना हमारा दायित्व है। लेखापरीक्षा करते समय हमने, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का लेखाकरण (आई सी ए आई) द्वारा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखाकरण हेतु जारी और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग ("दिशात्मक टिप्पणी") और लेखाकरण मानक अधिनियम के प्रावधानों, लेखाकरण एवं लेखापरीक्षा मानकों तथा इसके लिए बनाए गए अधिनियम के प्रावधानों और नियमों के अनुरूप जो तथ्य शामिल किए जाने हैं उनका ध्यान रखा। जो मानक और दिशात्मक टिप्पणियाँ आवश्यक थीं, लेखाकरण करते समय हमने उनका अनुपालन नैतिकता और योजनाबद्ध तरीके से करते हुए वित्तीय रिर्पोटिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता को स्थापित करके सभी तरह से तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त किया।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिर्पोटिंग के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और उसकी प्रभावकारिता में लेखाकरण के साक्ष्य प्राप्त करने की प्रणालियां शामिल हैं।

वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक वित्तीय नियंत्रण संबंधी हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय नियंत्रण हेतु आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में एक समझ बनाना, यथार्थ रूप से मौजूद खामियों के जोखिमों का आकलन करना तथा आकलित जोखिमों के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के अभिकल्प व संचालन दक्षता की जाँच व मूल्यांकन करना है। जालसाजी अथवा त्रुटियों के कारण भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण के यथार्थ विवरण में गलती के जोखिमों सहित प्रक्रियाओं का चयन लेखापरीक्षकों के निर्णय के अनुसार ही हुआ है।

हम विश्वास करते हैं कि कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की लेखापरीक्षा के लिए प्राप्त साक्ष्य लेखापरीक्षा के लिए पर्याप्त और समुचित आधार प्रदान करते है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का तात्पर्य

कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक प्रक्रिया है, जो साधारणतया स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुरूप वित्तीय रिपोर्टिंग की सत्यता के संदर्भ में तर्कसंगत आश्वासन और साधारणतया स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुरूप बाह्य उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरण प्रदान करने के लिए तैयार की जाती है। कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियाँ और प्रक्रियाएं शामिल हैं, जो:

- अभिलेखों का रखरखाव, ताकि कंपनी की परिसंपत्तियों के लेनदेन और उसकी प्रकृति को तर्कसंगत विवरण के साथ सटीक और शुद्धता से दर्शाया जा सके।
- तर्कसंगत आश्वासन प्रदान करना कि लेन-देन आवश्यक रूप से अभिलेखित हो ताकि साधारणतया स्वीकृत सिद्धांत भारतीय लेखाकरण मानक के अनुरूप वित्तीय विवरण बने और कंपनी में आने वाली प्राप्ति एवं होने वाले व्यय केवल कंपनी के प्रबंधन एवं निदेशकों द्वारा प्राधिकृत तरीके से हो; और
- अप्राधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, अथवा कंपनी की परिसंपत्तियों का निपटारे के लिए रोकथाम व समय पर पहचान के लिए तर्कसंगत आश्वासन देता हो, जिससे भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण प्रभावित हो सके।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएँ

वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में अंतर्निहित सीमाओं के कारण सांठ-गांठ अथवा अनुचित प्रबंधन के नियंत्रण करने के साथ-साथ त्रुटियों अथवा धोखाधड़ी के कारण आकड़ों में गलतबयानी व उसकी पहचान न होने की संभावना हो सकती है। इसी प्रकार वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में किसी भावी मूल्यांकन के आकलनों में परिस्थितियों के बदलाव अथवा नीतियों के अनुसार अनुपालन अथवा प्रक्रियाओं के कारण विकृति आने के जोखिम भी हैं।

राय

हमारी राय में, स्वामित्व कंपनी, उसकी अनुषंगी कंपनियों, संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियों तथा सहयोगी कंपनियों के पास सभी प्रकार से वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्त प्रणाली है तथा इस प्रकार भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा लेखाकरण हेतु जारी दिशात्मक निदेश के अनुसार वित्तीय रिर्पोटिंग के लिए कंपनी द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के लिए स्थापित वित्तीय रिर्पोटिंग हेतु आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली **31** मार्च **2017** तक प्रभावी ढंग से काम कर रही थी।

अन्य मामले

भारत में स्थापित एक (**1**) सहायक कंपनी, और दो (**2**) संयुक्त नियंत्रित कंपनियों के मामले में वित्तीय प्रतिवेदन से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का औचित्य व प्रचालन प्रभावकारिता के संबंध में अधिनियम की धारा **143**(**3**)(i) के अधीन हमारे उपरोक्त प्रतिवेदन भारत में स्थापित ऐसी कंपनियों के लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदनों पर आधारित हैं।

कृते राव व कुमार
सनदी लेखाकार
एफ आर एन **03089**एस

हस्ताक्षर/-

(सनदी लेखाकार वी वी राम मोहन)
भागीदार
एम नं. **18788**

दिनांक: **1** सितंबर **2017**
स्थान : विशाखपट्टणम

राव व कुमार
सनदी लेखाकार

स्वतंत्र लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन का अनुलग्नक - बी:

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के संबंध में स्वामित्व कंपनी के सदस्यों हेतु हमारे प्रतिवेदन में उल्लेखित अनुलग्नक के अनुसार हम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के अनुरूप निम्नानुसार प्रतिपादित करते हैं:

विवरण:

1) भूमि के मामले में क्या कंपनी के पास स्वामित्व और पट्टे का क्रमश:अधिकार पत्र/पट्टा विलेख है? यदि नहीं तो कृपया विना पूर्ण स्वामित्व और पट्टा विलेख वाली भूमि का क्षेत्रफल बताएँ।

लेखापरीक्षकों के अभिप्राय:

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड:

भारतीय लेखाकरण मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी सं. 3 को छोड़, कंपनी के पास स्वामित्व और पट्टे विलेख भूमि का अधिकार पत्र/पट्टा विलेख है।

ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट लिमिटेड:

	लेखापरीक्षा टिप्पणियाँ	कार्ययोजना
ए	प्रबंधन के द्वारा प्रदान की गई सूचनाओं के अनुसार कंपनी की भूमि विवादग्रस्त है और अनधिकृत लोगों द्वारा कब्जाई हुई है। कंपनी ने जाँच हेतु हमें भूमि संबंधी अधिकार पत्र नहीं उपलब्ध कराया, भूमि की कीमत रुपए 3.40 लाख (निवल एकमुश्त)को अचल परिसंपत्तियों में शामिल किया गया है।	दिनांक 27-02-2017 को दो सदस्ययी समिति बौरिया, उलुबेरिया के लारेंस प्रापर्टी का दौरा किया। चक्कासी, मौजा-बौरिया, जे एल नं. 4, थाना-बौरिया, जिला हावड़ा में लगभग 49.19 एकड़ जमीन लारेंस इन्वेस्टमेंट एण्ड प्रापर्टी कंपनी लिमिटेड की है। कंपनी अधिनियम 1956 की धारा सी एल बी 396 के अनुसार दि. 4 सितंबर 1984 को सममेलन आदेश से इस भूखंड का मालिकाना हक ई आई एल के पक्ष में दिया है। लेकिन इस संपत्ति का ई आई एल के नाम पर दाखिल खारिज होना अभी शेष है। बौरिया के भूमि अभिलेख प्राधिकारी एवं नगरपालिका प्राधिकारी से मिलकर इस संपत्ति से संबंधित भू-कर व नगरपालिका-कर के भुगतान पर निर्णय लेने और उस पर आगे की कार्रवाई हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दो सदस्यीय एक उप समिति का गठन किया गया है।
बी	प्रबंधन के द्वारा प्रदान की सूचनाओं और व्याख्याओं के अनुसार भूमि जो अचल संपत्तियों के प्रमुख खंड में है वह विवादग्रस्त है। कंपनी ने जाँच हेतु हमें भूमि संबंधी अधिकार पत्र नहीं उपलब्ध कराया, भूमि की कीमत रुपए 29 लाख (निवल एकमुश्त)को अचल परिसंपत्तियों में शामिल किया गया है।	दो सदस्यीय एक समिति दि.29-03-2017 व 30-03-2017 को बिल्डिंग एवं रेलवे साइडिंग के साथ-साथ ब्लॉक एण्ड डेवलपमेंट सोनपोर प्रापर्टी हेतु बी सी सी एल व ई सी एल के कार्यालयों का दौरा किया। उपरोक्त भूमि का अधिकार पत्र ई आई एल के पास मौजूद नहीं हैं। केंडा का सोनपोर प्रापर्टी जिसे अब सोनपोर बाजारी के नाम से जाना जाता है, कोयला धारित (अधिग्रहण एवं विकास)अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत एस 06434 पूर्व के तहत उसे 28-08-85 से ई सी एल में मिला दिया गया है। चोरा मंगलपोर नाम से जाना जानेवाला रेलवे साइडिंग अब मेसर्स ई सी एल के साथ है और सोनपोरबाजारी को सेवा प्रदान करता है। ई आई एल की पुस्तक में जो संपत्ति दर्शाई गयी थी, कहा जा रहा है कि उसे वापस ले लिया गया और कोल नेशनलाइजेशन अधिनियम 1972 व 1973 के तहत मेसर्स बी सी सी एल तथा मेसर्स ई सी एल को आबंटित कर दिया गया। फिर भी मेसर्स बी सी सी एल तथा मेसर्स ई सी एल से अभिलेखिय साक्ष्य प्राप्त करना शेष है। मेसर्स बी सी सी एल तथा मेसर्स ई सी एल और आसनसोल एवं धनबाद के निकट कोयला नियंत्रक कार्यालय से संबीधत अभिलेख प्राप्त करने हेतु दो सदस्ययी एक समिति गठित की गई है।
सी	कंपनी द्वारा प्रदान की गई सूचनाओं और व्याख्याओं के अनुसार, वर्ष के दौरान उसके द्वारा उस भूमि का कोई वास्तविक जाँच सर्वे नहीं किया गया।	---

दि ओड़िशा मिनरल्स डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड

स्वामित्व कंपनी के 207.135 एकड़ भूमि का अधिकार पत्र जिसकी पुस्तक मूल्य रुपए 28,020 और 56.372 एकड़ पट्टे वाली भूमि के पट्टा विलेख का पुस्तक मूल्य रुपए 1,96,77,000 है, उसे हमारी जाँच के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया

दि बिसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड

6 ब्लॉकों जैसे ब्लॉक-1, ब्लॉक-2, ब्लॉक-3, ब्लॉक-4, ब्लॉक-6 और ब्लॉक-11, में फैले कंपनी (बी एस एल सी) को खनन पट्टा के लिए कुल 1099.303 हेक्टेयर भूमि दी गई थी, जो 29.02.2000 को समाप्त हो गई। तत्पश्चात, ओड़िशा सरकार ने पत्र सं. III(एल डी)/एस एम-77/2013/3861 दिनांक 01.05.2015 एवं उसके बाद पत्र सं.III((एल डी)/एस एम-77/2013/7033 दिनांक 29.07.2015 के तहत 793.043 हेक्टेयर में फैले केवल एक ब्लॉक अर्थात ब्लॉक-11 के लिए पट्टा विलेख हेतु निदेश दिया, क्योंकि कंपनी अन्य ब्लॉकों को ऐसे ही छोड़ रखा था। ब्लॉक-11 के कुल 739.043 हेक्टेयर भूमि में से 571.121 हेक्टेयर सतही भूमि पर खनन व अन्य संबंधित गतिविधियों हेतु सुंदरगढ़ के जिलाधिकारी से खनन अधिकार प्राप्त किया गया। सतही भूमि अधिकार क्षेत्र 571.121 हेक्टेयर में से 104.925 हेक्टेयर भूमि का अधिकार पत्र है। बी एस एल सी को अधिकार पत्र की भूमि पर स्वत्व विलेख (सेल डीड) प्राप्त हुआ। तहसीलदार विरमित्रपुर से 95.277 हेक्टेयर भूमि हेतु दाखिल खारिज (रिकार्ड ऑफ राइट) प्राप्त किया गया है और शेष 9.648 हेक्टेयर अधिकार पत्र की भूमि के दाखिल खारिज की प्रक्रिया चल रही है। 571.121 हेक्टेयर सतही भूमि अधिकार क्षेत्र में से क्रमश: 25.523 हेक्टेयर और 4.722 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमित एवं विवादग्रस्त है। विभिन्न न्यायालयों में निष्कासन के मामले लंबित हैं। पट्टा विलेख तैयार करते समय भुवनेश्वर में स्थित ओड़िशा सरकार के खान विभाग के निदेशक कार्यालय के द्वारा अधिकार पत्र हेतु सर्वेक्षण व सीमांकन कार्य किया गया है। बी एस एल सी के खनन योजना को 2013-18 तक के लिए भुवनेश्वर के आई बी एम, ने अनुमोदन दिया है। जगदा में खनन पट्टा समाप्त हो चुकी एक अन्य 1.522 हेक्टेयर क्षेत्रफल की खनन अधिकार पत्र प्राप्त भूमि है, जो बी एस एल सी के अधिकार क्षेत्र में है।

इंटरनेशनल कोल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड

कंपनी के पास स्वामित्व अथवा पट्टा विलेख की कोई भूमि नहीं है, अत: इस संदर्भ में कुछ सूचित करना नहीं है।

रिनमॉयल फेर्रो एलॉयस प्राइवेट लिमिटेड

कंपनी के पास स्वामित्व अथवा पट्टा विलेख की कोई भूमि नहीं है, अत: इस संदर्भ में कुछ सूचित करना नहीं है।

आर आई एन एल पॉवरग्रिड टी एल टी प्राइवेट लमिटेड

अप्रयोज्य क्योंकि तुलन पत्र के समय तक कंपनी के पास कोई भूमि नहीं है।

2) क्या किसी प्रकार के ऋण/उधार/ब्याज आदि की माफी/समाप्ति का कोई मामला है, यदि हाँ तो उसका कारण और राशि।

लेखापरीक्षकों के अभिप्राय:

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड:

वर्ष के दौरान रुपए 36.06 लाख के डूबंत कर्जमाफी का मामला है, जो प्रबंधन के अनुसार जो वसूलने लायक नहीं है। वर्ष के दौरान ऋण/ब्याज माफी का कोई मामला नहीं है। .

ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट लिमिटेड:

वर्ष के दौरान ऋण/उधार/ब्याज आदि की माफी नही हुई।

दि ओड़िशा मिनरल्स डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड

ऋण/उधार/ब्याज आदि की माफी नही हुई।

दीर्घकाल से बकाया संदेहास्पद वसूली हेतु प्रावधान किए गए हैं।

दि बिसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड

वर्ष के दौरान ऋण/उधार/ब्याज आदि की माफी नही हुई।

इंटरनेशनल कोल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड

ऋण/ब्याज आदि की माफी कोई मामला नही हुई। अत: सूचित करने लायक कुछ नहीं है।

रिनमॉयल फेर्रो एलॉयस प्राइवेट लिमिटेड

वित्त वर्ष के दौरान ऋण/उधार/ब्याज आदि की माफी नही हुई।

आर आई एन एल पॉवरग्रिड टी एल टी प्राइवेट लमिटेड

वित्त वर्ष के दौरान ऋण/उधार/ब्याज आदि की माफी नही हुई।

3) क्या अन्य लोगों के पास पड़ी हुई वस्तुसूची और सरकार अथवा अन्य प्राधिकारों से प्राप्त उपहार/अनुदान(नों) हेतु समुचित रिकार्ड रखा जाता है?

लेखापरीक्षकों के अभिप्राय:

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड:

कंपनी में अन्य लोगों के पास पड़ी हुई वस्तुसूची का समुचित रिकार्ड रखा जाता है। हमें दी गई सूचनाओं एवं व्याख्याओं के अनुसार वर्ष के दौरान सरकार अथवा अन्य प्राधिकारों से कोई उपहार/अनुदान नहीं प्राप्त हुआ है।

ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट लिमिटेड:

